जबलपुर

शुक्रवार, 19 सितंबर 2025


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com






Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *As per cumulative dispatch numbers till August 2025. T&C Apply.

CALL TOLL-FREE
1800 266 0018

**अधिकृत डीलर:** जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, बैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, **एसोशिएट डीलर:** पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़ार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुर्ना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: सॉई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392 , जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, अजित ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनौरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 7999328251, गढ़: अंबे मोटर्स, 9752666969, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, बीरसिंहपुर पाली: श्री कृष्ण मोटर्स, 8889131315, रीठी: प्रदीप मोटर्स, 9981303666, बड़वारा: शिवम मोटर्स, 7509839990, **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler)** छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

SAATCHI & SAATCHI

# 30 सितंबर से पहले यूपीएस चुनने का दिया अवसर, अनुरोधों का समय पर हो सकेगा निपटान

सरकार 1 अप्रैल, 2025 से केंद्रीय कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अंतर्गत यूपीएस को एक विकल्प के रूप में पेश किया है। इसके तहत केंद्र सरकार के कर्मचारियों को सुनिश्चित भुगतान देने की बात कही गई है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को सरकारी कर्मचारियों से कहा कि वे 30 सितंबर की समय सीमा से पहले एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) में स्थानांतरित होने का विकल्प चुन लें ताकि उनके अनुरोधों का समय पर निपटान सुनिश्चित किया जा सके। सरकार 1 अप्रैल, 2025 से केंद्रीय कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के अंतर्गत यूपीएस को एक विकल्प के रूप में लेकर आई है। इसके तहत केंद्र सरकार के कर्मचारियों को सुनिश्चित भुगतान देने की बात कही गई है।

वित्त मंत्रालय ने कर्मचारियों से की अपील

कर्मचारियों को सुनिश्चित भुगतान की बात कही

## केंद्र सरकार ने अपने कर्मियों को आगाह भी किया



### किसी भी कठिनाई से बचने विकल्प पर ध्यान दें

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एनपीएस के तहत पात्र कर्मचारियों और पूर्व सेवानिवृत्त लोगों के लिए यूपीएस चुनने की अंतिम तिथि 30 सितंबर, 2025 है। मंत्रालय ने कहा कि सभी पात्र कर्मचारियों से आग्रह है कि वे अंतिम समय में आने वाली किसी भी कठिनाई से बचने और अपने अनुरोधों पर समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए समय सीमा से पहले ही अपना विकल्प चुन लें। जो कर्मचारी एनपीएस में बने रहना चाहते हैं, वे इस तिथि के बाद यूपीएस का विकल्प नहीं चुन सकते।

### एक बारगी वन-वे स्विच सुविधा की शुरुआत भी की

20 जुलाई तक लगभग 31,555 केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों ने यूपीएस का विकल्प चुना था और इस योजना के तहत नामांकन की अंतिम तिथि 30 सितंबर है। इसके अलावा, वित्त मंत्रालय ने 25 अगस्त को नई शुरू की गई यूपीएस से एनपीएस में एक बारगी वन-वे स्विच सुविधा की शुरुआत की।

### कई कर्मचारियों को होगा फायदा

वित्त मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय लिया गया है कि यूपीएस से एनपीएस में एक बारगी, एकतरफा स्विच सुविधा उन सभी केंद्र सरकार के कर्मचारियों को उपलब्ध कराई जाएगी, जिन्होंने यूपीएस का विकल्प चुना है। इससे कई कार्मचारियों को लाभ पहुंचेगा।

### 3 महीने के पहले किया जा सकेगा चुनाव

इसमें कहा गया है कि यूपीएस ऑप्टीज द्वारा इस स्विच सुविधा का उपयोग किसी भी समय किया जा सकता है, जो सेवानिवृत्ति की तारीख से एक वर्ष पहले या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के मामले में सेवानिवृत्ति की अनुमानित तारीख से तीन महीने पहले हो सकता है, जैसा भी लागू हो।

### 'सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी और मृत्यु ग्रेच्युटी' का लाभ

सरकार ने यूपीएस के अंतर्गत 'सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी और मृत्यु ग्रेच्युटी' का लाभ बढ़ा दिया है। इसके अलावा, एनपीएस के तहत यूपीएस का विकल्प चुनने वाले सरकारी कर्मचारी सेवा के दौरान सरकारी कर्मचारी की मृत्यु या अमान्यता या विकलांगता के आधार पर उसकी सेवामुक्ति की स्थिति में सीसीएस (पेंशन) नियम, 2021 या सीसीएस (असाधारण पेंशन) नियम, 2023 के तहत लाभ प्राप्त करने के विकल्प के लिए भी पात्र होंगे। सरकार ने आयकर अधिनियम, 1961 के तहत एनपीएस के समान ही यूपीएस को भी कर लाभ प्रदान किया है।

## खबर संक्षेप

### 1 अक्टूबर से एनपीएस के नियमों में होगा बदलाव


**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पेंशन योजना में 1 अक्टूबर से बड़ा बदलाव होने जा रहा है। इसके तहत अब गैर-



सरकारी सदस्यों को अपनी पूरी रकम को कई इक्विटी योजनाओं में निवेश करने की अनुमति होगी। अब तक यह सीमा 75 फीसदी तक थी। इससे एनपीएस सदस्यों को पेंशन फंड में अधिक मुनाफा कमाने का मौका मिलेगा।

### मुरादाबाद सपा कार्यालय का आवंटन निरस्त


**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका देते हुए जिला प्रशासन ने पार्टी के मुरादाबाद कार्यालय का



आवंटन निरस्त कर दिया है। प्रशासन ने आदेश जारी कर सपा को भवन खाली करने के लिए दो सप्ताह का नोटिस भेजा है। नोटिस के अनुसार समयसीमा पूरी होने के बाद भवन पर नगर निगम का कब्जा होगा।

### आजम को क्वालिटी बार पर कब्जा में जमानत

**इलाहाबाद।** रामपुर यहां के चर्चित क्वालिटी बार पर कब्जे के मामला में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जेल में



बंद सपा नेता व पूर्व मंत्री आजम खां की जमानत मंजूर कर ली है। कोर्ट में जस्टिस समीर जैन की सिंगल बेंच ने फैसला सुनाया। कोर्ट में जमानत अर्जी पर वरिष्ठ अधिवक्ता इमरान उल्ला और मोहम्मद खालिद ने बहस की थी।

### बाइक खंभे से टकराई 4 दोस्तों की मौत

**कटरा।** मजार तिराहे के पास स्थित केंद्रीय विद्यालय के सामने बुधवार देर रात बाइकसवार 4दोस्त खंभे से



टकराकर सड़क पर गिर गए। यहां गुजर रहे अज्ञात वाहन के कुचलने से 3 की मौत हो गई। एक युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। चारों कटरा रामलीला की दशानन रावण शोभायात्रा देखकर घर लौट रहे थे।

## गृहमंत्री शाह के दमदार भाषण से आरजेडी और कांग्रेस में खलबली

# एनडीए की लहर से तेजस्वी की छूट जाएगी हिम्मत, चुनाव लड़ने की नहीं रहेगी ताकत

### बेगूसराय और रोहतास में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते विपक्ष पर किया वार



भाजपा में नेता ऊपर से थोपे नहीं जाते



बिहार में चुनाव में गरमागरमी हो गई शुरू

एजेंसी ▶▶ सासाराम

बिहार विधानसभा चुनाव का माहौल अभी से गरमा गया है। बेगूसराय और रोहतास में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि इस बार बिहार में एनडीए दो-तिहाई से ज्यादा बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। उन्होंने आरजेडी और कांग्रेस को घेरते हुए तेजस्वी यादव को चुनाव से भागने वाला बताया। शाह ने बेगूसराय की सभा में कहा कि बिहार में एनडीए की लहर इतनी तेज है कि विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव चुनाव लड़ने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाएंगे। शाह ने कहा कि इस बार एनडीए इतनी बड़ी जीत दर्ज करेगा कि विपक्ष पूरी तरह हाशिए पर चला जाएगा। शाह ने अपने संबोधन की शुरुआत में कार्यकर्ताओं को मालिक बताते हुए कहा कि भाजपा में नेता ऊपर से थोपे नहीं जाते। हर कोई कार्यकर्ता से ही आगे बढ़ता है। खुद का उदाहरण देते हुए शाह ने कहा कि उन्होंने राजनीति की शुरुआत बूथ अध्यक्ष के रूप में की थी और आज गृह मंत्री के पद पर हैं।

### कांग्रेस ने बिगाड़ी थी पाकिस्तान की आदत

शाह ने कांग्रेस पर भी बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि आज पाकिस्तान जिस तरह भारत से उलझता है, उसकी जड़ें कांग्रेस की नीतियों में हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गलत नीतियों ने पाकिस्तान की आदत बिगाड़ दी थी। मोदी सरकार ने तय कर लिया है कि आतंकवाद और घुसपैठियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करेंगे।

### लालू-राबड़ी सिर्फ परिवार की सोच रहे रेलमंत्री रहते क्या किया?

रोहतास की सभा में शाह ने आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और पूर्व सीएम राबड़ी देवी पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग सिर्फ अपने परिवार और सत्ता की चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि लालू पूछते हैं मोदी जी ने बिहार के लिए क्या किया? जब वो रेल मंत्री थे तो बिहार को क्या मिला? आज नरेंद्र मोदी ने बिहार के लिए बजट का खजाना खोल दिया है।

### विपक्ष को 'घोटालों की पार्टी' बताया

अपने संबोधन में शाह ने आरजेडी पर सीधे वार करते हुए कहा कि ये लोग घोटालों की पार्टी हैं। चारा घोटाला, लैंड फॉर जॉब घोटाला, रेलवे टेंडर घोटाला... यही इनकी पहचान है। ये जेल भी जाते हैं तो हाथी पर बैठकर बाहर निकलते हैं।

### हमारा मिशन दो-तिहाई सीटें जीतना

शाह ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि इस चुनाव को सिर्फ सरकार बनाने का चुनाव न समझें। यह चुनाव प्रचंड बहुमत लाकर बिहार की तस्वीर बदलने का मौका है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है दो-तिहाई से ज्यादा बहुमत से सरकार बनाना। हर कार्यकर्ता आज से ही इस मिशन को अपना लक्ष्य बना ले।

### एनडीए ने विकास किए लालू घोटाले करते रहे

उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार ने जो काम किए, लालू यादव पूरे जीवन में उतना नहीं कर सकते हैं। इन्होंने चारा घोटाला किया, लैंड फॉर जॉब स्कैम किया और जेल में घोटाला किया। एक ओर भ्रष्टाचार वाली सरकार है और दूसरी तरफ मोदी सरकार है, जिस पर एक भी भ्रष्टाचार के दाग नहीं हैं।

### विकास बनाम परिवारवाद शुरू

शाहाबाद बेल्ट पर इस बार भाजपा का फोकस खास है। पिछले विधानसभा में पार्टी को सिर्फ 2 सीटें मिली थीं। यही वजह है कि शाह ने खुद यहां मोर्चा संभाला है। शाह ने साफ कर दिया है उनके तीखे हमले ने इस चुनावी समर का एजेंडा भी तय कर दिया है विकास बनाम परिवारवाद और घुसपैठियों की राजनीति।

### एनडीए मजबूत होगा, बिहार समृद्ध होगा

शाह ने दावा किया कि एनडीए जितना मजबूत होगा, बिहार उतना ही समृद्ध होगा। लालू परिवार पर जुबानी हमला करते हुए उन्होंने कहा कि लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव बिहार का विकास नहीं कर सकते हैं। भाजपा ऐसी पार्टी है जहां कार्यकर्ता ही चुनाव जीतते हैं। रोहतास जिले के डेहरी में 10 जिलों के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया।

## रविशंकर का राहुल पर बड़ा पलटवार

# संविधान के फेर में उनके सभी बम हो जाएंगे 'ढेर'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राहुल गांधी की वोट चोरी के नए आरोपों पर भाजपा ने पलटवार किया। भाजपा ने कहा कि राहुल को कानून के बारे में कुछ नहीं पता है। वे सुप्रीम कोर्ट के निर्देश भी नहीं समझते हैं। आरोपों पर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि क्या राहुल संविधान को समझते हैं? वेसुप्रीम कोर्ट गए। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश जारी किए। क्या उन्होंने कोई दांव लगाया? वे केवल 'संविधान, संविधान' चिल्लाते हैं। मुख्य बात स्पष्ट है। अगर राहुल को वोट नहीं मिलते हैं, तो हम क्या कर सकते हैं? देश उनके कार्यों को कभी नहीं भूलेगा। वे विपक्ष के नेता हैं। उनके कुछ मूल्य होने चाहिए। वेश के मतदाताओं का अपमान कर रहे हैं। जनता उन्हें फिर से करारा जवाब देगी। उनके सभी बम धराशायी हो जाएंगे। वह किसी पर भरोसा नहीं करते। मैं इसकी निंदा करता हूं।

### नकारात्मक शब्दों का ही इस्तेमाल कर रहे

हरियाणा के मंत्री अनिल विज ने कहा कि वह दुनिया के पहले नेता हैं, जो अपने ही देश पर परमाणु बम या हाइड्रोजन बम गिराना चाहते हैं। अगर उनकी नीयत अच्छी होती, तो वे बेहतर शब्दों का इस्तेमाल करते। वह ज्यादातर नकारात्मक शब्दों का ही इस्तेमाल करते हैं।

### बिहार में फिर से दरकिनार होंगे

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि कोई कितना हताश हो सकता है? आप दिखावे के लिए संविधान की किताब नहीं लहरा सकते। आपको ईडी, सीबीआई, चुनाव आयोग, ईवीएम और जनता पर भरोसा नहीं है। आप ऑपरेशन सिंदूर और सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाते हैं। बिहार में जनता आपको फिर से दरकिनार कर देगी।

### गरजने वाले बादल बरसते नहीं



राहुल की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि जिस तरह राहुल ने पूरे देश को भ्रमित करने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई और कहा कि वे 'हाइड्रोजन बम' फोड़ेंगे, लेकिन जब उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, तो उन्होंने कहा कि आज वे हाइड्रोजन बम फोड़ेंगे। इससे पता चलता है कि गरजने वाले बादल बरसते नहीं। एक तरफ वे 'मोहब्बत की दुकान' की बात करते हैं और दूसरी तरफ हाइड्रोजन बम की।

## कांग्रेस का कंगना पर विवादित बयान

# किसी के कुछ भी कहने से मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता

एजेंसी ▶▶ मंडी



तमिलनाडु कांग्रेस नेता केएस अलागिरी ने भाजपा सांसद कंगना रनौत को लेकर विवादित बयान दिया। उन्होंने कहा कि जब वे भी तमिलनाडु आएं तो उनके साथ वैसा ही व्यवहार किया जाए जो हवाई अड्डे पर पुलिस अधिकारी ने किया था। इस पर रनौत ने कहा कि किसी के कुछ भी कहने से मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। अलागिरी ने कहा कि 10-15 किसान मेरे पास आए और बताया कि एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रनौत ने खेती करने वाली महिलाओं के बारे में कहा था कि वे कमजोर जमीन पर काम कर रही हैं, लेकिन वे क्रांतिकारी महिलाएं हैं। वे महिलाएं खेतों में काम कर रही हैं, वे कुछ भी हासिल करने में सक्षम हैं। रनौत ने 'थप्पड़ मारने' वाले बयान पर कहा कि हम कहीं भी जाएंगे, हमें कोई रोक नहीं सकता।

## दिल्ली को दहलाने की बड़ी साजिश

# झारखंड में पुलिस की रेड, आतंकी मॉड्यूल कर विस्फोटक जब्त किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/रांची



दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आईएसआईएस से प्रेरित एक खतरनाक आतंकी मॉड्यूल को ध्वस्त कर दिया है, जो दिल्ली में बड़े हमले की साजिश रच रहा था। संयुक्त कार्रवाई में झारखंड, दिल्ली, मुंबई, मध्य प्रदेश और हैदराबाद में छापेमारी की गई, जिसमें 5 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया। इनमें मुख्य आरोपी अशहर दानिश बोकारो निवासी शामिल है। दानिश के रांची स्थित ठिकाने से पोटेशियम नाइट्रेट, नाइट्रिक एसिड, हाइड्रोक्लोरिक एसिड, धातु और बैल बेयरिंग्स बरामद हुईं। कार्रवाई की शुरुआत खुफिया जानकारी से हुई, जिसमें पाकिस्तानी हैंडलर से संपर्क का खुलासा हुआ। पता चला कि यह गिरोह 'खिलाफत' मॉड्यूल चला रहा था।

## गांधीनगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान

तड़के सुबह चार बजे शुरू हुआ अभियान

# साबरमती नदी के किनारे 700 अवैध निर्माणों पर आखिरकार चले बुलडोजर

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

गुजरात के राजधानी गांधीनगर में गुरुवार तड़के एक बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू हुई, जिसमें प्रशासन ने साबरमती नदी के किनारे सरकारी जमीन पर बने सैकड़ों अवैध ढांचों को गिराना शुरू किया। इस अतिक्रमण हटाओ अभियान में करीब 700 अवैध निर्माणों की पहचान की गई है। इनमें से 150 ढांचों को गुरुवार दोपहर तक तोड़ दिया गया, बाकी पर कार्रवाई जारी है। पेटापुर इलाके में यह अभियान सुबह 4 बजे शुरू हुआ। इसमें गांधीनगर नगर निगम, राज्य के रोड्स एंड बिल्डिंग्स विभाग और स्थानीय पुलिस टीम थी।

### 20 टीमों की निगरानी में चलाया अभियान



पुलिस अधीक्षक रवि तेजा वासमसेट्टी ने कहा कि यह अभियान 20 टीमों की निगरानी में चल रहा है। करीब 1 लाख वर्ग मीटर सरकारी जमीन को अवैध कब्जों से मुक्त कराने का लक्ष्य है। यह जमीन साबरमती नदी के किनारे स्थित है। 2-3 दिन में यह पूरा अभियान खत्म हो जाएगा। यह भी बताया कि जिस जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया जा रहा है, उसकी बाजार कीमत करीब 1,000 करोड़ है।

### इलाके में नियोजित विकास कार्य किए जाएंगे

प्रशासन ने कहा कि यह कार्रवाई लंबे समय से हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए की जा रही है। पूरे इलाके को खाली कर वहां नियोजित विकास कार्य किए जाएंगे।


## विष्णु मूर्ति केस में सुनवाई के दौरान चिंता जाहिर की

सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा

# सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया कहीं ज्यादा हो रही, यह गंभीर चुनौतीपूर्ण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में खजुराहो स्थित भगवान विष्णु की क्षतिग्रस्त मूर्ति के पुनर्स्थापन को लेकर दायर याचिका पर हुई सुनवाई सोशल मीडिया पर बड़ा विवाद बन गई। इस बहस के बीच वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के बयान सोशल मीडिया की ताकत और खतरे दोनों पर गहरी चिंता जताते नजर आए। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी घटना या बयान का प्रभाव सामान्य रिएक्शन से कहीं ज्यादा होता है। उन्होंने इसे न्यायपालिका और लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए गंभीर चुनौती बताया। मेहता ने इस प्रवृत्ति को अदालत की गरिमा और गंभीर मामलों के लिए ख़तरा करार दिया।





### सिब्बल ने सोशल मीडिया को बेकाबू घोड़ा बताया

सिब्बल ने कोर्ट में तल्ख अंदाज में कहा कि हम रोज भुगतते हैं। सोशल मीडिया एक बेकाबू घोड़ा है और इसे काबू में करने का कोई तरीका नहीं है। सिब्बल ने कहा कि अदालत में कही गई हर बात सोशल मीडिया पर तुरंत वायरल हो जाती है। उनकी नजर में यह प्लेटफॉर्म अब किसी के भी बयान को अलग रंग देकर पेश करने का जरिया बन चुका है। उन्होंने कहा कि इससे रोजाना लोग और संस्थाएं प्रभावित हो रही हैं।

## 'आनंद कारज' के लिए सुप्रीम कोर्ट का अल्टीमेटम

# सिख विवाह समारोह के पंजीयन नियम 4 माह में घोषित करें

### अदालत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दिया निर्देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक आदेश जारी करते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे 'आनंद कारज' (सिख विवाह समारोह) की रजिस्ट्रेशन व्यवस्था के नियम चार महीने के भीतर अधिसूचित करें। कोर्ट ने कहा कि जब संविधान नागरिकों को समान अधिकार देता है तो धार्मिक पहचान के सम्मान के साथ-साथ वैवाहिक पंजीकरण की व्यवस्था भी सबके लिए निष्पक्ष और समान होनी चाहिए। जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि जब कानून आनंद कारज को मान्यता देता है लेकिन उसकी रजिस्ट्रेशन मशीनरी उपलब्ध नहीं होती, तो यह वादा अधूरा रह जाता ह। अदालत ने साफ किया कि सेक्युलर देश में राज्य नागरिक की आस्था को न तो विशेषाधिकार बनाए और न ही बोझ।

पंजीकरण की व्यवस्था सबके लिए निष्पक्ष और समान हो

### केंद्र और राज्यों के लिए आदेश

कोर्ट ने केंद्र को समन्वयक की भूमिका निभाने और2 महीने में मॉडल नियम सभी राज्यों को भेजने का निर्देश दिया। 6 महीने में एक समेकित स्थिति रिपोर्ट कोर्ट के सामने पेश करने को कहा गया।

### सेक्शन 6 का दायित्व हर राज्य पर लागू होगा



बेंच ने कहा कि सेक्शन 6 का दायित्व हर राज्य पर लागू होता है और इसे टाला नहीं जा सकता। यह दायित्व इस बात से जुड़ा नहीं है कि लाभार्थी समूह छोटा है या बड़ा। अदालत ने यह भी कहा कि अलग-अलग राज्यों में असमान पंजीकरण से समान परिस्थितियों वाले नागरिकों के साथ असमान व्यवहार होता है।

### गोवा और सिक्किम के लिए विशेष निर्देश

गोवा के लिए सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि सभी सिविल रजिस्ट्रेशन ऑफिस आनंद कारज विवाह को बिना भेदभाव स्वीकार करें। केंद्र को 4 महीने में गोवा में आनंद विवाह अधिनियम लागू करने का निर्देश दिया। सिक्किम को भी निर्देश दिया गया कि पंजीकरण प्रक्रिया में शामिल किया जाए।

### आनंद विवाह अधिनियम 1909 और संशोधन

सिख विवाह की मान्यता देने के लिए 1909 का आनंद विवाह अधिनियम लागू हुआ था। 2012 में संसद ने इसमें संशोधन कर सेक्शन 6 जोड़ा। इसके तहत राज्यों को नियम बनाकर विवाह पंजीकरण की व्यवस्था करने का दायित्व सौंपा गया, हालांकि कई राज्यों ने अब तक ये नियम अधिसूचित नहीं किए हैं। याचिका कर्ता ने इसी मुद्दे पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।




हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी






# 3 गांव तबाह, 12 लोग लापता... 200 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया

एजेंसी ▸▸ चमोली

उत्तराखंड के चमोली स्थित नंदानगर घाट क्षेत्र के तीन गांवों में देर रात बादल फटने और भारी बारिश से फ्लैश फ्लड ने भयंकर तबाही मचा दी। हादसे में लापता होने वाले की संख्या 3 से बढ़कर 12 हो गई है। नंदानगर तहसील के अंतर्गत कुन्तरी लगाफाली, सरपाणी और धुर्मा गांव सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं, जहां कई घर मलबे में दब गए और खेत-खलिहान तबाह हो गए हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर मेडिकल टीम, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें पहुंच गई हैं। नगर पंचायत नंदानगर के वार्ड कुंतरी लगाफाली में भारी बारिश के कारण मलबा आने से कई घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इस भीषण आपदा में 8 लोग लापता बताए जा रहे हैं और 3 लोग घायल हो गए हैं। इसके बाद धुर्मा गांव में भी बादल फटने की जानकारी मिली, जहां कई घर क्षतिग्रस्त हुए हैं और 4 लोग लापता हो गए हैं। जांच में मवेशियों के नुकसान की भी बात सामने आई है। इस प्राकृतिक आपदा में कुल 12 लोगों के लापता होने की सूचना है। स्थानीय प्रशासन और बचाव दल मलबे में दबे लोगों की तलाश में जुटे हैं।

## खबर संक्षेप


### युवती के आरोपों पर डांसिंग कॉप रंजीत लाइन अटैच

**इंदौर।** सोशल मीडिया पर युवती के आरोपों के बाद इंदौर के डांसिंग कॉप रंजीत सिंह को लाइन अटैच कर दिया गया है। एडिशनल कमिश्नर आरके सिंह ने इसके आदेश जारी किए। युवती ने रंजीत और खुद की चैट का स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है। इंस्टाग्राम पर राधिका सिंह नाम की युवती ने ट्रैफिक पुलिसकर्मी रंजीत सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बुधवार को वीडियो पोस्ट कर कहा- ट्रैफिक का सिपाही जो काफी फेमस है। उसने दोस्ती करने के लिए मैसेज किए।



### मालेगांव बम ब्लास्ट केस अब हाईकोर्ट पहुंचा

**भोपाल।** मालेगांव ब्लास्ट से प्रभावित परिवारों की याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल पुरोहित सहित सभी सातों आरोपियों को नोटिस जारी किया है। साल 2008 के मालेगांव बम ब्लास्ट केस में एनआईए की स्पेशल कोर्ट के फैसले को बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।



### इंडिगो ने निकाला ऑफर 1299 रुपए में यात्रा

**नई दिल्ली।** सस्ते में हवाई यात्रा के लिए इंडिगो ने बढ़िया ऑफर निकाला है। कंपनी सिर्फ 1299 रुपए में देश-विदेश घूमने का मौका दे रही है। इंडिगो ने अपने यात्रियों के लिए 'ग्रैंड रनवे फेस्ट ऑफर को लॉन्च किया है। घरेलू उड़ानों के लिए टिकट 1299 रु. की शुरुआत से मिलेंगी। वहीं, विदेशी यात्रा के लिए इंटरनेशनल टिकट के दाम 4599 रुपए से शुरू हो रहे हैं।



### भारत-अमेरिका में ट्रेड डील पर बन रही बात, जल्दी मिलेगी खुश खबर

# मुख्य आर्थिक सलाहकार बोले- भारत से हट जाएगा 25% 'एक्स्ट्रा टैरिफ'

*मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने कहा कि पर्दे के पीछे दोनों सरकारों के बीच शुल्क विवाद को लेकर बातचीत जारी*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने गुरुवार को उम्मीद जताई कि ऊंचे शुल्क को लेकर अमेरिका के साथ पैदा हुए विवाद का समाधान अगले आठ से दस सप्ताह में निकल सकता है। अमेरिका ने रूस से तेल खरीद को लेकर 27 अगस्त से भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगा दिया था। इसके साथ ही भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है। नागेश्वरन ने यहां उद्योग मंडल की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि पर्दे के पीछे दोनों सरकारों के बीच शुल्क विवाद को लेकर बातचीत जारी है। हालांकि, उन्होंने इस बात को लेकर आगाह किया कि शुल्क जारी रहने की स्थिति में अमेरिका को भारतीय वस्तुओं के निर्यात में गिरावट आ सकती है। मुख्य आर्थिक सलाहकार ने भारत को निम्न-मध्य आय वाली आकांक्षी अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा।

- ***विवाद का समाधान** अगले आठ से दस सप्ताह में निकल सकता है*
- *इससे भारत के स्टील और एल्युमिनियम निर्यातकों को राहत मिलेगी*



- **भारतीय उत्पादों पर** अमेरिका में कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है
- **भारत निम्न-मध्य** आय वाली आकांक्षी अर्थव्यवस्था, जीडीपी 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी

### ग्रामीण मांग में मजबूती आर्थिक वृद्धि को आधार देगी

उन्होंने कहा कि विनिर्माण, सेवा और कृषि क्षेत्रों की प्रगति के साथ ग्रामीण मांग में मजबूती और शहरी मांग में सुधार अगले दो वर्षों में आर्थिक वृद्धि को आधार देंगे। नागेश्वरन ने कहा कि हाल में जीएसटी दरों में दी गई राहत से उपभोक्ताओं के हाथ में अतिरिक्त आय बढ़ेगी। एमएसएमई क्षेत्र को ऋण में वृद्धि हुई है और बड़ी उद्योग इकाइयों को कर्ज वितरण में संरचनात्मक बदलाव आ रहा है। उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में चालू खाते का घाटा जीडीपी का 0.2 प्रतिशत रह गया और विदेशी मुद्रा भंडार भी स्वस्थ है।

### दीर्घावधि में रुपया अपने मूल्य को बनाए रखेगा

उन्होंने कहा कि हालांकि, डालर के मुकाबले रुपया कमजोर हो रहा है लेकिन अर्थव्यवस्था की मजबूती को देखते हुए मुझे यकीन है कि दीर्घावधि में रुपया अपने मूल्य को बनाए रखेगा और उसमें मजबूती भी आएगी। नागेश्वरन ने कहा कि सरकार की प्राथमिकताओं में पूंजीगत खर्च, निजी निवेश को प्रोत्साहन और विनियामक ढांचे में सुधार शामिल हैं।

### निजी क्षेत्र से नवाचार व शोध पर अधिक खर्च करने का आह्वान



उन्होंने निजी क्षेत्र से नवाचार और शोध पर अधिक खर्च करने का आह्वान किया। अर्थव्यवस्था पर कृत्रिम मेधा (एआई) के प्रभाव पर उन्होंने कहा कि इसका असर फिलहाल सीमित है लेकिन कोडिंग संबंधी नौकरियों पर दबाव रहेगा। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में लोगों को अपना कौशल बढ़ाना होगा।

### हाई कोर्ट ने दिए विजिलेंस जांच के आदेश

# केरल के सबरीमला मंदिर से पौने 7 करोड़ का सोना चोरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केरल हाई कोर्ट ने सबरीमला अय्यपन मंदिर में स्थित द्वारपालक की मूर्तियों से गायब हुए सोने का पता लगाने के लिए विजिलेंस जांच के आदेश दिए हैं। हाई कोर्ट ने मामले पर स्वतः संज्ञान लिया और करीब 4.54 किलोग्राम सोने का पता न चलने पर चिंता जताई है। बताया जा रहा है कि साल 2019 में जब मूर्तियों की प्लेटिंग दोबारा की गई थी उसी समय से यह सोना गायब है। बताया जा रहा है कि इस सोने की कीमत करीब 7 करोड़ रुपए है। जस्टिस राजा विजयराघवन वी और केवी जयकुमार की बेंच का ध्यान इस तरफ गया कि द्वारपाल की मूर्तियों की शोभा बढ़ाने वाली सोने से मढ़ी तांबे की प्लेटों को जब साल 2019 में नए सिरे से सोने की प्लेटिंग के लिए निकाला गया था ।

### वजन में गिरावट को चिंताजनक बताया

वजन में इतनी ज्यादा गिरावट यानी 4.54 किलोग्राम की कमी को चिंताजनक बताया। इसके बाद कोर्ट ने इसकी एक विस्तृत और व्यापक जांच की मांग की। हाई कोर्ट ने यह सवाल भी सवाल उठाया कि मंदिर का प्रशासन संभालने वाला त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) उस समय इस महत्वपूर्ण वजन में कमी के बारे में जानकारी क्यों नहीं दे पाया। यह मामला मंदिर में लगी द्वारपालकों की मूर्तियों से जुड़ा है, जो हिंदू मंदिर वास्तुकला में एक सामान्य विशेषता हैं। द्वारपाल यानी द्वार का रक्षक होता है।

### कोर्ट के सामने आईं खामियां

हाई कोर्ट की जांच तब शुरू हुई जब उसने द्वारपाल मूर्तियों से गोल्ड प्लेटेड पैनलों को मरम्मत के लिए अचानक और अनधिकृत तौर पर हटाने से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने पहले टीडीबी को चेन्नई से पैनल वापस लाने का निर्देश दिया था। अपने नए आदेश में कोर्ट में न सिर्फ गायब हुए सोने का जिक्र किया बल्कि कई प्रशासनिक खामियों को भी उजागर किया। इसमें बिना किसी सही प्रोटोकॉल के इन मूल्यवान वस्तुओं को एक प्राइवेट स्पॉनसर को सौंपने का लापरवाही भरा तरीका भी शामिल है। अदालत ने टीडीबी के चीफ विजिलेंस और सिक्योरिटी ऑफिस, जो पुलिस सुपरिटेंडेंट स्तर के हैं, को गहन जांच करने, सभी प्रासंगिक अभिलेखों की जांच करने और तीन हफ्ते के अंदर एकि विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का आदेश भी दिया है। टीडीबी को विजिलेंस जांच में पूर्ण सहयोग करने का भी निर्देश दिया गया है।

### अडाणी ग्रुप को सेबी से मिली क्लीन चिट

**नई दिल्ली।** अडाणी ग्रुप को हिंडनबर्ग मामले में सेबी ने क्लीन चिट दे दी है। सेबी ने कहा कि अडाणी ग्रुप पर लगे आरोप साबित नहीं हुए। अडाणी ग्रुप पर हिंडनबर्ग ने इनसाइडर ट्रेडिंग के आरोप लगाए थे, जिनकी सेबी जांच कर रही थी।

### शव के पास बैनर और पोस्टर टांगे

# नक्सलियों ने की युवक की हत्या, शव बरामद

**बालाघाट/लांजी।** 16 सितंबर की देर रात्रि ग्राम पौसेरा निवासी देवेंद्र यादव पिता चवनलाल यादव (23) का पुलिस के मुखबिर होने के शक में मलाजखंड एरिया कमेटी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी के नक्सलियों ने लांजी थाने के चौरिया जंगल क्षेत्र में स्थित दहियान में उसके साथी अवधेश के सामने ही उसकी निर्मम हत्या कर करते हुए पर्चे छोड़े थे। नक्सलियों ने पर्चे में उल्लेख किया था कि देवेंद्र यादव पितकोना पुलिस चौकी को दूध देने के नाम पर हमारी जानकारी पुलिस को देता था इसलिए उसे मौत की सजा दी जा रही है। युवक का साथी अवधेश 17 सितंबर की सुबह अपने घर ग्राम पौसेरा लौटा और परिजनों और ग्रामीणों को डर में आकर देवेंद्र के अपहरण की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। युवक के शव का पता 17 सितंबर को ही चल गया था परंतु सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस ने सर्च अभियान चलाने के बाद 18 सितंबर को युवक का शव बरामद करने में सफलता हासिल की है।



■ देर शाम किया गया पोस्टमार्टम

### महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में संगठित बाघ शिकार के मामले

# सुप्रीम कोर्ट से सीबीआई जांच की मांग, केंद्र सरकार से मांगा जवाब

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) और अन्य से उस जनहित याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में संगठित बाघ शिकार और अवैध वन्यजीव व्यापार रैकेट की सीबीआई जांच की मांग की गई है। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ वकील गौरव कुमार बंसल द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें सक्रिय संगठित शिकार गिरोहों द्वारा बाघों के लिए उत्पन्न गंभीर खतरे पर प्रकाश डाला गया था। बंसल ने कहा कि कम से कम 30 प्रतिशत बाघ निर्दिष्ट बाघ अभयारण्यों के बाहर हैं और उन्होंने बाघों के बड़े पैमाने पर शिकार की खबरों का हवाला दिया। पीठ ने केंद्र एवं अन्य प्राधिकारियों की ओर से अदालत में पेश हुईं अतिरिक्त सालिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से याचिका पर निर्देश लेने को कहा।



कम से कम 30 प्रतिशत बाघ निर्दिष्ट बाघ अभयारण्यों के बाहर




### आज कुछ जिलों में तेज बारिश, कल से 22 तक कुछ राहत

**प्रदेश में मध्य भाग से गुजर रही ट्रफ और आसपास दो सर्कुलेशन आज भी तेज बारिश का अलर्ट**

# देर रात तेज बारिश से इंदौर में बहा बच्चा, दूसरे दिन शव मिला, उज्जैन में शिप्रा के घाट भी डूबे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रदेश में गुरुवार को कई जिलों में तेज बारिश हुई। इससे नदी नाले उफान पर रहे। मौसम केंद्र ने शुक्रवार को भी एक दर्जन से अधिक जिलों में तेज से भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इनमें रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, छिंदवाड़ा, पन्ना, छतरपुर, पांढुर्णा जिलों में कुछ जगह भारी बारिश होगी।इंदौर में बुधवार रात ओमेक्स सिटी के पास नाले में 8 साल का बच्चा बह गया। मायाखेड़ी में रहने वाले राजपाल मालवीय अपने बेटे राजवीर को घर के पास एक ओटले पर छोड़कर थोड़ी दूर वाहन खड़ा करने गए थे।



नाले से बच्चे का शव निकालती टीम



शिप्रा नदी के किनारे घाट जलमग्न

### अभी यह है सिस्टम

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी एक ट्रफ प्रदेश के मध्य से गुजरते हुए पूर्वी विदर्भ, तेलंगाना और तटीय आंध्र प्रदेश होत हुए पश्चिम मध्य और इससे लगे दक्षिण पश्चिमी बंगाल की खाड़ी तक सक्रिय है। एक सकुर्लेशन पूर्वी बिहार के ऊपर सक्रिय है।

### 22 सितंबर से फिर बारिश का दौर

शनिवार से अधिकांश जिलों में तेज बारिश से राहत रहेगी। 22 सितंबर के बाद बारिश का एक दौर और हो सकता है। भोपाल में मध्यम बारिश की उम्मीद है। गुरुवार को पश्चिमी मप्र के अधिकांश जिलों में मौसम बदलने से तापमान में गिरावट दर्ज हुई। सर्वाधिक पारा नौगांव में 4.5 डिग्री गिरकर 28 डिग्री दर्ज हुआ। टीकमगढ़ में 4 डिग्री की कमी आई।

### मोबाइल पर बात कर रहे ड्राइवर ने परिवार को कुचला

**इंदौर।** इंदौर-उज्जैन रोड पर निजी ट्रेवल्स की बस ने बाइक सवार दंपती और दो बच्चों को कुचल दिया। माता-पिता और एक बेटे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे बेटे ने अरविंदो अस्पताल के आईसीयू में दम तोड़ा। महू एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी के मुताबिक, बस शुक्ला ब्रदर्स के नाम पर रजिस्टर्ड है। यह भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के ऑफिस से ऑपरेट होती है। हादसे के बाद ड्राइवर और हेल्पर भाग किले। मौके पर मौजूद लोग आक्रोशित हो गए।

जबलपुर, शुक्रवार 19 सितंबर 2025
haribhoomi.com



## खौफनाक मंजर, घर तबाह




**गोपेश्वर (चमोली)।** उत्तराखंड के चमोली जिले के घाट तहसील के नंदानगर क्षेत्र में बुधवार देर रात कुदरत का कहर टूटा। रात तीन बजे के करीब भारी बारिश और बादल फटने गांव तबाह हो गए। मकान मलबे में दब गए, लोग लापता हैं और आंखों में डर साफ नजर आता है। मलबे में दबे घायलों को नंदानगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। करीब 200 ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। रेस्क्यू टीमें मलबे में जिंदगी तलाश रही हैं।

### उत्तराखंड के चमोली को प्रकृति ने दिए फिर जख्म

# नंदानगर में टूटा कुदरत का कहर, घर बहे मलबे में जिंदगी तलाश रहीं रेस्क्यू टीमें

### दून घाटी में 6 और शव मिले, मृतकों की संख्या 23 हुई

### 17 अब भी लापता, दून का मसूरी से कटा संपर्क

**देहरादून।** दून घाटी में सोमवार को आई आपदा में लापता हुए छह और लोगों के शव मिले हैं। इनमें चार शव देहरादून में और दो शव सहारनपुर के मिर्जापुर यमुना नदी में मिले हैं। इसके साथ ही मृतकों का आंकड़ा 23 पहुंच गया है। 17 से अधिक लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। इनमें फुलेत गांव में सहारनपुर के छह मजदूर भी शामिल हैं। प्रभावित गांवों में एसडीआरएफ बुधवार सुबह से सर्च ऑपरेशन चला रही है। देहरादून से मसूरी जाने वाले दोनों मार्ग भी बंद हैं। हालांकि, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने अधिकारिक रूप से 16 मौत और 17 लोगों के लापता होने की जानकारी मुहैया कराई है।

### एसडीआरएफ की टीम सर्च ऑपरेशन चला रही




### आवागमन बाधित




### राहत-बचाव में जुटा प्रशासन




## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने की नेपाल समकक्ष कार्की से बात



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नेपाल की अंतरिम सरकार की पीएम सुशीला कार्की से फोन पर बातचीत की। उन्होंने हाल ही में हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान जान गंवाने वालों के परिवारों को प्रति संवेदनाएं व्यक्त की और शांति तथा स्थिरता बहाल करने के उनके प्रयासों में भारत के समर्थन को दोहराया। पीएम मोदी ने नेपाल के राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर सुशीला कार्की और नेपाल के लोगों को हार्दिक बधाई दी। यह जानकारी उन्होंने 'एक्स' पर दी।

### अपदस्थ पीएम हसीना को मतदान से रोका



**ढाका।** बांग्लादेश के चुनाव आयोग ने बुधवार को कहा कि उसने अपदस्थ पीएम शेख हसीना के राष्ट्रीय पहचान पत्र को 'लॉक' कर दिया है, जिससे वह अगले वर्ष फरवरी में होने वाले आम चुनाव में वह मतदान से वंचित हो गई हैं। चुनाव आयोग के सचिव अख्तर अहमद ने यहां निर्वाचन भवन में कहा कि जिस किसी का राष्ट्रीय पहचान (एनआईडी) पत्र लॉक हो जाता है, वह विदेश से मतदान नहीं कर सकता।

### पेन्सिल्वेनिया में तीन पुलिसकर्मियों की मौत



**नॉर्थ कोडोरस।** अमेरिका के दक्षिणी पेन्सिलवेनिया में बुधवार को गोलीबारी की एक घटना में तीन पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में हमलावर को मार गिराया। यह समूह एक घरेलू-संबंधित जांच के सिलसिले में घटनास्थल पर था। गवर्नर जोश शापिरो ने कहा कि हम तीन अधिकारियों निधन पर शोक व्यक्त करते हैं।

### जैश कमांडर का एक और कबूलनामा

## आतंकियों के जनाजे में शामिल होने के आदेश मुनीर ने दिए थे



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान की सेना और आतंकवादी संगठनों के बीच सांठगांठ की बड़ी पोल खुली है। जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर इलियास कश्मीरी ने एक वीडियो में दावा किया है कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने खुद आदेश दिया था कि ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों के अंतिम संस्कार में शीर्ष सैन्य अधिकारी शामिल हों। इस खुलासे ने न केवल पाकिस्तान की नीतियों पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि भारत पर लगातार हो रहे हमलों के पीछे की सच्चाई भी उजागर की है। वीडियो में कश्मीरी ने कहा कि पाकिस्तान सेना के जीएचक्यू (जनरल हेडक्वार्टर) से आदेश मिला था कि मारे गए आतंकियों को 'शहीद' का दर्जा देकर सलामी दी जाए।

### 26/11 हमले का जिक्र किया

कश्मीरी ने आगे यह भी स्वीकार किया कि उसका मुखिया मौलाना मसूद अजहर भारत में कई हमलों के लिए जिम्मेदार रहा है। उसने खुलासा किया कि आईसी-814 विमान अपहरण के बाद जब अजहर तिहाड़ जेल से रिहा होकर पाकिस्तान पहुंचा, तो बालाकोट उसकी गतिविधियों का मुख्य ठिकाना बना। वहीं से उसने दिल्ली और मुंबई में आतंकी हमलों की साजिशों को आगे बढ़ाया। कसूरी ने यह भी खुलासा किया कि पाकिस्तान सरकार और सेना खुद लश्कर को फंडिंग कर रहे हैं ताकि उसका मुख्यालय मुरिदके में दोबारा बनाया जा सके। यह वही ठिकाना है जिसे भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में ध्वस्त कर दिया था।

### लश्कर कमांडर ने दी भारत को धमकी

इसी बीच लश्कर-ए-तैयबा के डिप्टी चीफ सैफुल्लाह कसूरी का एक और वीडियो सामने आया है। इसमें वह न केवल 22 अप्रैल को पहलगाम हमले की जिम्मेदारी लेने वाले मास्टरमाइंड के रूप में सामने आया, बल्कि भारत को खुली धमकी भी दी। कसूरी ने कहा कि भारत के बांध, नदियां और जम्मू-कश्मीर की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की जाएगी। जैश और लश्कर कमांडर के वीडियो से साबित हो गया है कि पाकिस्तान न सिर्फ आतंकियों को पनाह देता है बल्कि उन्हें खुला समर्थन भी देता है।

### अफगानिस्तान को आतंकमुक्त करने के लिए यूएन में बोला भारत

भारत के लिए शांति और स्थिरता अहम

## पाक समर्थित लश्कर व जैश संगठनों पर वैश्विक कार्रवाई करना बेहद जरूरी

*भारत के स्थायी प्रतिनिधि हरीश ने सुरक्षा परिषद की अफगानिस्तान पर बैठक में कहा कि अफगानिस्तान और भारत के बीच गहरा सभ्यतागत रिश्ता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकियों के लिए किसी भी तरह की जगह छोड़ना दुनिया और खासकर इस क्षेत्र के लिए खतरनाक है। आतंकवाद का मुकाबला करने में सभी देशों की साझा जिम्मेदारी है*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद पर बड़ा हमला बोला है। भारत ने साफ कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय यह सुनिश्चित करे कि ये संगठन और उनके मददगार अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने के लिए अब और न कर सकें। यह संदेश भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने सुरक्षा परिषद की अफगानिस्तान पर बैठक में दिया।

हरीश ने कहा कि अफगानिस्तान और भारत के बीच गहरा सभ्यतागत रिश्ता है और इसी कारण शांति और स्थिरता भारत के लिए बेहद अहम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकियों के लिए किसी भी तरह की जगह छोड़ना दुनिया और खासकर इस क्षेत्र के लिए खतरनाक है। भारत ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद का मुकाबला करने में सभी देशों की साझा जिम्मेदारी है।

हरीश ने कहा कि यूएनएससी द्वारा घोषित आतंकी संगठन, चाहे वह आईएसआईएस हो, अल-कायदा हो या फिर पाकिस्तान समर्थित लश्कर और जैश, इन पर सख्त कार्रवाई जरूरी है।

### ◆ जमीन का बेजा इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने के लिए न हो

भारत अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सहमति का पक्षधर



### पाक और चीन की मांग

### बीएलए व मजीद ब्रिगेड आतंकी संगठन घोषित

पाकिस्तान और चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसकी आत्मघाती शाखा मजीद ब्रिगेड को आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिए संयुक्त प्रस्ताव पेश किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के सामने यह प्रस्ताव पेश किया गया है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने बुधवार को कहा कि आईएसआईएल-के, अल-कायदा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट, बीएलए और उसकी मजीद ब्रिगेड सहित कई आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान से संचालित हो रहे हैं। पाक ने दावा किया कि उसकी सीमा के पार अफगानिस्तान में 60 से ज्यादा आतंकी शिविर संचालित हो रहे हैं।

### मानवीय सहायता में भारत सबसे आगे

हरीश ने अफगानिस्तान में आए भूकंप का जिक्र करते हुए कहा कि भारत सबसे पहले राहत पहुंचाने वाले देशों में शामिल था। भारत ने 1,000 परिवारों के लिए टेंट और 15 टन खाद्य सामग्री भेजी। इसके अलावा 21 टन राहत सामग्री जिसमें दवाएं, हाइजीन किट, कंबल और जनरेटर शामिल थे, भी भेजे गए। आने वाले दिनों में और मदद भेजी जाएगी।

### अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर भारत का जोर

हरीश ने कहा कि भारत अफगानिस्तान के मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सहमति का पक्षधर है। भारत ने दोहा और अन्य क्षेत्रीय बैठकों में भी सक्रिय भागीदारी की है ताकि शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर दो बार अफगान कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी से बात कर चुके हैं। भारत ने अफगानिस्तान की ओर से 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा का भी स्वागत किया।

### आतंकवाद पर नई रणनीति की मांग

भारत का कहना है कि केवल दंडात्मक कदमों से समस्या हल नहीं होगी। हरीश ने कहा कि अफगानिस्तान के लिए नई और व्यावहारिक नीति की जरूरत है। सिर्फ प्रतिबंध या पुराने तरीकों से आगे नहीं बढ़ा जा सकता। उन्होंने कहा कि जैसा चल रहा है वैसा ही चलता रहे वाली नीति से कोई फायदा नहीं होगा। जरूरत है कि सकारात्मक रवैये को प्रोत्साहित किया जाए और नकारात्मक गतिविधियों को हतोत्साहित किया जाए।

सऊदी-पाक के बीच रक्षा समझौता

## मिलकर हमले का देंगे जवाब परमाणु हथियार भी 'चलेंगे'

एजेंसी ▶▶ रियाद

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने बुधवार को एक रक्षा समझौते पर साइन किए। इस समझौते के तहत एक देश पर हमला दूसरे पर भी हमला माना जाएगा।

दोनों देशों ने एक संयुक्त प्रस्ताव में कहा कि यह समझौता दोनों देशों की सुरक्षा बढ़ाने और विश्व में शांति स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच डिफेंस कॉर्पोरेशन भी विकसित किया जाएगा।



### दोनों देश आपसी सैन्य सहयोग करेंगे

इस समझौते के तहत सैन्य सहयोग किया जाएगा। इसमें जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर, डिप्टी पीएम इशाक डार, रक्षा मंत्री, वित्त मंत्री भी मौजूद थे।

### समझौते का आकलन करेगा भारत

*भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस मामले में कहा कि सरकार को इस बात की जानकारी थी कि दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही इस व्यवस्था को औपचारिक रूप देने वाले इस घटनाक्रम पर विचार किया जा रहा है।*

ब्रिटेन और फ्रांस के बीच डील

## घुसपैठिए होंगे बाहर, 'एक आएगा और एक जाएगा'

एजेंसी ▶▶ लंदन

प्रवासियों के संकट से निपटने के लिए ब्रिटेन और फ्रांस ने 'वन इन, वन आउट' डील की है। यानी एक आदमी जाएगा और बदले में दूसरा आदमी आएगा। ब्रिटेन ने पहली बार एक प्रवासी को फ्रांस को वापस भेज भी दिया है। इसके तहत ब्रिटेन उन लोगों को, जो छोटी नावों से अवैध तरीके से इंग्लिश चैनल पार करके आते हैं, फ्रांस लौटा देगा। लेकिन इसके बदले उतनी ही संख्या में वैध शरणार्थी, जिनके परिवार ब्रिटेन में हैं, उन्हें ब्रिटेन स्वीकार करेगा। जरूरतमंद और असली शरणार्थियों को मौका देने का इरादा है। यह पहली बार है जब ब्रिटेन ने किसी प्रवासी को फ्रांस लौटाया है। ब्रिटेन का कहना है कि 2025 में 30,000 से अधिक लोग छोटी नावों से देश



में घुस चुके हैं और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। इनकी वजह से स्थानीय लोगों का हक मारा जा रहा है। ब्रिटेन का दावा है कि वह केवल अवैध प्रवेश करने वालों पर सख्त है। दूसरी ओर, अगर कोई वैध शरणार्थी है और उसके परिवार ब्रिटेन में रहते हैं तो उसे स्वीकार भी किया जाएगा। ब्रिटेन और फ्रांस के अलावा जर्मनी, इटली और ग्रीस भी लगातार प्रवासियों को बाहर भेज रहे हैं। अमेरिका भी मैक्सिको बॉर्डर से आने वाले प्रवासियों को रोकने के लिए कड़े कदम उठाता है।

### पोप लियो बोले

## एलजीबीटीक्यू प्लस समुदाय का भी चर्च में स्वागत, सोच बदलना जरूरी

एजेंसी ▶▶ रोम

इतिहास में पहली बार अमेरिकी मूल के पोप बने 14वें पोप लियो ने अपने पहले बड़े इंटरव्यू में कई अहम मुद्दों पर खुलकर बात की। उन्होंने साफ किया कि वे अमेरिकी राजनीति में सीधे तौर पर शामिल नहीं होंगे, लेकिन चर्च से जुड़े अहम मुद्दों पर अपनी आवाज जरूर उठाएंगे। पोप लियो ने स्पष्ट किया कि चर्च में हर किसी का स्वागत है, एलजीबीटीक्यू प्लस का भी। हालांकि उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि चर्च की यौन संबंधों और विवाह को लेकर मूल शिक्षाओं में फिलहाल कोई बदलाव नहीं होने जा रहा।

### महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएंगे

चर्च की परंपरा के मुताबिक विवाह सिर्फ पुरुष और महिला के बीच ही मान्य है। पोप लियो ने कहा कि सभी भगवान की संतान है। लोगों के रवैये और सोच में बदलाव जरूरी है, तभी किसी बड़े बदलाव पर विचार हो सकता है। पोप लियो ने चर्च में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का वादा किया। उन्होंने कहा कि वे महिलाओं को नेतृत्व पदों पर नियुक्त करते रहेंगे।



भारत-अमेरिका के मध्य अंतरिक्ष साझेदारी

## नए चरण में चंद्रमा और मंगल मिशनों पर नजर

एजेंसी ▶▶ ह्यूस्टन

भारत और अमेरिका ने वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में अंतरिक्ष साझेदारी के नए चरण की शुरुआत का संकेत दिया, जहां अधिकारियों और अंतरिक्ष यात्रियों ने इस पर जोर दिया कि कैसे दशकों का सहयोग अब चंद्रमा और मंगल मिशनों का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

'भारत-अमेरिका अंतरिक्ष साझेदारी : भविष्य की भागीदारी की सीमाएं' शीर्षक से यह कार्यक्रम सोमवार को इंडिया हाउस में आयोजित हुआ। इसमें हाल की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया, जिनमें नासा-इसरो के संयुक्त निसार उपग्रह और एक्सिओम मिशन-4 शामिल हैं।



पेंटागन में भारत-रक्षा सहयोग पर एल्ब्रिज कोल्बी से चर्चा करते क्वात्रा

### भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम कम लागत का

अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने इस साझेदारी को "वैज्ञानिक अन्वेषण, प्रौद्योगिकी विकास और वाणिज्यिक सहयोग को आगे बढ़ाने वाला एक गतिशील मंच" बताया। उन्होंने कहा कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम कम लागत में नवोन्मेष में एक वैश्विक अग्रणी के रूप में उभरा है और अमेरिका के साथ संयुक्त प्रयास आने वाले दशकों में मानव अंतरिक्ष उड़ानों की सीमाओं को और आगे ले जा सकते हैं।

### उत्तरी अफ्रीकी देश लीबिया के तट पर डूबी नाव

## ग्रीस जा रहे 50 प्रवासियों की मौत, एक लापता

एजेंसी ▶▶ काहिरा

लीबिया के तट के पास रविवार को एक नाव हादसे में 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। यह नाव सूडान के शरणार्थियों को लेकर ग्रीस जा रही थी। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने गुरुवार को जानकारी दी कि नाव में अचानक आग लग गई और वह डूब गई। यह हादसा लीबिया के पूर्वी तट पर तोब्रुक शहर से लगभग 60 किलोमीटर दूर समुद्र में हुआ। आईओएम के मुताबिक, इस नाव में कुल 75 शरणार्थी सवार थे। अब तक 24 लोगों को बचा लिया गया है, जबकि एक लापता है।



### शव बरामद करने के प्रयास जारी

*लीबिया रेड क्रेसेंट ने सोमवार को बताया कि उसे तोब्रुक के अधिकारियों से आपातकालीन कॉल मिली थी। इसके बाद बचावकर्मी कम्बोट बीच (तट से 60 किलोमीटर पश्चिम) और काबेस क्षेत्र (तट से 90 किलोमीटर पूर्व) से शव बरामद कर रहे हैं। हालांकि यह साफ नहीं है कि मिले शव उसी डूबी हुई नाव के यात्रियों के हैं या नहीं।*

### प्रवासियों के लिए खतरनाक रास्ता

*लीबिया लंबे समय से युद्ध और गरीबी से भाग रहे अफ्रीका और मध्य पूर्व के लोगों के लिए यूरोप जाने का प्रमुख रास्ता रहा है। यहां से प्रवासी समुद्र के रास्ते इटली या ग्रीस पहुंचने की कोशिश करते हैं। लेकिन यह यात्रा बेहद खतरनाक होती है। नावें अक्सर ओवरलोड होती हैं और खराब मौसम या तकनीकी खराबी के कारण डूब जाती हैं।*

### पहले भी हुए बड़े हादसे

इस महीने की शुरुआत में लीबिया के तट के पास एक नाव पलट गई थी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हुई और 22 लोग लापता हो गए थे। उस समय नाव में 32 प्रवासी सवार थे, जिनमें से नौ लोगों को बचा लिया गया था। दिसंबर 2024 में भी पश्चिमी लीबिया के तट पर एक बड़ा हादसा हुआ था, जिसमें 61 प्रवासी, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे, डूब गए थे। आईओएम के मिसिंग माइग्रेंट्स प्रोजेक्ट के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले आठ महीनों में लीबिया के तट पर कम से कम 434 प्रवासियों की मौत हुई है, जबकि 611 लोग अब भी लापता हैं।

जबलपुर

शुक्रवार, 19 सितंबर 2025

आश्विन मास कृष्ण पक्ष-13

वर्ष : 20, अंक : 143

पृष्ठ : 2+2+4+6=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम

अधि. 30

न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के स्वदेशी अपनाने के आह्वान का करें अनुसरण

# स्वदेशी को अपना कर प्रदेश को 'समृद्ध' देश को आत्मनिर्भर बनाकर बनें देशभक्त

## लोगों के रोजगार और जीवनयापन का माध्यम है स्वदेशी सामग्री

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'स्वदेशी अपनाओ-मध्यप्रदेश समृद्ध बनाओ, स्वदेशी अपनाओ-देश को आत्मनिर्भर बनाओ' के संदेश के माध्यम से प्रदेशवासियों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि हमें गांव-गावं, शहर-शहर स्वदेशी का अभियान चलाना है। प्रदेशवासी



स्थानीय स्तर पर बने उत्पादों पर गर्व करें और गर्व से कहें कि हम स्वदेशी हैं। प्रदेश के छोटे दुकानदार, व्यापारी स्वदेशी वस्तुओं के क्रय-विक्रय को प्रोत्साहन दें।

डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास से गुरुवार को जारी अपने संदेश के माध्यम से प्रदेशवासियों से यह विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि छोटे स्तर पर वस्तुओं के निर्माता अपने ढंग से अपनी क्षमता, योग्यता और कौशल के आधार पर स्वदेशी वस्तुओं के उत्पादन में अपनी मेहनत लगाते हैं। इससे हमारी हजारों सालों से चली आ रही आत्मनिर्भरता की परम्परा भी जीवित रहती है।

### स्वदेशी वस्तुओं की सुंगध और प्रभाव ही अलग

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं की सुंगध और प्रभाव ही अलग है, यह सामग्री कई लोगों को रोजगार का अवसर देकर गरीब परिवारों के जीवनयापन का माध्यम बनती है और देश की आर्थिक समृद्धि का मार्ग भी स्वदेशी से ही प्रशस्त होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अपनाने के आहवान का सभी प्रदेशवासी अनुसरण करें। त्यौहारों के समय होने वाली खरीदारी में भी स्वदेशी वस्तुओं को अपनाया जाए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी ने स्वदेशी के माध्यम से ही पूरे देश को एक सूत्र में पिरोया था। आज भी भारत को विश्व में सबसे शक्तिशाली देश के रूप में स्थापित करने की सामर्थ्य स्वदेशी में ही है।*

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर फिर किया प्रहार

# राहुल..तो आलंद उम्मीदवार हार जाता, सीईसी ने कहा- किसी भी वोट को हटाया नहीं जा सकता

**चुनाव आयोग ने कहा** कि 2023 में आलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के 'कुछ असफल प्रयास' किए गए थे और मामले की जांच के लिए आयोग के अधिकारियों ने खुद एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार सुबह चुनाव आयोग पर फिर गंभीर आरोप लगाए। इसके बाद राहुल के आरोपों को चुनाव आयोग ने निराधार बताते हुए अपनी बात के समर्थन में कुछ तर्क रखे। अब राहुल गांधी ने चुनाव आयोग के वार पर पलटवार किया है। राहुल गांधी ने कहा कि हमारे आलंद उम्मीदवार द्वारा धोखाधड़ी का खुलासा करने के बाद स्थानीय चुनाव आयोग के अधिकारी ने एफआईआर दर्ज की, लेकिन सीआइडी जांच को सीईसी द्वारा रोक दिया गया।

राहुल गांधी ने कहा कि कर्नाटक सीआईडी ने 18 महीनों में 18 पत्र लिखकर सभी सबूत मांगे हैं लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा रोक दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि कर्नाटक चुनाव आयोग ने जांच का अनुपालन करने के लिए चुनाव आयोग को कई अनुरोध भेजे हैं लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा रोक दिया गया। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि इसके अलावा मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा डेस्टीनेशन आईपी, डिवाइस पोर्ट और ओटीपी ट्रेल्स का विवरण रोक दिया गया। राहुल गांधी ने आगे कहा कि अगर यह वोट चोरी पकड़ी नहीं जाती और 6,018 वोट हटा दिए जाते तो हमारा उम्मीदवार चुनाव हार सकता था। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार बहाने बनाना बंद करें। कर्नाटक सीआईडी को सबूत तुरंत सौंपें। चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोप गलत और निराधार हैं। किसी भी वोट को ऑनलाइन किसी भी व्यक्ति द्वारा हटाया नहीं जा सकता, जैसा कि गांधी ने गलत धारणा बनाई है। उसने यह भी कहा कि 2023 में आलंद विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं के नाम हटाने के 'कुछ असफल प्रयास' किए गए थे और मामले की जांच के लिए आयोग के अधिकारियों ने खुद एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी।



◀ **राहुल**-अगर यह वोट चोरी पकड़ी नहीं जाती और 6,018 वोट हटा दिए जाते

◀ **सीईसी**-किसी भी वोट को ऑनलाइन किसी भी व्यक्ति द्वारा हटाया नहीं जा सकता

राहुल ने सीईसी से कहा कि बहाने बनाना बंद करें और कर्नाटक सीआईडी को तुरंत सबूत सौंपें




### सीआईडी ने 18 पत्र भेजकर कुछ जानकारियां मांगी थी

राहुल ने मंच पर कुछ ऐसे लोगों को पेश किया, जिनके नाम का इस्तेमाल करके मतदाता सूची से नाम हटाने के आवेदन किए गए। ऐसी एक महिला नाम गोदाभाई है, जिनका वीडियो राहुल गांधी ने जारी किया। उनका दावा है कि उनके नाम पर 12 लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए। राहुल गांधी ने सवाल किया कि जिन नंबर से 12 लोगों के नाम हटाए गए गए, वह किनके नंबर हैं? ये मोबाइल नंबर किसने और कहां से ऑपरेट किए? इन नंबरों का आईपी एड्रेस क्या था?

### कांग्रेस ने कैसे वोट चोरी का पता लगाया?

#### कर्नाटक के बाहर के मोबाइल नंबर थे

*राहुल गांधी ने आलंद विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमने यह 'वोट चोरी' एक बीएलओ के जरिए पकड़ी, जिसके रिश्तेदार का वोट काट दिया गया था। जब बीएलओ ने पता किया तो सामने आया कि उनके रिश्तेदार का वोट उसी के पड़ोसी ने हटवाया है। बीएलओ ने जब पड़ोसी से पूछा तो पता चला कि उसने नाम नहीं हटवाया। उनका कहना था कि जब शक बढ़ा तो बीएलओ ने पूरी जानकारी एकत्र की और पता चला कि किसी तीसरे ने आलंद में सुनियोजित तरीके से वोट हटाए गए हैं।*

## राहुल को बिहार के युवाओं की नहीं, घुसपैठियों की चिंताः शाह

गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को बेगूसराय में कहा कि राहुल बाबा यहां आए थे और एक यात्रा निकाली थी। वह घुसपैठियों को बचाने के लिए निकाली थी। क्या इन घुसपैठियों को बिहार की वोटर लिस्ट में होना चाहिए? शाह ने सवालिया लहजे में यह भी कहा कि क्या इन घुसपैठियों को हमारे गरीबों के हिस्से का राशन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्या इन घुसपैठियों को रोजगार मिलना चाहिए क्या उन्हें पांच लाख रुपये का मुफ्त इलाज मिलना चाहिए? राहुल गांधी को बिहार के गरीबों और युवाओं की कोई परवाह नहीं है, उन्हें बांग्लादेशी घुसपैठियों की चिंता है।



### हाइड्रोजन बम फोड़ने वाले थे फुलझड़ी से काम चलाना पड़ा : अनुराग ठाकुर

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी लगातार चुनावी हार और जनता द्वारा खारिज किए जाने से हताश और निराश हैं। ठाकुर ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने 'आरोपों की राजनीति' को अपना आभूषण बना लिया है, लेकिन जब इन्हीं आरोपों को साबित करने की बात आती है तो पीठ दिखाकर भाग जाते हैं।

## निकम्मे बाप ने जबरन पैसे छीनने की कोशिश की

# नशेड़ी पिता ने अपनी ही बेटी की आंख में मिर्ची डालकर, चाकू से गोद डाला, मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर

जिले के जनकगंज थाना क्षेत्र में एक शख्स ने अपनी 24 साल की बेटी की बाप ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। इससे पहले उसने बेटी की आंखों में मिर्ची झोंकी, ताकि वह वारदात को अंजाम दे सके।

घटना गुरुवार को बेलदार का पुरा इलाके की है। सूचना मिलते ही जनकगंज पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पिता बादाम सिंह कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि पिता अक्सर शराब के नशे में बेटी की पिटाई करता था। शुरुआती जांच में पारिवारिक विवाद को ही हत्या की वजह बताया जा रहा है। बादाम सिंह की बेटी रानी कुशवाहा सिलाई-कढ़ाई का काम करती थी। मृतका की मां भगवती बाई ने बताया कि पति बादाम सिंह एक पैर से दिव्यांग है। पहले वह ऑटो रिक्शा चलाता था। लॉकडाउन के समय एक्सीडेंट हुआ था, इसके बाद से वह घर पर ही रहता था। घर में किराने की दुकान है, जिसे छोटी बेटी चलाती है। इस दुकान में बादाम सिंह जबरन बैठ जाता था और गल्ले से रुपए निकालकर उन पैसों से शराब पी जाता था। विरोध करने पर वह घर में गाली गलौज करता था। जब बेटी रानी इसका विरोध करती थी तो वह उससे मारपीट करता था।

गुरुवार को भी आरोपी पिता बादाम सिंह गल्ले से पैसे निकल रहा था, जिसका रानी ने विरोध किया तो गुस्से में उसने रानी की चाकू से गोदकर उसकी हत्या कर दी। जनकगंज थाना प्रभारी अतुल सिंह सोलंकी ने बताया कि आरोपी पिता को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतका की मां से बातचीत की। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि पिता नशे आदी था।

## खजुराहो के जावरी मंदिर मामले में बयान पर विरोध

# सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई ने कहा सभी धर्मों का 'सम्मान' करता हूं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

खजुराहो के जवारी मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्ति स्थापित करने वाली याचिका खारिज करने और सुनवाई के दौरान दिए गए बयानों के विरोध पर सीजेआई बीआर गवई ने जवाब दिया है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने याचिका खारिज करते हुए कहा था कि याचिका में प्रचार हित से ज्यादा कुछ नहीं है। सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि किसी ने मुझे बताया कि मैंने जो टिप्पणियां की थीं, उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। मैं सभी धर्मों का सम्मान करता हूं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा था कि यह विशुद्ध रूप से प्रचार हित याचिका है...जाइए और स्वयं देवता से कुछ करने के लिए कहिए। यदि आप कह रहे हैं कि आप भगवान विष्णु के प्रबल भक्त हैं तो आप प्रार्थना करें और कुछ ध्यान करें। इस बीच अगर आपको शैव धर्म से कोई आपत्ति नहीं है तो आप वहां जाकर पूजा कर सकते हैं... वहां एक बहुत बड़ा



सीजेआई ने कहा था-जाइए और स्वयं देवता से कुछ करने के लिए कहिए

शिवलिंग है, जो खजुराहो के सबसे बड़े शिवलिंगों में से एक है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मैं पिछले 10 वर्षों से सीजेआई को जानता हूं। यह भी गंभीर है, हम न्यूटन के नियम को जानते थे कि प्रत्येक क्रिया की समान प्रतिक्रिया होती है। अब प्रत्येक क्रिया पर सोशल मीडिया पर असमानुपातिक प्रतिक्रिया होती है। प्रधान न्यायाधीश ने सभी धार्मिक स्थलों का दौरा किया है। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि हम हर रोज कष्ट झेलते हैं। यह एक बेलगाम घोड़ा है। इसे काबू में करने का कोई तरीका नहीं है। मुख्य न्यायाधीश ने नेपाल में हाल ही में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों का भी उल्लेख किया।

### भगवान विष्णु की क्षतिग्रस्त मूर्ति को बदलने और उसकी प्राण प्रतिष्ठा करने की मांग की थी

राकेश दलाल ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में छतरपुर जिले के जावरी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट ऊंची क्षतिग्रस्त मूर्ति को बदलने और उसकी प्राण प्रतिष्ठा करने की मांग की थी। सीजेआई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने 16 मई को मध्य प्रदेश में यूनेस्को विश्व धरोहर खजुराहो मंदिर परिसर के हिस्से जावरी मंदिर में भगवान विष्णु की सात फुट की मूर्ति के पुनर्निर्माण और पुनः स्थापित करने के निर्देश देने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया था।




# प्लास्टो ने लांच की अलग तरह की अनब्रेकेबल बकेट और मग

हरिभूमि न्यूज, नागपुर।

आरसी प्लास्टो टैंक एंड पाइप्स प्रा. लि ने अपनी नवीनतम प्लास्टो बाल्टी और मग को लांच किया है। यह नए उत्पाद ग्राहकों की रोजमर्रा की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक तकनीक और बेहतरीन क्वालिटी स्टैंडर्ड्स के साथ तैयार कीए गए है।कंपनी ने बताया कि यह प्लास्टो बाल्टी और मग 100फीसदी वर्जिन फूड ग्रेड प्लास्टिक से बने है, जो पूरी तरह सुरक्षित और स्वास्थ्य के अनुकूल है। यूवी प्रोटेक्शन तकनीक से लैस, जिससे धूप और मौसम का कोई असर नहीं होता है अनब्रेकबल डिज़ाइन और एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर है। इस पर कंपनी की ओर से 5 वर्ष की गारंटी दी जा रही है। बाल्टी में उपलब्ध साइज 5 लीटर से 25 लीटर तक है। मग में उपलब्ध साइज 1 से 1.5 लीटर तक है। प्लास्टो ने नए बाल्टी और




मग लांच करके घरेलू उपयोग की वस्तुओं की श्रृंखला में कदम रखा है। उच्च गुणवत्ता, आकर्षक डिजाइन और टिकाऊपन से बने ये उत्पाद हर घर की ज़रूरत को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। प्लास्टो का यह नया प्रयास ग्राहकों को भरोसेमंद और उपयोगी घरेलू सामान उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह प्रोडक्टस अब आपके नजदीकी डीलर्स और आरसी प्लास्टो के ऑथराइज़्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास उपलब्ध है। उच्च गुणवत्ता वाले पानी के टैंक, पाइप और संबंधित उत्पादों के निर्माण में 4 दशकों के अनुभव के साथ, प्लास्टो भारत में एक भरोसेमंद घरेलू नाम बन गया है। नवाचार, गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि के लिए जाना जाने वाला यह ब्रांड जल भंडारण और पाइपिंग उद्योग में लगातार नए मानक स्थापित कर रहा है। आरसी प्लास्टो में प्रत्येक उत्पाद ग्राहकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। प्रत्येक उत्पाद को विभिन्न परीक्षण और प्रसंस्करण के माध्यम से जाना पडता है ताकि ग्राहक सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त कर सकें। जल्द ही यह उत्पाद देश भर के सभी अधिकृत डीलरों के पास उपलब्ध होगा।

# सक्रिय जीवनशैली अपनाकर हृदय रोगों से बचे : डॉ. पुनीत



**जबलपुर।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल में हृदय रोग की रोकथाम, समय पर जांच और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के महत्व पर विशेष जोर दिया गया है, ताकि हृदय रोग को कम किया जा सके। हृदय रोग की रोकथाम और समय पर जांच करने के महत्व पर बात करते हुए, डॉ. पुनीत जान्डियाल, कंसल्टेंट, सीटीव्हीएस, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने कहा, "सरल उपाय जैसे ब्लडप्रेशर और कोलेस्ट्रॉल की जांच करना, सक्रिय जीवनशैली अपनाना, संतुलित आहार लेना, तंबाकू से दूर रहना और तनाव को नियंत्रित करना हृदय रोग के जोखिम को काफी कम कर सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि, छाती में दर्द या श्वांस लेने में तकलीफ जैसे चेतावनी संकेतों को कभी नजरअंदाज न करें।



# कचनार पोलिमर्स का 8वां वार्षिक उत्सव संपन्न

**जबलपुर।** कचनार पोलियर्स प्रा. लि. ने अपने 8वें वार्षिक उत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम से किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीविश्वकर्मा की पूजन-अर्चन और हवन से हुई। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में भाजपा कोषाध्यक्ष सीए अखिलेश जैन, शासकीय अधिवक्ता उच्च न्यायालय अजय शुक्ला, डायरेक्टर प्रदीप चौकसे, शुभम चौकसे, दीपक दुबे, उपस्थित रहे। आयोजन में भक्तिमय वातावरण के साथ-साथ कर्मचारियों और अधिकारियों में उत्साह देखने को मिला। कंपनी प्रबंधन ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए भविष्य में और प्रगति करने का संकल्प व्यक्त किया।



# श्रद्धेय अटल जी की जन्म शताब्दी वर्ष पर अटल कार्यकर्ता सम्मान समारोह के आयोजन जारी

**छतरपुर।** भारतीय राजनीति के पितृपुरुष, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर अटल कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन छतरपुर जिले के खड़ेहा और पहरा में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनसंघ व भारतीय जनता पार्टी के उन समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मानित करना था, जिन्होंने संगठन के निर्माण और सशक्तिकरण में जीवन समर्पित कर दिया।

## खड़ेहा में लक्ष्मी प्रसाद निगम का सम्मान-

खड़ेहा में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मी प्रसाद निगम को उनके निवास पर जाकर यात्रा प्रभारी व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा श्री धीरज पटेरिया द्वारा शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। निगम जी ने जनसंघ काल से ही संगठन के लिए कार्य करते हुए आर्थिक व सामाजिक कठिनाइयों के बावजूद संगठन के प्रति निष्ठा और समर्पण का परिचय दिया। सीमित संसाधनों में भी उनका उत्साह और संकल्प कभी कम नहीं हुआ। वे संगठन के लिए आज भी प्रेरणा स्त्रोत बने हुए हैं।

## पहरा में चंद्रभूषण त्रिपाठी का सम्मान-

इसी कड़ी में छतरपुर के पहरा गांव में वरिष्ठ कार्यकर्ता चंद्रभूषण त्रिपाठी को भी सम्मानित किया गया। श्री त्रिपाठी ने जनसंघ के समय से लेकर भाजपा तक अपने जीवन का हर पल संगठन को समर्पित कर दिया।

कार्यक्रम में बताया गया कि उन्होंने जनसंघ के लिए अपने सुपुत्र का बलिदान दिया था, जिनकी हत्या जनसंघ काल में करवा दी गई थी। यह घटना न केवल अत्यंत पीड़ादायक थी, बल्कि उनके त्याग और निष्ठा की मिसाल भी बन गई। उनका योगदान आज भी संगठन के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

## ये रहे उपस्थित-

इस अवसर पर पूर्व विधायक विजय बहादुर बुंदेला, वरिष्ठ भाजपा नेता चंदलापप्पू पटेरिया, मंगल सिंह, मंडल उपाध्यक्ष विवेक गोस्वामी, नगर महामंत्री युवा मोर्चा ऋषभ सिंह, विधानसभा प्रभारी चंदला सोशल मीडिया बीजेपी ऋषभ सिंह चंदेल, जिला कार्यसमिति सदस्य सोशल मीडिया प्रभारी पवन सिंह, अजय सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वैज्ञानिकों ने दिखाया अंटार्कटिका का खतरनाक नक्शा, बर्फ के नीचे मिली 322 रहस्यमय घाटियां


**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों को अंटार्कटिका की बर्फ के नीचे 322 पानी के अंदर की घाटियां मिली हैं। यह खोज बहुत ही बड़ी है, क्योंकि इससे पता लगेगा कि अंटार्कटिका दुनिया के महासागरों के साथ कैसे जुड़ा हुआ है। वैज्ञानिकों ने अंटार्कटिका के समुद्र के नीचे अबतक का सबसे साफ नक्शा बनाया है। इस नक्शे में 332 घाटियां दिखाई दे रही हैं जिनमें से कई 4,000 मीटर से भी ज्यादा गहरी हैं। ये घाटियां पानी, गर्मी और मिट्टी को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने में बहुत अहम भूमिका निभाती हैं। इससे वैज्ञानिकों को ये जानने में मदद मिलेगी कि बर्फ पिघलने से समुद्र पर इसका क्या असर पड़ेगा।

## वैज्ञानिकों ने ये नक्शा कैसे तैयार किया?

इसे बनाने के लिए वैज्ञानिकों ने 40 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय खोजों से मिली जानकारी का इस्तेमाल किया। इससे पहले के नक्शों से यह 5 गुना ज्यादा साफ है। बार्सिलोना यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. एम्ब्लास ने बताया कि, इनमें से कुछ घाटियां दुनिया की सबसे बड़ी घाटी के बराबर है। उन्हें सबसे ज्यादा हैरानी इस बात से हुई कि अंटार्कटिका के पूरब और पश्चिम के किनारे एक-दूसरे से बहुत अलग हैं।



## खोज में वैज्ञानिकों को क्या मिला?



इस खोज के जरिए वैज्ञानिकों ने पाया कि अंटार्कटिका के 2 हिस्से बहुत अलग हैं। पूर्वी अंटार्कटिका की घाटियां बड़ी और टेढ़ी-मेढ़ी हैं और ये दिखाती हैं कि यहां बहुत लंबे समय से बर्फ की हलचल रही है। वहीं, पश्चिमी अंटार्कटिका की घाटियां और सीधी और छोटी हैं और यहां बर्फ की गति हाल ही में हुए जलवायु बदलावों की वजह से हुआ। ये दिखाते हैं कि अंटार्कटिका की बर्फ तेजी से पिघल रही है।

## ये घाटियां क्या काम करती हैं?

पानी के नीचे की ये घाटियां स्थिर जगहें नहीं हैं, बल्कि ये समुद्र को एक जगह से दूसरे जगह लेकर जाती हैं। ये घाटियां अंटार्कटिका से ठंडे और भारी पानी को गहरे समुद्र में पहुंचाती है। यह ठंडा पानी एक बड़ी धारा बनाता है जो पूर महासागर में घूमती है, जिसे महासागरीय कन्वेयर बेल्ट भी कहते हैं। यहीं घाटियां समुद्र के गर्म पानी को भी वापस अंटार्कटिका के तट पर ले जाती हैं।



## कितना हिस्से नक्शे पर उतरा?

इस बड़ी खोज के बाद भी अंटार्कटिका के समुद्र के नीचे का ज्यादातर हिस्सा अभी भी नहीं देखा गया है। वैज्ञानिकों के अंदाजे के अनुसार पूरी दुनिया के महासागरों का सिर्फ 27% ही अभी ठीक से नक्शे में उतारा गया है। वैज्ञानिक कहते हैं कि पानी के नीचे और बर्फ के नीचे का नक्शा बनाना अब सबसे जरूरी काम है। भविष्य में वैज्ञानिक पानी के अंदर चलने वाली मशीनों और सैटेलाइट से इसकी और जांच करेंगे, जिससे पता चल सके कि ये रास्ते सच में कैसे काम करते हैं।

### मुंबई में आयोजित चार दिवसीय ज्वेलरी एक्सपो में मिली विशेष पहचान

# सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष राजा सराफ और महासचिव देवीलाल सोनी सम्मानित

हरिभूमि, जबलपुर।

ऑल इंडिया जैम्स एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल (GJC) द्वारा मध्यप्रदेश सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजा सराफ (जबलपुर) और प्रदेश महासचिव देवीलाल सोनी (आगर) को सराफा व्यापार के हित में किए गए उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में GJC के चेयरमैन राजेश रोकड़े (नागपुर) एवं वाइस चेयरमैन संयम मेहरा की उपस्थिति में दोनों पदाधिकारियों को विशेष प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के सराफा व्यापारियों के लिए गर्व का विषय है। यह सम्मान समारोह 15 से 19 सितंबर 2025 तक आयोजित ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी एक्सपो का हिस्सा था। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री माननीय श्री देवेंद्र फडणवीस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान देशभर से आए सराफा संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री जी के समक्ष व्यापार से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को प्रस्तुत किया, जिस पर उन्होंने सकारात्मक समाधान का आश्वासन दिया।



# भंडारे में दाल बनाने के लिए लोगों ने जेबीसी मशीन का किया यूज

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर आए दिन कुछ न कुछ ऐसा देखने को मिल जाता है, जिस पर यकीन करना मुश्किल हो जाता है। हाल ही में एक ऐसा ही वीडियो वायरल हुआ है जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। इस वीडियो में जेसीबी मशीन का इस्तेमाल मिट्टी खोदने के बजाय खाना बनाने के लिए किया गया है। लोग इस नजारे को देखकर हैरान भी हैं और मजाक भी बना रहे हैं। दरअसल, वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक बड़ी-सी हांडी में दाल मखनी पक रही है। उसी समय वहां एक जेसीबी मशीन आती है और अपने बड़े-बड़े दांतों की मदद से दाल को ऐसे चलाती है जैसे कोई इंसान बड़ी कड़छी से चला रहा हो। इसे देखकर आसपास खड़े लोग हैरान हो जाते हैं। आमतौर पर जेसीबी मशीनें निर्माण कार्यों, यानी मिट्टी खोदने या मलबा हटाने के काम में आती हैं। लेकिन, इस वीडियो में इसे खाना बनाने के लिए इस्तेमाल किया गया, जो लोगों के लिए नया और मजेदार नजारा था।



## पहले भी अजीब कामों में इस्तेमाल हो चुका है जेसीबी

वैसे, यह पहली बार नहीं है जब जेसीबी मशीन का अनोखा इस्तेमाल देखने को मिला हो। इससे पहले भी कई बार ऐसी घटनाएं सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी हैं। इस साल फरवरी में एक दूल्हे का वीडियो खूब चर्चा में आया था, जिसमें वह अपनी शादी में घोड़ी या कार से नहीं, बल्कि जेसीबी मशीन पर चढ़कर पहुंचा था।


## आवश्यकता

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9229187457 (रायपुर /19/सितंबर/25)

आवश्यकता है - NATRAJ पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा। भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है आपको। नौकरी की जरूरत हो तो संपर्क करें +919241054300 +9188737 62120 (रायपुर /19/सितंबर/25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789


## राशिफल

**मेष** – मन परेशान हो सकता है। कारोबार में अभी कठिनाइयां बनी रहेंगी। सचेत रहें। कोई नया निवेश करने से बचें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में संयत रहें। कारोबार विस्तार के लिए परिवार से आर्थिक सहयोग मिल

**मिथुन** – मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि

**कर्क** – किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में विदेश यात्रा पर जा सकते हैं।

**सिंह** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान

**कन्या** – मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। मन अशान्त रहेगा। संयत रहें। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां तो रहेंगी, लेकिन परिश्रम भी अधिक रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**धनु** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु अतिउत्साही होने से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर** – क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि

**मीन** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। खर्चों की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

## शब्द पहेली - 5993

**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

### शब्द पहेली- 5992 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | ब | ■ | ब | स | ■ | धा | गा | ■ | ह | य |
| व | ह | म | ■ | ब | म | ■ | ना | ला | ■ | ह |
| ■ | न | म | न | ■ | जा | न | ■ | र | मा | ■ |
| ना | ■ | ता | क | त | ■ | शा | न | ■ | ता | त |
| क | मी | ■ | ल | ल | ना | ■ | म | न | ■ | न |
| ■ | न | ख | ■ | वा | च | क | ■ | ल | क्ष | ■ |
| स | ■ | र | वा | ■ | ना | म | क | ■ | मा | दा |
| खा | द | ■ | त | र | ■ | र | ह | न | ■ | म |
| ■ | म | स्त | ■ | मा | न | ■ | वा | ह | क | ■ |
| दा | ■ | र | स | ■ | या | र | ■ | र | च | ना |
| स | दा | ■ | च | क्षु | ■ | न | भ | ■ | य | ल |

## सूडोकु नवताल - 6003

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

MANDAL SENACHA, BANGALORE

### सूडोकु नवताल - 6002 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |




# सचिन ने किया कमाल, रहे चौथे स्थान पर, नीरज को पीछे छोड़ा

एजेंसी ▶▶| टोकियो

वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के मैन जैवलिन थ्रो फाइनल में नीरज चोपड़ा का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। नीरज चोपड़ा आठवें स्थान पर रहे। नीरज का बेस्ट थ्रो 84.03 मीटर (दूसरा अटेम्प्ट) का रहा। नीरज के अलावा इस प्रतिस्पर्धा में भारत के लिए सचिन यादव ने भी भाग लिया। सचिन ने अच्छा प्रदर्शन किया और चौथे नंबर पर रहे। सचिन का बेस्ट थ्रो 86.27 मीटर रहा, जो उनका पर्सनल बेस्ट भी है। त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशोर्न वाल्कॉट (88.16 मीटर) ने गोल्ड मेडल जीता।

### कौन हैं सचिन यादव

सचिन यादव उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के रहने वाले हैं। सचिन ने इसी साल एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल अपने नाम किया था। सचिन पहली बार तब सुर्खियों में आए थे जब उन्होंने 73वीं ऑल इंडिया पुलिस एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उन्होंने 84.21 मीटर का दूर भाला फेंका था। ये उनका पर्सनल बेस्ट था। सचिन यादव ने इस चैंपियनशिप में 30 साल पुराने रिकॉर्ड तोड़ा था। सचिन उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत हैं। पुलिस में काम करते हुए सचिन ने कई बड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है।




## खबर संक्षेप



### यूएई टीम में कोई भारतीय या पाकिस्तानी नहीं : वसीम

**दुबई।** भारत और पाकिस्तान के बीच चल रही तनातनी का संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की टीम पर कोई असर नहीं पड़ा है, जिसकी टीम में इन दोनों देश के खिलाड़ी शामिल हैं। यूएई क्रिकेट टीम में भारतीय और पाकिस्तानी मूल के बराबर संख्या में खिलाड़ी हैं। सिमरनजीत सिंह, राहुल चोपड़ा, हर्षित कौशिक, ध्रुव पाराशर और अलीशान शराफू भारतीय जबकि दूसरी तरफ मुल्तान में जन्मे कप्तान मुहम्मद वसीम, हैदर अली, जुनैद सिद्दीकी, मुहम्मद रोहिद और आसिफ खान पाकिस्तानी मूल के हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने पहलगाम आतंकी हमले के कारण पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार कर दिया था, जिससे विवाद पैदा हो गया था लेकिन वसीम ने कहा कि यूएई की उनकी टीम एक परिवार की तरह है। यह पूछे जाने पर कि क्या मौजूदा तनाव का टीम के भीतर पारस्परिक संबंधों पर कोई प्रभाव पड़ा है या इस बारे में कोई बातचीत हुई है, वसीम ने ना में जवाब दिया।

### तीरंदाजी प्रीमियर लीग में हिस्सा लेंगे विदेशी खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एंड्रिया बेसेरा (कंपाउंड) और ब्रैडी एलिसन (रिकर्व) उन 48 शीर्ष तीरंदाजों में शामिल हैं, जो 2 से 12 अक्टूबर तक यमुना खेल परिसर में होने वाली पहली तीरंदाजी प्रीमियर लीग (एपीएल) में प्रतिस्पर्धा करेंगे।



यह पहला फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट है। छह टीम की लीग में शामिल अन्य शीर्ष विदेशी तीरंदाजों में दुनिया छठे नंबर के खिलाड़ी मैक्सिको के मटियास ग्रांडे (रिकर्व) और महिला नंबर एक खिलाड़ी नीदरलैंड की माइक श्लोसेर (कंपाउंड) शामिल हैं। भारतीय तीरंदाजों का चयन विश्व रैंकिंग के साथ-साथ भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) के हालिया चयन ट्रायल के आधार पर किया गया।

### दुबई स्टेडियमः रिंग ऑफ फायर बड़ी चुनौती

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के



क्षेत्ररक्षण कोच टी. दिलीप ने कहा है कि दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में हवा में लहराने वाले ऊंचे कैच लेने के लिए एक सेकंड के लिए भी गेंद पर से नजर नहीं हटाना जरूरी है। दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में फ्लडलाइट्स की व्यवस्था पारंपरिक व्यवस्था से काफी अलग है। भारतीय टीम ने स्टेडियम की गोल छत की परिधि के चारों ओर लगाई गई उच्च तीव्रता वाली फ्लडलाइट्स से काफी अच्छी तरह से सामंजस्य बिठा गया है। दुनिया भर के क्रिकेट स्टेडियमों में पारंपरिक रूप से खंभों पर लगाई जाने वाली लाइट्स का इस्तेमाल किया जाता है।

## चाइना मास्टर्स : सिर्फ 41 मिनट में छठी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी को हराया

# सिंधू ने थाई शटलर के खिलाफ किया हेड टू हेड रिकॉर्ड 6-5, क्वार्टर फाइनल में पहुंची

एजेंसी ▶▶| शेनझेन

भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी गुरुवार को सीधे गेम में जीत के साथ चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग को 21-15, 21-15 से हराने में सिर्फ 41 मिनट का समय लिया।

हाल ही में हांगकांग ओपन के फाइनल में पहुंची सात्विक और चिराग की जोड़ी ने चीनी ताइपे की जोड़ी सियांग चिएह चियू और वांग ची-लिन को 32 मिनट में 21-13, 21-12 से हराया। इस जीत के साथ विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज सिंधू ने थाई शटलर के खिलाफ हेड टू हेड रिकॉर्ड 6-5 का कर लिया है। क्वार्टर फाइनल में सिंधू का सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया की एन से यंग से होगा। एन से ने डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ड को 23-21, 21-14 से हराया।




### थाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शुरू से ही थीं सतर्क


हाल में हांगकांग ओपन के पहले दौर में बाहर होने वाली सिंधू सीधे गेम में मिली जीत से खुश थीं और उन्होंने कहा कि वह अपनी थाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शुरू से ही सतर्क थीं। मैच के बाद भारतीय खिलाड़ी ने कहा, 'मैं जीत से खुश हूं और मेरे लिए शुरुआत से ही सतर्क रहना और अपना शत-प्रतिशत देना बेहद जरूरी था। वह (चोचुवोंग) एक शीर्ष खिलाड़ी है। मैं इंडोनेशिया ओपन में उसके खिलाफ खेली थी और उस बार भी मुकाबला कड़ा था। पहला गेम जीतने के बाद मैं दूसरे गेम में ज़्यादा सतर्क थी। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और मुझे खुशी है कि मैं जीत हासिल करने में सफल रही।' सिंधु ने कहा, 'मुझे अब कल के लिए तैयारी करनी होगी। यह अच्छी बात है कि अगर आप पहला गेम जीत जाते हैं तो दूसरे गेम में उसे खत्म कर देते हैं। सीधे गेम में जीत हमेशा आपको आत्मविश्वास देती है। लेकिन आपको लंबे मैचों के लिए भी तैयार रहना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा ।

### पहले गेम से ही रहा भारतीय जोड़ी का दबदबा

सात्विक और चिराग की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने इस वर्ष दूसरी बार चीनी ताइपे की जोड़ी को हराया। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में हांगकांग ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 32 में चियु और वांग को तीन गेम में हराया था। पहले गेम में भारतीय जोड़ी का दबदबा रहा। उन्होंने शुरुआत में 7-2 की बढ़त बना ली और फिर 15 मिनट से भी कम समय में गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम भी उम्मीद के मुताबिक रहा और भारतीय जोड़ी शुरू से अंत तक बढ़त बनाए रही। क्वार्टर फाइनल में उनका सामना चीन के रेन जियांग यू और झी हाओनान से होगा।

## टी20 क्रिकेट

# साल्ट ने खेली तूफानी पारी, आयरलैंड के खिलाफ लगाए 10 चौके और 4 छक्के




एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने पहले टी20 मैच में आयरलैंड को शानदार अंदाज में चार विकेट से हरा दिया। आयरलैंड ने पहले बैटिंग करते हुए 196 रन बनाए। इसके बाद इंग्लैंड के लिए फिल साल्ट ने बेहतरीन क्लास दिखाई और आयरलैंड के बॉलर्स के लिए सिरदर्द बनकर उभरे। उनकी पारी की बदौलत ही इंग्लैंड की टीम जीत दर्ज करने में सफल रही।

### साल्ट और बटलर ने की 74 रनों की साझेदारी

फिल साल्ट मैच में इंग्लैंड के लिए ओपनिंग करने उतरे और उन्होंने पारी की शुरुआत से ही ताबड़तोड़ बैटिंग की। उन्होंने 46 गेंदों में कुल 89 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और चार छक्के शामिल रहे। उनके अलावा जोस बटलर ने 28 रनों का योगदान दिया। इन दोनों प्लेयर्स ने पहले विकेट के लिए 74 रनों की साझेदारी की थी और जीत की नींव रख दी थी। सैम करन ने 27 रन और जैकब बेथेल ने 24 रनों का योगदान दिया। बेथेल इंग्लैंड की टीम के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में कप्तानी करने वाले सबसे युवा कप्तान बने हैं। बल्लेबाजों के दमदार खेल की वजह से ही इंग्लैंड ने 17.4 ओवर्स में ही टारगेट को हासिल कर लिया।

## चैंपियंस लीग

# पीएसजी की शानदार शुरुआत अटलांटा को 4-0 से हराया



एजेंसी ▶▶| लंदन

गत चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने बड़ी जीत दर्ज करके चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में खिताब बचाने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की जबकि लिवरपूल ने भी सत्र की अच्छी शुरुआत करते हुए अंतिम क्षणों में विजयी गोल किया।

पीएसजी ने घरेलू मैदान पर अटलांटा पर 4-0 से जीत हासिल की। उसकी टीम ने शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा और अटलांटा को किसी भी समय वापसी का मौका नहीं दिया। पीएसजी के कोच लुइस एनरिक ने कहा, 'ऐसा प्रदर्शन देखकर खुशी हुई। मुझे लगता है कि हमारे प्रशंसक खुश होंगे।' लिवरपूल के कप्तान वर्जिल वान डिक ने इंजरी टाइम के दूसरे मिनट में हेडर से गोल करके एटलेटिको मैड्रिड पर 3-2 से जीत सुनिश्चित की। बायर्न म्यूनिख और इंटर मिलान ने क्रमशः चेल्सी और अजाक्स को हराया। बायर्न ने हैरी केन के दो गोल की मदद से चेल्सी को 3-1 से हरा दिया, जबकि इंटर की अजाक्स पर 2-0 की जीत में मार्कस थुरम ने दो गोल किए।

### स्मृति के साथ अच्छा तालमेल : प्रतीका

**मुल्लांपुर।** शीर्ष क्रम की बल्लेबाज प्रतीका रावल का मानना है कि स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के साथ उनकी स्वाभाविक समझ है, जिसके कारण वे भारत को लगातार अच्छी शुरुआत देने में सफल रहे हैं। दिल्ली की इस क्रिकेटर ने पिछले साल दिसंबर में वनडे में पदार्पण किया था और वह बहुत कम समय में शीर्ष क्रम में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली बल्लेबाजों में से एक बन गई हैं। उन्होंने कहा कि मंधाना भी उनकी तरह अंतर्मुखी हैं, लेकिन उनके बीच बहुत अच्छा तालमेल है। प्रतीका ने यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में मंधाना के साथ शतकीय साझेदारी की और दूसरे मैच में भी इस स्टार क्रिकेटर के साथ पहले विकेट के लिए 70 रन जोड़े थे। भारत ने यह मैच रिकॉर्ड 102 रन से जीता। भारतीय टीम में जगह बनाने के बाद से छह अर्धशतक और एक शतक जड़ने वाली इस 25 वर्षीय क्रिकेटर ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह (समझ) काफी आसान और स्वाभाविक है। हमें पारी के बीच में ज्यादा बात नहीं करनी पड़ती। वह वही करती है, जिसमें वह सर्वश्रेष्ठ है और मैं वही करती हूं जिसमें मैं सर्वश्रेष्ठ हूं।

# एशिया कपः श्रीलंका ने अफगानिस्तान को हराया

**अबू धाबी।** यहां चल रहे एशिया कप के ग्रुप बी के ग्यारवें मैच में गुरुवार को श्रीलंका ने अफगानिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। अफगानिस्तान के 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 169 रन के जबाब में श्रीलंका ने 18.4 ओवर में ही 4 विकेट खोकर 171 रन बना लिए और इस तरह आठ वॉल पहले ही 6 विकेट से जीत दर्ज की। मैच की खास बात श्रीलंका के मेनडिश बंधुओ की 23 बॉल पर 52 रन की साझेदारी रही। इस जोडी के कुशल मेनडिस ने 52 बॉल में 74 रन और कुमांडु मेनडिस ने 13 बॉल में 26 रन बनाएं। कुशल मेनडिस को यादगार पारी के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इससे पहले अफगानिस्तान ने टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। अफगानिस्तान की तरफ से मोहम्मद नबी (22 गेंद पर 60 रन) और राशिद खान ने 23 गेंद में 24 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से एन ठुनसारा ने 4 ओवर में 18 रन देकर 4 विकेट लिए। इसके साथ ही अफगानिस्तान का सफर एशिया कप में पूरा हो गया।

## विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप...



**टोकियो।** विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 400 मीटर दौड़ के फाइनल में जीत के बाद खुशी जाहिर करते हुए बोत्सवाना बुसांग (बीच में)।

## एशिया कप : भारत और ओमान के बीच मुकाबला आज रात 8 बजे से

# भारत के पास सुपर 4 से पहले बल्लेबाजों को मौका देने का सुनहरा अवसर

एजेंसी ▶▶| दुबई

पहले दो मैच में छोटे लक्ष्य आसानी से हासिल करने वाली सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम शुक्रवार को अबू धाबी में होने वाले एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने अंतिम ग्रुप लीग मैच में ओमान के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करना और 20 ओवरों का पूरा उपयोग करना पसंद करेगी। भारतीय टीम सुपर 4 के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है और रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मैच से इससे पहले ओमान के खिलाफ बल्लेबाजों को मौका देने का यह सुनहरा अवसर है।



### गिल को क्रीज पर समय बिताने की जरूरत

भारत ने इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और पाकिस्तान के खिलाफ छोटे लक्ष्य आसानी से हासिल किए थे। अभिषेक शर्मा ने अपेक्षा के अनुरुप तेज शुरुआत की है, लेकिन शुभमन गिल को क्रीज पर कुछ समय बिताने की जरूरत है। कप्तान सूर्यकुमार ने पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन वह चाहेंगे कि तिलक वर्मा को बल्लेबाजी करने का कुछ और समय मिले। भारत अगर फाइनल में पहुंचता है तो उसे सात दिन के अंदर चार मैच खेलने होंगे और इसे देखते हुए टीम प्रबंधन हार्दिक पंड्या, संजू सैमसन, शिवम दुबे और अक्षर पटेल को भी बल्लेबाजी का कुछ मौका देना चाहेगा।

### अर्शदीप को परखने का मौका

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर अपनी टीम के साथ ज्यादा प्रयोग नहीं करना चाहेंगे, सिवाय इसके कि वह सुपर 4 से पहले जसप्रीत बुमराह को थोड़ा आराम दे सकते हैं। वह भी अगर वह ऐसा करना चाहें। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में चार ओवर गेंदबाजी करने और अच्छी तरह से आराम करने के बाद, बुमराह खुद भी शायद ब्रेक नहीं चाहते होंगे, लेकिन जब बात आपके सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज की हो तो फिर अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत पड़ती है। इससे टीम को अर्शदीप सिंह को परखने का भी मौका मिलेगा। टीम प्रबंधन इस मैच में वरुण और कुलदीप में से किसी एक को विश्राम देकर हर्षित राणा को भी मौका दे सकता है।

# पेंडेंसी कम करने नई पहल, जमानत के मामलों की सुनवाई के लिए बैटेंगी दस स्पेशल बेंच

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने लंबित मामलों की संख्या (पेंडेंसी) कम करने के लिए नई पहल की है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा ने लंबित जमानत अर्जियों का निराकरण करने दस स्पेशल बेंचों का गठन किया है। ये सभी स्पेशल बेंचें शनिवार को आरोपियों की जमानत अर्जियों पर विचार करेंगी। ऐसा हाईकोर्ट के इतिहास में पहली बार हो रहा है, जब एक साथ दस बेचें जमानत के आवेदनों पर ही सुनवाई करेंगी।

**चीफ जस्टिस ने की व्यवस्था, लंबित हैं इस साल के 3 हजार से अधिक जमानत के आवेदन**



### ये जज सुनेंगे जमानत की अर्जियां

जस्टिस अचल कुमार पालीवाल, जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल,जस्टिस देवनारायण मिश्रा, जस्टिस दीपक खोत, जस्टिस अजय कुमार निरंकारी, जस्टिस हिमान्शु जोशी, जस्टिस रामकुमार चौबे, जस्टिस रत्नेशचंद्र सिंह बिसेन, जस्टिस बीपी शर्मा और जस्टिस प्रदीप मित्तल।

### 3 हजार से अधिक है आंकड़ा

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीके जैन के अनुसार मुख्यपीठ में इस वर्ष दायर की गई व लंबित जमानत अर्जियों का आंकड़ा करीब 3 हजार के पास पहुंच गया है। इसको लेकर वकीलों में पिछले कुछ समय से असंतोष व्याप्त है। फिलहाल तीन बेंचों द्वारा जमानत अर्जियों पर सुनवाई की जा रही है। बीते मंगलवार को अध्यक्ष डीके जैन और सचिव पारितोष त्रिवेदी ने चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा से इस संबंध में ठोस कदम उठाने का आग्रह किया था। चीफ जस्टिस ने समुचित कारवाई का आश्वासन दिया था। इसी तारतम्य में गत बुधवार से ही हाईकोर्ट में जमानत अर्जियों की सुनवाई से संबंधित बेंचों की संख्या तीन से बढ़ाकर चार कर दी गई। बाद में शनिवार को दस विशेष बेचों क गठन का निर्देश दे दिया। इस पर प्रिंसिपल रजिस्ट्रार सुनील कुमार ने स्पेशल बेंचों के गठन का आदेश जारी किया। मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने इस पहल की सराहना की है। चीफ जस्टिस से मांग की है कि शनिवार को लगने वाली स्पेशल बेंचों में किसी कारणवश किसी वकील के सुनवाई में गैरहाजिर रहने पर, उसके मामले को खारिज न किया जाए।

**हाईकोर्ट ने साफ किया - भविष्य में सहमति से ही बैंड ड्यूटी पर भेजा जाए**

# पुलिस बल के जनरल ड्यूटी आरक्षकों को बैंड बजाने नहीं कर सकते विवश

**जबलपुर।**

मप्र हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में साफ किाय कि पुलिस बल के जनरल ड्यूटी आरक्षकों को उनकी सहमति के बिना पुलिस बैंड का प्रशिक्षण दिलाना या बैंड की ड्यूटी देना उचित नहीं है। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने स्पष्ट किया कि पुलिस बल में नियुक्त जनरल आरक्षकों की प्राथमिक जिम्मेदारी कानून-व्यवस्था बनाए रखना और अपराध की जांच करना है, इसलिए उन्हें संगीत दल यानि बैंड बजाने के लिए बाध्य करना उनके मूल कर्त्तव्य से भटकाना है। याचिकाकर्ता मुकुेश कुमार रावत सहित अन्य पुलिसकर्मी वर्तमान में आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं। उन्हें विभाग द्वारा पुलिस बैंड का प्रशिक्षण दिया गया और विभिन्न सरकारी व सामाजिक कार्यक्रमों में प्रदर्शन करने के लिए भेजा गया। लिहाजा, हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कहा गया कि यह ड्यूटी उनकी नियुक्ति के अनुरूप नहीं है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता नित्यानंद मिश्रा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरक्षकों की भर्ती मुख्यतः नियमित पुलिसिंग ड्यूटी (कानून व्यवस्था, अपराध जांच, गश्त आदि) के लिए की जाती है। उन्हें बैंड बजाने के लिए भेजना उनकी सेवा शर्तों और संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। हाई कोर्ट ने पहले भी रिट याचिका में यह निर्णय दिया था कि पुलिस कर्मियों को उनकी सहमति के बिना बैंड ड्यूटी पर नहीं लगाया जा सकता।

राज्य की ओर से शासकीय अधिवक्ता वेदप्रकाश तिवारी ने तर्क रखा कि पुलिस एक अनुशासित बल है, जिसमें समय-समय पर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण अनिवार्य होते हैं। पुलिस बैंड विभाग की परंपरा, अनुशासन



और गरिमा का हिस्सा है। हाई कोर्ट की ग्वालियर पीठ द्वारा एक मामले में यह माना गया था कि विशेष सशस्त्र बल जैसी इकाइयों को ऐसे प्रशिक्षण देना विभागीय अधिकार है। विभागीय आवश्यकता और सरकारी कार्यक्रमों में पुलिस बैंड की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा यह सही है कि पुलिस बल के अलग-अलग अंगों की अलग जिम्मेदारियां होती हैं। एसएएफ जैसी इकाइयों को अन्य प्रशिक्षण दिए जा सकते हैं, लेकिन जनरल ड्यूटी आरक्षकों की मूल ड्यूटी कानून व्यवस्था और अपराध की जांच से जुड़ी होती है। पिछले आदेश के अनुसार, जनरल ड्यूटी आरक्षकों को उनकी इच्छा के विरुद्ध बैंड प्रशिक्षण या बैंड ड्यूटी पर नहीं लगाया जा सकता। चूंकि याचिकाकर्ता पहले ही प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं, अतः भविष्य में उन्हें केवल उनकी सहमति से ही बैंड ड्यूटी पर भेजा जाए।

### बिना चेकिंग के कैसे अन्य राज्यों से मप्र में आ रहे ओवरलोड वाहन

मप्र सरकार द्वारा हाईकोर्ट के समक्ष अंडरटेकिंग देने के बावजूद बिना चेकिंग के अन्य राज्यों से मप्र में ओवरलोड वाहन कैसे आ रहे हैं। हाईकोर्ट के जस्टिस डीडी बंसल की सिंगल बेंच ने एक अवमानना मामले पर परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह और आयुक्त विवेक शर्मा से पूछा। दोनों को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।सतना निवासी रजनीश त्रिपाठी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पूर्व में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। उसमें आरोप था कि ओवरलोडिंग ट्रकों व अन्य वाहनों के चलते सबसे ज्यादा सड़कें खराब होती हैं। इस मामले में सरकार ने हाईकोर्ट में अंडरटेकिंग दी थी कि ओवरलोडिंग रोकने हर संभव प्रयास किया जाएगा। याचिका लंबित रहने के दौरान सरकार ने 1050 करोड़ रुपए का निवेश करके विभिन्न बॉर्डर क्षेत्रों में 19 चेक पोस्ट खोली थीं। सरकार की अंडरटेकिंग पर हाईकोर्ट ने उक्त जनहित याचिका का निराकरण कर दिया था। अवमानना याचिका में आरोप है कि अगले वर्ष यानी 2024 में ही सरकार ने उक्त सभी चेक पोस्ट को बंद कर दिया। अब बिना चेकिंग के ही ओवरलोड वाहन अन्य राज्यों से मप्र में आते हैं, जिससे सड़कें खराब होती हैं। इसके लिए विधानसभा से अनुमति नहीं ली गई और न ही कोई अधिसूचना जारी की गई। सरकारी खजाने को भी बहुत नुकसान हो रहा है।

**परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह और आयुक्त विवेक शर्मा को अवमानना नोटिस**

### स्टेशन मास्टर से मारपीट पर कोर्ट उठने तक की सजा

**जबलपुर।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी उर्वशी सूर्यवंशी की अदालत ने सुकरी मंगेला रेलवे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर से मारपीट करने के आरोपित छुट्टू उर्फ रामेश्वर पटेल व गनाराम पटेल का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ दोनों को कोर्ट उठने तक की सजा सुनाई। पांच-पांच सौ रुपये जुर्माना भी लगाया।

अभियोजन की ओर से एडीपीओ रश्मि ठाकुर ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि फरियादी सीताराम मीणा सुकरी मंगेला में स्टेशन मास्टर के पद पर पदस्थ थे। दो फरवरी, 2018 की शाम करीब पौने छह बजे तीन लड़के पहुंचे और प्लेटफार्म में उपद्रव करने लगे। जिन्हें श्री मीणा ने समझाइश दी तो एक लड़का चला गया और दोनों आरोपितों ने मारपीट शुरु कर दी। इतना ही नहीं स्टेशन मास्टर को थप्पड़ जड़ते हुए प्लेटफार्म के नीचे रेलवे लाईन में धकेल दिया। जिसके बाद अन्य रेलवे कर्मी मधुकुमार सिंह व सराफत अली ने पहुंचकर बीच बचाव किया।

# पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर पति ने की आत्महत्या

**जबलपुर।**

अधारताल थाना अतंर्गत नेतानगर अब्दुल हमीद वार्ड में पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर पति ने सल्फास का सेवन कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने आरोपी पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार नेतानगर अब्दुल हमीद वार्ड अधारताल निवासी 28 वर्षीय नीरज पटेल ने गत 22 जुलाई को घर पर सल्फास का सेवन कर लिया था जिसे जीजा मुकेश पटेल द्वारा रात लगभग 11 बजे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार दौरान गत 23 जुलाई को रात लगभग 3 बजे नीरज पटेल की मौत हो गई। शव का पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया गया। जांच के दौरान मृतक के परिवार जनों ने अपने कथन में बताये कि नीरज पटैल की शादी लगभग 4 माह पहले सुभाषनगर मीठे नल के पास सिविल लाईन जिला सागर में दीक्षा पटेल के साथ हुयी थी दीक्षा पटैल आये दिन घरेलू बातों को लेकर झगड़ा विवाद करती थी तथा बोलती थी कि मेरे माता पिता ने जबरन शादी यहां कर दी है। गत 22 जून को दोपहर लगभग 1 बजे अपने जीजा एवं दीदी को बिना बताए मायके चली गयी थी उस समय नीरज पटैल घर पर नही था घर में रखे जेवर तथा कपड़े भी दीक्षा ले गई थी। घटना दिनांक को नीरज पटैल से दीक्षा पटैल की फोन पर बात हुयी थी तथा दीक्षा पटेल बोल रही थी कि तुम्हें जो करना है कर लो मैं नहीं आऊंगी तथा दीक्षा पटैल फोन पर भी नीरज को मानसिक रूप से प्रताड़ति करती थी। मर्ग जांच के बाद मृतक नीरज पटेल की पत्नी दीक्षा पटैल के विरूद्ध धारा 108 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### ट्रक की टक्कर से बाईक सवार युवक घायल

**जबलपुर।** खितौला थाना अतंर्गत हाईवे रोड खितोला मोड़ के पास एक ट्रक ने एक बाईक को टक्कर मार दी, जिसमें सवार एक युवक बाईक सहित नीचे गिरकर घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खितौला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मोहसाम सिहोरा निवासी 35 वर्षीय अनिल चौधरी गत रात लगभग 8 बजे मजदूरी करके अपनी बाईक से अपने घर जा रहा था जैसे हाईवे रोड़ खितोला मोड़ पहुंचा तभी जबलपुर तरफ से आ रहा ट्रक क्रमांक यूपी 15 ईटी 2292 के चालक ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी, जिससे वह बाईक सहित नीचे गिर गया और उसके सिर हाथ पैर में आंख के पास चोटें आईं हैं। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### कार की टक्कर से भाई-बहन घायल


**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अतंर्गत रानीताल चौराहा के पास एक कार ने एक बाईक को टक्कर मार दी, जिसमें सवार भाई बहन बाईक सहित नीचे गिरकर घायल हो गए। वहीं टक्कर मारने वाले कार चालक ने दोनों को अस्पताल के सामने छोड़ा और वहां से भाग गया। लार्डगंज पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटंगी बायपास औरियां निवासी 39 वर्षीय नर्स श्रीमति रानी रजक गत रात अपने भाई पवन विश्वकर्मा के साथ मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन वाय 2049 से अपने घर कटंगी वायपास जा रही थी रात लगभग 10 बजे जैसे ही रानीताल चौराहा पहुंचे, तभी मदनमहल तरफ से आ रही कार क्रमांक एमपी 07 जेडब्ल्यु 8678 के चालक ने उनकी मोटर सायकल में टक्कर मार दी, जिससे दोनों भाई बहन मोटर सायकल सहित गिर गये जिससे दोनों को पैर में चोटे आयी है। कार चालक ने इलाज के लिए दोनों को अस्पताल के सामने छोड़ा और वहां से बिना बताये भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### अधिक कीमत पर यूरिया बेचने पर एफआईआर दर्ज

**जबलपुर।** सिहोरा में कृषकों द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर यूरिया बेचने वाले उर्वरक निरीक्षक की शिकायत पर पुलिस ने अभिषेक ब्रदर्स के संचालक के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार उर्वरक निरीक्षक जयपाल सिंह राठौर ने एसडीएम सिहोरा के निर्देश पर सिहोरा स्थित मेसर्स अभिषेक ब्रदर्स का निरीक्षण किया, यहां जांच में शासकीय मूल्य रूपये 266.50 से अधिक मूल्य रूपये 375 पर विक्रय करना पाया गया जिसका भुगतान आनलाईन यूपीआई के माध्यम से शाम ४-५० बजे किया गया था जिसका पंचनामा राजस्व निरीक्षक नीरज पाटकर एवं कृषि विस्तार अधिकारी शरद कुमार एवं उपस्थित अधिकारियों के समक्ष बनाया गया। जांच टीम द्वारा पंचनामा बनाकर रखी हुयी उर्वरक को जप्ती बनाकर प्रोपराईटर अभिषेक कुमार जैन को सुपुर्दगी दी गयी, सुपुर्दगी उपरांत बिक्री प्रतिबंधित की गयी, इस मामलें में पुलिस ने अभिषेक जैन के खिलाफ धारा 3(3)(1) उर्वरक (नियंत्रण) आदेश तथा धारा 3, 7 आवश्यक वस्तु अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# सफाई कर्मियों ने पूरे रांझी में सड़कों पर फैलाया कचरा

**वेतन नहीं मिलने से पार्षद के घर के सामने लगा दिया कचरे का ढेर**



**जबलपुर।**

रांझी एरिया में लगे सफाई कर्मियों को तीन माह से वेतन नहीं मिला। जिसके बाद सफाई कर्मियों ने अनोखा प्रदशर्न शुरु किया। अंबेडकर वार्ड क्रमांक 62 के पार्षद के घर के सामने कचरे का ढेर लगा दिया, और पूरे वार्ड सहित मस्ताना चौक सहित दर्शन तिराहा में कचरा फैलाकर विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस नेता डॉ.अंशुल बर्मन (अभिमन्यु) ने बताया कि रांझी के सफाई कर्मियों को तीन माह से वेतन नहीं मिला, जिससे वह काफी परेशान है, उनकी जब कहीं सुनवाई नहीं हुई तो, सफाई कर्मियों का गुस्सा फूट पड़ा। युवा कांग्रेस ने सफाई कर्मियों को वेतन भुगतान करने की मांग का समर्थन करते हुए कहा है कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो नगर निगम जोन क्रमांक 10 रांझी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। बताया गया है कि रांझी के विभिन्न वार्डो में लगे सफाई कर्मियों को तीन चार माह से वेतन नहीं मिला, जिससे उन्हें घर का खर्चा चलाने एवं त्यौहारों में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। परेशान कर्मचारियों का पानी सर से ऊपर हो गया तो सफाई कर्मियों का गुस्सा चौथे आसमान पर पहुंच गया। पूरे वार्ड में कचरा फैला दिया और पार्षद अनुराग दाहिया के घर के सामने कचरे का ढेर लगा दिया। सफाई कर्मियों के इस नाराजगी के फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे है। जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि पूरे वार्ड सहित मस्ताना चौक एवं दर्शन सिंह तिराहा में कचरा फैला हुआ हैं। बारिश के मौसम में इस कचरे से संक्रामक रोग फैलने का खतरा बढ़ गया है। क्षेत्रीय व्यापारियों एवं रांझी के नागरिकों को गंदगी से जूझना पड़ा जिससे काफी देर तक गहमागहमी बनी रही। वहीं युवा कांग्रेस ने कर्मचारियों के समर्थन में नगर निगम जोन कार्यालय क्रमांक 10 के अधिकारियों से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द कर्मचारियों की समस्या का समाधान करें नहीं तो कर्मचारियों के साथ युवा कांग्रेस द्वारा नगर निगम रांझी का घेराव कर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया अमर बलिदानियों की गौरव गाथा का स्मरण

# आत्मनिर्भरता के लिए स्वदेशी अपनाए : मुख्यमंत्री





**हरिभूमि, जबलपुर। जबलपुर की धरती को वीरों और महावीरों की भूमि बताते हुए, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमर शहीद राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि यह धरती सदैव वीरता, शौर्य और पराक्रम का प्रतीक रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यहां घंटाघर स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस संस्कृति एवं सूचना केन्द्र में आयोजित गोंडवंश के शासक और जनजातीय समाज के गौरव राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के 168वें बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।**

कार्यक्रम में सीएम डॉ. यादव के साथ मंच पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्यसभा सदस्य श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', विधायक अशोक रोहाणी, डॉ. अभिलाष पांडे, नीरज सिंह एवं संतोष बरकड़े, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर एवं जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल भी मौजूद थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह की पिता-पुत्र की अनोखी जोड़ी के पराक्रम का स्मरण करते हुए कहा कि यह दुर्लभ है कि पिता जिस मार्ग पर चलें, पुत्र भी उसी मार्ग का अनुसरण करे। उन्होंने बताया कि दोनों ने अपने राष्ट्र और धर्म तथा रणचंडी दुर्गा भवानी पर गर्व करते हुए, अंग्रेजों के सामने झुकने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि राजा शंकर शाह एक अलग मिट्टी के बने हुए थे। जहाँ बड़े-बड़े शासक अंग्रेजों की धाक के आगे अपनी आवाज नहीं उठा पाते थे, वहीं राजा शंकर शाह न केवल डंके की चोट पर अपनी बात रखते थे, बल्कि कविताओं और गीतों के माध्यम से पूरे आदिवासी अंचल में राष्ट्रीयता की अलख जगाते थे। वे अपनी रचनाओं से इस धरती, नर्मदा घाटी, जंगलों और आदिवासी समाज की रक्षा के लिए प्रेरणास्त्रोत थे। राजा शंकर शाह व कुंवर रघुनाथ शाह ने अंग्रेजों से कहा था कि यदि इस धरती ने हमें जन्म दिया है, तो हमें अंग्रेज ही क्या कोई भी गुलाम नहीं बना सकता।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उनके बलिदान को याद करते हुए कहा कि राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह को अंग्रेजों ने लालच दिया, लेकिन उन्होंने उसे ठुकरा दिया और अपना धर्म तथा राष्ट्रीय स्वाभिमान को नहीं छोड़ा और राष्ट्र तथा धर्म के प्रति अपने सर्वस्व बलिदान को श्रेष्ठ समझा। अंग्रेजों ने बिना मुकदमा चलाये ही उन्हें तोप के सामने खड़ा कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिन्होंने भारत माता के चरणों में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने का संकल्प लिया हो, उनके आगे तोप के गोले भी छोटे पड़ जाते हैं, मौत भी उनका कुछ नहीं कर सकती। डॉ. यादव ने जोर देकर कहा कि राजा शंकर शाह व कुंवर रघुनाथ शाह ने जीते-जी बलिदान होकर अमर होने का रास्ता चुना। उनका यह बलिदान जनजातीय ही नहीं बल्कि संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

### प्रधानमंत्री मोदी के स्वदेशी अभियान पर जोर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनजातीय समुदाय के प्रति स्नेह भाव को व्यक्त करते हुए कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के प्रधानमंत्री ने अपना जन्मदिन मध्यप्रदेश के धार जिले आकर आदिवासी भाई-बहनों के बीच मनाया, जो उनके प्रेम और समरसता की भावना को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माता-बहनें अपने परिवार की सेवा करते हुए अपनी बीमारी को भूल जाती हैं और अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रखती हैं। विगत दिवस प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने धार जिले से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत करते हुए माताओं-बहनों से अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए कहा, क्योंकि अगर वे स्वस्थ रहेंगी तो परिवार भी अच्छा रहेगा, यही स्वस्थ भारत की कल्पना को साकार करेगा। उन्होंने कहा कि माताओं-बहनों की जांच व उपचार की व्यवस्था सरकार के द्वारा की जा रही है।

### मुख्यमंत्री ने किया अमर शहीदों के संग्रहालय का अवलोकन




सन 1857 की क्रांति के नायक गोंडवंश के शासक जनजातीय समाज के गौरव राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के 168 वें बलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित करने जबलपुर पहुँचे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अमर शहीद पिता-पुत्र की शौर्य और पराक्रम को संजोने यहाँ बनाये गये संग्राहलय का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने संग्रहालय परिसर स्थित बंदी गृह में राजा शंकर शाह-कुंवर रघुनाथ शाह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसी बंदी गृह में अंग्रेजों ने पिता-पुत्र राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह को बलिदान के पूर्व कैद कर रखा था। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने संग्रहालय की प्रत्येक गैलरी का भ्रमण भी किया तथा राजा शंकर शाह-कुंवर रघुनाथ शाह के शौर्य और पराक्रम पर केंद्रित लघु फिल्म देखी।

### मुख्यमंत्री ने रानी दुर्गावती चिकित्सालय में किया श्रमदान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सेवा पखवाड़ा के तहत गुरुवार को रानी दुर्गावती चिकित्सालय में साफ-सफाई के लिए श्रमदान किया। इस श्रमदान अभियान में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, संतोष बरकड़े, अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन तथा संभागीय कमिश्नर धनंजय सिंह सहित अन्य गणमान्य नागरिक व प्रशासनिक अधिकारियों ने भी भाग लिया।



## पिता पुत्र की शहादत हमेशा अमर रहेगी : मुख्यमंत्री

**राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर दी श्रद्धाजंलि**

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गोंडवाना राज्य के सम्राट अमर शहीद राजा शंकर शाह एवं उनके बेटे कुंवर रघुनाथ शाह ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह कर देश की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया। उनके शहादत और बलिदान हमें देश प्रेम और अपनी संस्कृति की रक्षा की प्रेरणा देते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 18 सितम्बर को जबलपुर में राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह के 168वें बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह दोनों पिता पुत्रों ने रानी दुर्गावती की परम्परा को कायम रखते हुए अंग्रेजों के खिलाफ कविता के माध्यम से आवाज उठाई। उन्होंने अंग्रेजों के सामने सीना ठोककर जंगल, जमीन और अपने राष्ट्र को बचाने के लिए गीतों की रचना की। अंग्रेज उनके विद्रोह को बर्दाश्त नहीं कर पाये और कायरता का परिचय देते हुए उन्हें तोप के मुंह पर खड़ा कर उड़ा दिया गया। अंग्रेजों ने दोनो पिता-पुत्रों को बंदी बनाकर बगैर कोई मुकदमा चलाये उन्हें तोप से उड़ाने का काम किया था। अंग्रेजों ने उनके सामने धर्म बदलने, अंग्रेजी सत्ता को स्वीकार करने और माफी मांगने की शर्त रखी और इसे मान लेने पर उनकी रिहाई के लिए तैयार थे। लेकिन दोनों पिता-पुत्रों ने अंग्रेजों के इस प्रस्ताव को बहादुरी के साथ ठुकरा दिया और कहा कि तोप से उड़ाने के बाद भी यदि वे बच गये तो फिर से अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ गीत लिखेंगे और अपने राष्ट्र की रक्षा के लिए विद्रोह करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में जन्म और मृत्यु एक बार आती है, लेकिन देश की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले शहीद हमेशा के लिए अमर हो जाते हैं। राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह ऐसे ही शहीद हैं जो हमेशा के लिए अमर हो गये हैं। उनका बलिदान हमें देश सेवा और देश की रक्षा करने की प्रेरणा देता है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गोंडवाना चौक पर अमर शहीद राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजली दी। उन्होंने प्रतिमा के ऊपर अल्प समय में छत्र लगाये जाने के लिए नगर निगम की सराहना की। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, सांसद आशीष दुबे, श्रीमती सुमित्रा वाल्मिकी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, डॉ. अभिलाष पांडे, संतोष बरकड़े एवं नीरज सिंह, भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, भाजपा के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर एवं जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज, पूर्व विधायक श्रीमती नंदिनी मरावी एवं किशोरीलाल भलावी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**बलदेवबाग चौक पर बवाल**

# पूर्व महापौर और आरक्षक में भिड़ंत, दो घंटे तक जाम

## समर्थकों का हंगामा, भाजपा नेताओं ने संभाला मोर्चा, कप्तान बोले दोनों पक्षों की शिकायत पर जांच जारी






हरिभूमि, जबलपुर।

लार्डगंज थाना अंतर्गत गुरुवार की रात बलदेवबाग चौक पर यातायात पुलिस की जांच के दौरान पूर्व महापौर प्रभात साहू और एक पुलिस आरक्षक के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि मामला सड़क पर धक्का-मुक्की और हाथापाई तक पहुंच गया। देखते ही देखते पूर्व महापौर के समर्थक वहां जुट गए और पुलिस कर्मियों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए नारेबाजी करने लगे। मामला तूल पकड़ गया और करीब दो घंटे तक चौक पर जाम की स्थिति बनी रही।

### भाई को रोकने से उपजा विवाद

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बलदेवबाग महिला मार्केट के सामने यातायात पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक युवक की मोटर साइकिल को तेज आवाज वाले साइलेंसर के चलते रोका गया। उसने स्वयं को पूर्व महापौर का भाई बताया जिसके बाद पुलिस ने चेतावनी देकर छोड़ दिया।

कुछ देर बाद स्वयं प्रभात साहू बिना हेलमेट और मोबाइल पर बातचीत करते हुए मोपेड पर गुजरे। पुलिस कर्मियों ने उन्हें रोककर वाहन किनारे करने को कहा। साहू ने अपना परिचय दिया और आगे बढ़ने लगे। इसी दौरान एक आरक्षक ने उन्हें रोका, जिससे कहासुनी हुई और देखते-देखते दोनों के बीच झूमाझपटी हो गई।

### सड़क पर हंगामा और नारेबाजी

पूर्व महापौर के समर्थक मौके पर पहुंचे और पुलिस कर्मियों से भिड़ गए। स्थिति इतनी बिगड़ी कि वहां हाथापाई तक हो गई। आरोप है कि धक्का-मुक्की में पूर्व महापौर ने पहले आरक्षक को धक्का-मुक्की कर दी जवाब में उसने भी धक्का-मुक्की कर दी। इस पर समर्थकों ने चौक पर धरना शुरू कर दिया और आरक्षक पर कार्रवाई की मांग करते हुए जोरदार नारेबाजी की। हंगामे की सूचना पर सांसद आशीष दुबे, विधायक अभिलाष पांडे सहित भाजपा के कई नेता वहां पहुंचे और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए।

### दो घंटे तक यातायात ठप

समर्थकों के धरने और नारेबाजी से बलदेवबाग चौक पर जाम की स्थिति बन गई। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। तनाव बढ़ने पर कई थानों की पुलिस फोर्स, एएसपी, सीएसपी और डीएसपी मौके पर पहुंचे और हालात संभालने की कोशिश की।

### इनका कहना है

स्थिति बिगड़ती देख पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय स्वयं मौके पर पहुंचे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर शांत करने की कोशिश की। कप्तान ने स्पष्ट कहा दोनों पक्षों की शिकायत मिली है। निष्पक्ष जांच की जा रही है और जो भी निष्कर्ष सामने आएगा, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### नेताओं से संपर्क लेकिन चुप्पी

इस मामले में भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर और पूर्व महापौर प्रभात साहू से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन दोनों ने फोन उठाना उचित नहीं समझा। वहीं समर्थकों का कहना है कि पुलिस ने साहू के साथ अभद्रता की है, जबकि पुलिसकर्मी खुद को पीड़ित बता रहे हैं।

## मिशन कर्मयोगी पोर्टल पर विद्युत परिवार की नूतन शर्मा ने रचा इतिहास

**मात्र तीन माह में पूरे किए 102 कोर्स**



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) की कार्यपालन अभियंता श्रीमती नूतन शर्मा ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत एक नया कीर्तिमान स्थापित कर प्रदेश और ऊर्जा विभाग को गौरवान्वित किया है। उन्होंने मात्र तीन माह की अवधि में पोर्टल पर उपलब्ध 102 प्रशिक्षण मॉड्यूल सफलतापूर्वक पूर्ण कर 282 कर्मा पॉइंट्स अर्जित किए हैं।विद्युत ट्रांसमिशन जैसे अत्यंत तकनीकी और व्यस्त क्षेत्र में कार्य करते हुए यह उपलब्धि हासिल करना एक प्रेरणास्पद मिसाल है। श्रीमती शर्मा का यह समर्पण न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह प्रदेश के ऊर्जा विभाग में कार्यरत सभी कर्मचारियों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बन गया है।एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी द्वारा जब यह जानकारी मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को दी गई, तो उन्होंने श्रीमती नूतन शर्मा को हार्दिक बधाई देते हुए कहा, "नूतन शर्मा की मेहनत और लगन से पूरे प्रदेश के विद्युत परिवार को गौरव की अनुभूति हुई है। उनके प्रयास निश्चित ही अन्य कार्मिकों को प्रेरित करेंगे और संगठनात्मक प्रगति के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगे।"मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत एमपी ट्रांसको के कर्मचारियों में उत्साह लगातार बढ़ रहा है। कंपनी के 2788 कर्मचारियों में से 989 ने पोर्टल पर पंजीकरण कराया है, जिनमें से 825 कार्मिकों ने कम से कम एक प्रशिक्षण कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। अब तक कुल 3804 कोर्स के लिए पंजीयन हुआ है, जिनमें से 2101 सर्टिफिकेट जारी किए जा चुके हैं।

# शारदेय नवरात्रि पर बगलामुखी सिद्धपीठ में भक्तिभाव का अद्भुत संगम

## -अखंड ज्योति कलश स्थापना और विशेष पूजन से गूंजेगा शंकराचार्य मठ

हरिभूमि, जबलपुर।

**शारदेय नवरात्रि के पावन पर्व पर बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ भक्तिभाव और आस्था का केंद्र बनेगा। 22 सितम्बर से 1 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले इस धार्मिक उत्सव में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विविध अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा।**

ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी के सानिध्य और ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज के निर्देशन में भक्तों द्वारा अखंड ज्योति कलश स्थापना के साथ मां बगलामुखी का विशेष श्रृंगार, पूजन-अर्चन और हवन संपन्न होगा।

### अखंड ज्योति से सजेगा मठ परिसर-

पूरे नौ दिनों तक बटुक ब्राह्मणों द्वारा अखंड ज्योति कलश का पूजन किया जाएगा। इस दौरान भक्तजन मां बगलामुखी के चरणों में दीप प्रज्वलित कर अखंड ज्योति जलाएंगे, जिससे वातावरण पावन आभा और दिव्य प्रकाश से आलोकित होगा।



### माता बगलामुखी का विशेष श्रृंगार-

प्रतिदिन प्रातःकालीन बेला में ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज द्वारा माता बगलामुखी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। भक्तों को अलौकिक दर्शन और पूजन का लाभ प्राप्त होगा। साथ ही धार्मिक अनुष्ठानों के अंतर्गत हवन, भजन-कीर्तन और अर्चन से मठ का माहौल भक्तिमय रहेगा।

### शक्ति संचय का पर्व-

ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी ने बताया कि चैत्र और शारदीय नवरात्रि को शक्ति संचय का पर्व माना गया है। जो श्रद्धालु इन दिनों मां की उपासना, कलश स्थापना, पूजन-अर्चन और भजन-कीर्तन करते हैं, उनके जीवन में मंगलकारी परिवर्तन आते हैं। माता बगलामुखी भक्तों पर कृपा कर उनके मनोरथ पूर्ण करती हैं और सभी संकटों का नाश करती हैं।

### भक्तिमय वातावरण में डूबेंगे श्रद्धालु-

नवरात्रि के इन नौ दिनों में सिद्धपीठ का प्रत्येक कोना धार्मिक कार्यक्रमों से गूंजेगा। अखंड ज्योति की लौ और मंत्रोच्चार से वातावरण दिव्य और पावन बनेगा। मां बगलामुखी के जयकारों और श्रद्धा-भक्ति से सराबोर यह पर्व न केवल भक्तों के लिए आत्मिक शांति का माध्यम बनेगा बल्कि उन्हें शक्ति और विश्वास की ऊर्जा भी प्रदान करेगा।




# इंडियन कॉफी हाऊस परिवार ने मंत्री राकेश सिंह को सम्मानित किया

जबलपुर। इंडियन कॉफ़ी हाउस, जेएनकेवीवी आधारताल, जबलपुर में 18 सितंबर को अपरान्ह 3 बजे डॉ. ओ.के. राजगोपालन (अध्यक्ष, इंडियन कॉफ़ी वर्कर्स को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, जबलपुर) द्वारा आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में मंत्री राकेश सिंह (लोक निर्माण विभाग मंत्री, मध्य प्रदेश सरकार) को संस्कारधानी जबलपुर के प्रति उनके अटूट विश्वास, समर्पण, प्रतिबद्धता, त्याग और असाधारण सेवा एवं जबलपुर को एक विकसित शहर बनाने में उनके अथक प्रयासों के लिए डॉ. ओ.के. राजगोपालन ने कॉफ़ी हाउस परिवार के सदस्यों के उपस्थिति में सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में अशोक रोहाणी विधायक, केंट जबलपुर, रत्नेश सोनकर, भाजपा अध्यक्ष, (जिला जबलपुर) एवं भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष श्रीमती रूपा राव सहित अन्य शामिल थे। श्री राकेश सिंह ने कॉफ़ी हाउस परिवार की ओर से दिए गए अभिनंदन को स्वीकार करते हुए अपना आभार व्यक्त करते हुए अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्कारधानी जबलपुर में अधिक विकास लाने के लिए अत्यंत प्रयास किये जा रहे हैं। संस्कारधानी जबलपुर का नाम पूरे भारत में फैलाने, विस्तार करने के लिए पूरे प्रयत्न किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कॉफ़ी हाउस के अतिथि देवो भवा सिद्धांत की सहराना की एवं पूरे भारत वर्ष में सहकारिता के क्षेत्र में एक मार्गदर्शी संस्था बताया। श्री सिंह ने यह भी कहा कि वे जहां कहीं जाते है वहां कॉफ़ी हाउस मिलने पर जबलपुर की मिट्टी की मेहक और अपनापन महसूस होता है, जिसके लिए उन्होंने डॉ. ओ.के. राजगोपालन को हार्दिक बधाई दी। विधायक अशोक रोहाणी ने अपने भाषण में कॉफ़ी हाउस परिवार को विशेष रूप से डॉ. ओ.के. राजगोपालन को ऐसे एक अभिनंदन कार्यक्रम को आयोजित करने व श्री राकेश सिंह की प्रशंसा करने के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दी।



## आयुध निर्माणियों के सेवा निवृत्त लोगों को बेहतर उपचार का आश्वासन

**जबलपुर।** भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय के आयुध निर्माणियों से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को भविष्य में मिलने वाली मूलभूत, सुविधाएं जैसे पेंशन व बेहतर इलाज के लिए वरिष्ठ नागरिक परिषद के अध्यक्ष काजल विश्वास, सचिव दिव्यकान्त निगम, संगठन सचिव अनिल शुक्ला, कोषाध्यक्ष गुरमुख दास तलरेजा ने शहर के हैदराबाद की ब्रांच ओमेगा हॉस्पिटल के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर डॉ श्रवण एनुमुला से सौहार्दपूर्ण वार्ता की। इस दौरान प्रतिनिधियों ने इलाज के लिए भर्ती के दौरान अस्पताल की सर्विस के बारे में जानकारियां ली। डॉ श्रवण कुमार एनुमुला, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, एवं यूनिट मार्केटिंग हेड विवेक द्विवेदी, ने आश्वस्त किया कि सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर सुविधाएं दी जाएगी।

# संस्कारधानी को मिला वैश्विक गौरव, रोटरी इंटरनेशनल से दो अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार

जबलपुर।

नर्मदा तट पर बसे संस्कारों की नगरी जबलपुर ने एक बार फिर वैश्विक पटल पर अपनी पहचान को मजबूती से दर्ज कराया है। समाजसेवा की मिसाल बन चुके जबलपुर के दो व्यक्तित्वों को विश्व की अग्रणी संस्था रोटरी इंटरनेशनल द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया जा रहा है।

समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन 'गुड्डा' को मानवता की सेवा में उत्कृष्टता के लिए चुना गया है, जबकि वरिष्ठ रोटेरियन अरुणकांत अग्रवाल को स्वयं से परे सेवा हेतु सम्मानित किया जाएगा। रोटरी के निवर्तमान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अखिल मिश्र ने बताया कि यह सम्मान संदीप जैन को विश्व के 220 देशों में फैले रोटरी



नेटवर्क में दिए जाने वाले कुल 166वें नॉन रोटेरियन पुरस्कार के रूप में मिलेगा। भारत, नेपाल और श्रीलंका के सम्मिलित क्षेत्र में यह अब तक का 28वां और रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 (पूर्वी मप्र, छत्तीसगढ़, आधा उड़ीसा) का पहला पुरस्कार है जो किसी नॉन रोटेरियन को प्राप्त हो रहा है। साथ



ही, रोटरी इंटरनेशनल द्वारा रोटेरियंस को दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मान के लिए जबलपुर के ही अरुणकांत अग्रवाल को चुना गया है। वर्ष 2024-25 के लिए यह पुरस्कार विश्वभर में 118 रोटेरियंस को दिया गया है, जिसमें भारत, नेपाल और श्रीलंका क्षेत्र से 25 रोटेरियंस शामिल हैं।



## पोषण माह में लगा व्यंजन मेला

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बनाए मोटे अनाज से बने स्वादिष्ट देसी व्यंजन

**जबलपुर।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग तहसील बरगी के तत्वाधान में बुधवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार की और प्रदर्शनी लगाई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कुपोषण को दूर करने के लिए सही पोषण के महत्व को समझाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बरगी विधायक नीरज सिंह थे। इस मौके पर आंगनबाड़ी सुपर वाइजर सोनम सोनी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अंजू पटेल, रीना साहू ,सुनीता यादव समेत अन्य कार्यकर्ता व सहायिका शामिल रहीं।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का भव्य शुभारंभ



**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस (17 सितम्बर) से गांधी जयंती (2 अक्टूबर) तक चलने वाले स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ जबलपुर में समारोह के साथ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन सीजीएचएस जबलपुर के अपर निदेशक डॉ. ए. के. सुधांशु द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद जयश्री बनर्जी उपस्थित रहीं, जिनका सम्मान माताजी कहकर किया गया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती रूपा बनर्जी और श्रीमती मिताली बनर्जी ने माँ सरस्वती की पूजा कर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर विकलांग सेवा भारती की सचिव मिताली बनर्जी ने नारी शक्ति और आत्मविश्वास पर प्रकाश डाला। डॉ. ध्वनि मानवटकर, डॉ. प्रियंका, डॉ. शिज्जा, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. उदया मोल, डॉ. पंकज पाटिल, डॉ. अजय चौहान सहित अन्य चिकित्सकों और कर्मचारियों ने अतिथियों का अभिनंदन किया। वरिष्ठ नागरिक संगठन और पेंशनर एसोसिएशन के सुभाष चंद्रा, काजल विश्वास, अनिल शुक्ला, के बी एस चौहान, टी के घटक, अशोक नामदेव, पुष्पा दुबे, डी के सिंह, अजय राजपूत, मनोहर लाल राजपूत, जी पी विश्वकर्मा, एम एल पटेल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## शहर की सुमिता मिश्रा बनीं बिहार चुनाव के लिए कांग्रेस की राष्ट्रीय पर्यवेक्षक



**जबलपुर।** बिहार के दो दौरे के बाद गत दिवस दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के दफ्तर में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष और कार्यसमिति मेम्बर अलका लंबा से अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवेक्षक और भागलपुर प्रभारी सुमिता मिश्रा और कान्हा मिश्रा ने मुलाकात कर चुनाव के वर्तमान हालात की रिपोर्ट प्रस्तुत की। विदित हो कि शहर की महिला नेत्री श्रीमति सुमिता मिश्रा को कांग्रेस ने बिहार चुनावों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।




## शासकीय महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ

**मझौली।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय मझौली, जिला जबलपुर में सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर को किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकगण की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता शपथ के साथ हुई, जिसमें सभी उपस्थितजन ने स्वच्छ भारत के निर्माण हेतु अपने कर्तव्यों के निर्वहन का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी प्राचार्य डॉ. भजनलाल प्रधान ने स्वच्छता ही सेवा है के विचारों के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को स्मरण करते हुए स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के प्रभारी डॉ. आमोद कस्तवार द्वारा किया गया। उन्होंने छात्रों को सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी और उन्हें उत्साहपूर्वक सहभागिता हेतु प्रेरित किया। सेवा पखवाड़ा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा।

# शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनायें नवरात्र महापर्व : एसडीएम अहके

### सिहोरा थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित

**सिहोरा।** दस दिवसीय शारदेय नवरात्र महापर्व आप सभी लोग शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में मिलजुलकर मनायें उक्ताशय के उदगार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पेन्द्र अहके ने पुलिस थाने में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में आयोजित शांति समिति की बैठक में व्यक्त किए। बैठक में उपस्थित पूर्व विधायक दिलीप दुबे, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आदित्य सिंघारिया, सीएमओ शैलेन्द्र कुमार ओझा,थाना प्रभारी विपिन सिंह,सिविल अस्पताल प्रभारी डॉ सुनील लटियार,मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से राकेश पांडे सहित अनेक अधिकारी मुख्य रुप से उपस्थित थे। बैठक में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र की अनेक समितियों ने जहां अपनी समस्याएं सभी अधिकारियों के सामने रखी वहीं दुर्गा समिति पंडाल,मंदिरों, देवी मठों के आस पास साफ सफाई, चल समारोह मार्ग सहित अन्य स्थानों पर झूल रही विद्युत लाइने सही करने, टीसी कनेक्शन, पेयजल आपूर्ति,चल समारोह मार्ग के गड्ढे भरने एंव विसर्जन स्थल पर व्यवस्थाएं सुधारने, नर्मदा जल के लिए खोदी गई सड़क सही करने सहित अनेक मुद्दे छाए रहे। आईपीएस आदित्य सिंघारिया ने कहा हर प्रतिमा में दो चार वालेंटियर रखें और उनके नाम मोबाइल नम्बर थाने में दें, पंडाल के आस पास या अंदर जुआ फड लगाने पर कार्यवाही होगी, समिति सदस्य शराब का सेवन न करें, सभी दुर्गा समितियों का ग्रुप बनेगा जो पुलिस से जुड़ा रहेगा, ऐसे नारे या गाने न लगायें जिससे अशांति भंग हो, किसी भी दुर्गा समिति में विवाद की स्थिति न बने, रात्रि 11 बजे के बाद डीजे न बजायें, त्यौहार आपका है इसलिए अपने विवेक से दुर्गा पंडाल ऐसे जगह बनायें जिससे लोगों को निकलने में परेशानी न हो। सभी लोग प्रशासन और पुलिस का सहयोग करें तथा किसी भी अप्रिय घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

**DATE OF BIRTH CORRECTION NOTICE**

I, Dinesh Khatri, S/o Jai Kishan Khatri resident of H. No 74, Opp Stemfield School, Vasundhara Colony, Baldeobagh, Jabalpur, do hereby declare that my date of birth has been incorrectly recorded as 05.01.1997 in my *10th Class Marksheet of ICSC Examination. The correct date of birth is 05.01.1998.This correction is being made to rectify the clerical error.A notarized affidavit has been submitted to this effect.

**नाम सुधार सूचना**

मैं तृप्ति वैद्य पति श्री निकष वैद्य, आयु 46 वर्ष, निवासी मकान नं. 25/1, वीर सावरकर वार्ड, संजीवनी नगर गढ़ा जबलपुर म.प्र. 482003 (आधार नंबर 8699544384836) शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ कि मैं मकान नं. 25/1, वीर सावरकर वार्ड, संजीवनी नगर गढ़ा जबलपुर म.प्र. 482003 की स्थायी निवासी हूँ , मेरा नाम अंग्रेजी में TRIPTI VAIDYA छपा है जिसके स्थान पर TRAPTI VAIDYA छापने की कृपा करें, जहाँ-जहाँ मेरा नाम TRIPTI VAIDYA दर्ज हो वहाँ-वहाँ TRAPTI VAIDYA दर्ज हो माना, समझा एवं दर्ज किया जावे।

गलत नाम
TRIPTI VAIDYA
सही नाम
TRAPTI VAIDYA

**आम सूचना**

मै राजेश कुमार छपेल पिता स्व. सोनी लाल छपेल उम्र 57 वर्ष, निवासी- 1221, मंगल पराग मैदान के पास, कछियाना, द्वारका नगर वार्ड, जबलपुर, आज दिनांक को यह घोषणा करता हूं एवं सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि, मेरा पुत्र निर्मल छपेल एवं मेरी पुत्रवधु काजल छपेल मेरे कहे अनुसार नही चल रहे है, इसलिये मै उन्हे अपनी संपूर्ण चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं, आज से लेकर भविष्य मेरी किसी भी चल-अचल संपत्ति पर मेरे पुत्र निर्मल छपेल एवं पुत्रवधु काजल छपेल का कोई भी हक-हिस्सा नही रहेगा एवं मेरे तथा मेरे परिवार का आज दिनांक से मेरे पुत्र एवं पुत्रवधु से किसी भी प्रकार का लेनदेन या रिश्ता नही है और न ही मुझे मेरे पुत्र एवं पुत्रवधु से कोई सरोकार है, आज से लेकर भविष्य में मेरे पुत्र एवं पुत्रवधु द्वारा किया जाने वाला कोई भी हक या दावा शून्य माना जावें ।

जबलपुर
दिनांक 18/09/ 2025

भवदीय
रोहित जोशी (अधिवक्ता)
मो.नं.- 7723999554
बैठक - हॉल नं. -एस1, न्यू बिल्डिंग,
जिला अधिवक्ता संघ,
जिला उच्च न्यायालय जबलपुर (म.प्र.)

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किल सलामुद्दीन पिता रियाजुद्दीन ने विक्रेता 1) श्री दिनेश कुलकर्णी, 2) श्री संजय कुलकर्णी 3) श्री राजेश कुलकर्णी 4) श्रीमति ज्योति पाठक, 5) श्री सरयु केवले, सभी के पिता स्व. श्री गजानन कुलकर्णी, से उनके मालिकना हक की संपत्ति मौजा गोहलपुर, तहसील व जिला जबलपुर स्थित भूमि प्लाट नं. 54 एवं 53 का भाग, खसरा नं. 250/7, जिसका विक्रय रकबा 640 वर्गफुट एवं खसरा नं. 250 / 9, वर्तमान खसरा नं. 250/9/3, का भाग विक्रय रकबा 640 वर्गफुट, वर्गफुट इस प्रकार दोनों खसरे से कुल विक्रय रकबा 1280 वर्गफुट भूमि व उस पर बना मकान जिसका निर्मित रकबा 756 वर्गफुट है का इस लेख के प्रकाशन के 7 दिन पश्चात विक्रय अनुबंध कर लिया जायेगा एवं शीघ्र ही उपरोक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीकरण होना है, यदि किसी व्यक्ति, बैंक अथवा किसी वितीय संस्था को इस अनुबंध से किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो वह प्रकाशन दिनांक से 7 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति प्रमाणित दस्तावेजों के सहित हमारे कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करें 7 दिनों के बाद दस्तावेजों का पंजीयन करा लिया जाएगा उसके बाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी ।

दिनांक- 19/09/2025

Advocate
Mohammad Shahrukh Khan
M.P. High Court, Jabalpur
Mob- 9752229643
Office / Residence : Ishaque market, Raddi Chowki, Shaheed Abdul Hameed Chowk, Gohalpur, JABALPUR.

## निधन

**श्री खेमचंद पासी-** गली नं. 21 सदर पासी मोहल्ला निवासी श्री खेमचंद पासी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशन लाल नामदेव-** दीनदयाल चौक के पास स्थित साईं कॉलोनी निवासी श्री किशन लाल नामदेव (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री महेंद्र पटेल-** दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री महेंद्र पटेल (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सतीश कुमार अग्रहरि-** गोपाल विहार गोपालबाग निवासी श्री सतीश कुमार अग्रहरि (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती उषा भसीन-** बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ के पास गौरीघाट रोड निवासी श्री गुलचरण लाल भसीन की धर्मपत्नी श्रीमती उषा भसीन (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मीरा-** हनुमानताल निवासी श्री पूरन लाल की धर्मपत्नी श्रीमती मीरा (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रामकुमारी देवी-** रांझी मानेगांव निवासी श्री चंद्रमा सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती रामकुमारी देवी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. मुस्कान रैकवार-** पुरानी बस्ती आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री राकेश रैकवार की पुत्री कु. मुस्कान रैकवार (15) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री परषोत्तम वर्मा-** द्वारका नगर चुंगी चौकी रोड लालमाटी निवासी श्री परषोत्तम वर्मा (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**आसमा चौधरी-** वल्दी कोरी की दफाई आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री अनिल चौधरी की अल्पायु पुत्री आसमा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भगवान दीन कोल-** अंचल नगर छुई खदान श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री भगवान दीन कोल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती छोटी बाई-** मड़ई व्हीकल निवासी श्री सुख लाल की धर्मपत्नी श्रीमती छोटी बाई (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री भोलाराम प्यासी-** नरसिंह नगर दमोह निवासी श्री भोलाराम प्यासी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती वीणा पंत-** आश्रय परिसर यादव कॉलोनी निवासी श्री कृपाल दत्त पंत की धर्मपत्नी श्रीमती वीणा पंत (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
न्यूनतम साइज 40/- प्रति कॉलम से.मी.
फिक्स साइज:- 10x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 10x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

## विद्यासागर गौशाला में पौधारोपण

**सिहोरा।** गत दिवस समाजसेवी अरुण जैन ने विद्यासागर गौशाला परिसर गोसलपुर में अनेक लोगों के साथ पौधारोपण किया तथा सिविल अस्पताल सिहोरा में मरीजों को फल वितरण किया। इस अवसर पर राकेश जैन, अनिल जैन, दिलीप जैन, दीपक दत्त दुबे, अरविंद यादव, रमेश परवानी, मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल, विधानसभा प्रभारी अनुपम सराफ, महामंत्री राजेश दाहिया, शिशिर पांडे, अभिषेक गुप्ता, मगन सोनी, विनय जैन, अधिवक्ता रमेश पटेल, अमित जैन, आजाद जैन, सुनील जैन, अंकुर जैन, बिहारी लाल रजक सहित गौशाला के कर्मवीर कार्यकर्ता उपस्थित थे।



ॐ शांति **शोक संदेश** ॐ शांति

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्यनीय पिता जी श्री टन्टू लाल वर्मन का स्वर्गवास दिनांक - 13 सितम्बर 2025, शनिवार को हो गया है। जिनकी आत्मा की शांति हेतु -

गंगाजली पूजन एवं तेरहवीं
दिनांक- 20 सितम्बर 2025, दिन शनिवार
को रखा गया है।

कृपया पधारकर ब्रम्हलीन आत्मा को शांति प्रदान करें ।

कार्यस्थल- वार्ड नं. 6, बर्मन मुहल्ला, बरेला मो. 9752756518

शोकाकुल परिवार
गुड्डा, पवन (पत्रकार), पंजू , कृष्णा विनोद वर्मन चेनू, राकेश

### सीईओ नागेश्वरन ने कहा विवाद का समाधान जल्द होगा

# अगले आठ-10 सप्ताह में शुल्क विवाद हल होने की संभावना: मुख्य आर्थिक सलाहकार

एजेंसी ⏭ कोलकाता

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने बृहस्पतिवार को उम्मीद जताई कि ऊंचे शुल्क को लेकर अमेरिका के साथ पैदा हुए विवाद का समाधान अगले आठ से दस सप्ताह में निकल सकता है। अमेरिका ने रूस से तेल खरीद को लेकर 27 अगस्त से भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगा दिया था।

इसके साथ ही भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है। नागेश्वरन ने यहां उद्योग मंडल की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, ''पर्दे के पीछे दोनों सरकारों के बीच शुल्क विवाद को लेकर बातचीत जारी है। मेरा अनुमान है कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्क का अगले आठ से दस सप्ताह में समाधान निकल आएगा।''

### दोनों देशों के संबंध में आ गया था तनाव

हालांकि, उन्होंने इस बात को लेकर आगाह किया कि शुल्क जारी रहने की स्थिति में अमेरिका को भारतीय वस्तुओं के निर्यात में गिरावट आ सकती है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क वृद्धि फैसले के बाद दोनों देशों के संबंध कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गए थे।

**27 अगस्त से भारतीय उत्पादों पर 25 फीसदी शुल्क लगा दिया**

**भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में कुल शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया**

**भारतीय वस्तुओं के निर्यात में गिरावट आ सकती है**





**जीएसटी में कटौती से उपभोक्ताओं के हाथ में आएगा पैसा**

कोविड महामारी के बाद भारत ने कई देशों की तुलना में तेज वृद्धि दर्ज की है। उन्होंने कहा कि विनिर्माण, सेवा और कृषि क्षेत्रों की प्रगति के साथ ग्रामीण मांग में मजबूती और शहरी मांग में सुधार अगले दो वर्षों में आर्थिक वृद्धि को आधार देंगे। दी गई राहत से उपभोक्ताओं के हाथ में अतिरिक्त आय बढ़ेगी।

**जीडीपी 7.8 फीसदी की दर से बढ़ी** : शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर अनुकूल संकेत मिलने के बाद हाल ही में दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर चर्चा फिर शुरू हुई है। मुख्य आर्थिक सलाहकार ने भारत को निम्न-मध्य आय वाली आकांक्षी अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा।

### एमएसएमई क्षेत्र के ऋण में हुई वृद्धि

एमएसएमई क्षेत्र को ऋण में वृद्धि हुई है और बड़ी उद्योग इकाइयों को कर्ज वितरण में संरचनात्मक बदलाव आ रहा है। उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में चालू खाते का घाटा जीडीपी का 0.2 प्रतिशत रह गया और विदेशी मुद्रा भंडार भी स्वस्थ है।

### रुपया हो रहा कमजोर

सीईओ ने कहा, ''हालांकि, डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर हो रहा है लेकिन अर्थव्यवस्था की मजबूती को देखते हुए मुझे यकीन है कि दीर्घावधि में रुपया अपने मूल्य को बनाए रखेगा और उसमें मजबूती भी आएगी।'' नागेश्वरन ने कहा कि सरकार की प्राथमिकताओं में पूंजीगत खर्च, निजी निवेश को प्रोत्साहन और विनियामक ढांचे में सुधार शामिल हैं।

### शोध पर अधिक खर्च करने का आह्वान

सीईओ ने निजी क्षेत्र से नवाचार और शोध पर अधिक खर्च करने का आह्वान किया। अर्थव्यवस्था पर कृत्रिम मेधा (एआई) के प्रभाव पर उन्होंने कहा कि इसका असर फिलहाल सीमित है लेकिन कोडिंग संबंधी नौकरियों पर दबाव रहेगा। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में लोगों को अपना कौशल बढ़ाना होगा।

- डेक्कन गोल्ड माइन्स बड़े पैमाने पर जल्द खनन करेगी

# आंध्र में भारत की पहली बड़ी निजी स्वर्ण खदान में जल्द उत्पादन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



डेक्कन गोल्ड माइन्स लिमिटेड के एक शीर्ष अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि आंध्र प्रदेश में भारत की पहली बड़ी निजी सोने की खान जल्द ही पूर्ण पैमाने पर उत्पादन शुरू कर देगी। यह घटनाक्रम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत वर्तमान में हर साल लगभग 1,000 टन सोना आयात करता है। तेल के बाद भारत सोने का सबसे बड़ा आयातक है। डेक्कन गोल्ड माइंस लिमिटेड (डीजीएमएल), जो बीएसई में सूचीबद्ध पहली और एकमात्र स्वर्ण अन्वेषण कंपनी है, की जियोमाइसोर सर्विसेज इंडिया लिमिटेड में हिस्सेदारी है, जो आंध्र प्रदेश के जोनागिरी में निजी क्षेत्र की पहली स्वर्ण खदान विकसित कर रही है। अधिकारी ने कहा कि जोनागिरी स्वर्ण परियोजना को जून और जुलाई के महीनों में पर्यावरण मंजूरी मिल गई है और राज्य सरकारों से भी मंजूरी मांगी गई है। डेक्कन गोल्ड माइंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हनुमा प्रसाद ने सीआईआई इंडिया माइनिंग समिट 2025 के अवसर पर कहा, ''परियोजना का स्थिरीकरण जारी है... अभी केवल संयंत्र की तकनीक पर काम चल रहा है... पूर्ण पैमाने पर उत्पादन बहुत जल्द शुरू होगा।'' एमडी ने कहा कि पूर्ण पैमाने पर उत्पादन शुरू होने के बाद, इस परियोजना से प्रति वर्ष लगभग 750 किलोग्राम सोने का उत्पादन होने की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि दो से तीन वर्षों के भीतर इसे बढ़ाकर 1,000 टन कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया, ''आज भारत में सोने का उत्पादन 1.5 टन है... हमारी खदान शुरू होने के बाद, लगभग एक टन और उत्पादन बढ़ जाएगा।'' यह सोने की खदान आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में तुग्गली मंडलम के अंतर्गत जोन्नागिरी, एर्रागुडी और पगादिरायी गांवों के पास स्थित है। डीजीएमएल की स्थापना वर्ष 2003 में अन्वेषण और खनन क्षेत्र में गहरी पैठ रखने वाले प्रवर्तकों द्वारा की गई थी। डीजीएमएल भारत और विदेशों में सोने की अन्वेषण गतिविधियों में शामिल रहा है।

## खबर संक्षेप

### कमजोर मांग से सोना 600 रुपए टूटा, चांदी मजबूत



**नई दिल्ली।** स्थानीय मांग कमजोर होने से बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 600 रुपए गिरकर 1,13,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबार में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,13,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### रुपया 28 पैसे टूटकर 88.13 प्रति डॉलर



**मुंबई।** फेडरल रिजर्व के सख्त रुख और डॉलर में तेजी के कारण बृहस्पतिवार को रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 28 पैसे टूटकर 88.13 पर बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के दृष्टिकोण का आकलन किया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने उम्मीद के मुताबिक ब्याज दरों में एक चौथाई अंक की कमी की और संकेत दिया कि वह शेष वर्ष के लिए उधारी लागत में लगातार कमी करेगा।

### भारत ने मालदीव के बांड की समयसीमा बढ़ाई



**माले।** भारतीय उच्चायोग ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि भारत ने आपातकालीन वित्तीय सहायता के रूप में मालदीव के पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर के सरकारी बॉन्ड को एक और वर्ष के लिए आगे बढ़ा दिया है। मालदीव सरकार के अनुरोध पर पांच करोड़ अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल (टी-बिल) के पुनर्भुगतान की समयसीमा एक बार फिर बढ़ा दी गई है।

### जारो एजुकेशन लाएगा 23 सितंबर को निर्गम

**नई दिल्ली।** जारो इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एंड रिसर्च (जारो एजुकेशन) ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपने आईपीओ के जरिये 450 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी का आईपीओ 23 सितंबर को खुलेगा। कंपनी ने कहा कि उसने अपने आईपीओ के लिए 846 से 890 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी आईपीओ के तहत 170 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी और प्रवर्तक संजय नामदेव सालुंखे द्वारा 280 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी। आईपीओ 25 सितंबर को बंद होगा। नए निर्गम में से प्राप्त राशि में से 81 करोड़ रुपये विपणन, ब्रांड निर्माण और विज्ञापन गतिविधियों के लिए, 45 करोड़ रुपये कर्ज के भुगतान के लिए और बाकी सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए निर्धारित किए गए हैं।

- अमेरिकी कंपनी ने धन की हेराफेरी का आरोप लगाया था
- नियामक ने मामले में कोई उल्लंघन नहीं पाया

# सेबी ने हिंडनबर्ग के आरोपों से अदाणी समूह, गौतम अदाणी को बरी किया

एजेंसी ⏭ मुंबई



बाजार नियामक सेबी ने बृहस्पतिवार को अदाणी समूह और उसके चेयरमैन गौतम अदाणी पर हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों से बरी कर दिया। अमेरिकी कंपनी ने संबंधित पक्ष लेनदेन को छिपाने के लिए तीन इकाइयों के माध्यम से धन की हेराफेरी का आरोप लगाया था। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बार्ड (सेबी) ने दो अलग-अलग आदेशों में कहा कि नियामक ने मामले में कोई उल्लंघन नहीं पाया। उसने कहा कि यह देखते हुए कि उस समय असंबंधित पक्षों के साथ इस तरह के लेन-देन संबंधित पक्ष सौदे के रूप में पात्र नहीं थे।

**हिंडनबर्ग ने जनवरी 2023 में लगाया था आरोप**

*हिंडनबर्ग ने जनवरी, 2023 में आरोप लगाया था कि अदाणी समूह ने तीन कंपनियों... एडिकॉर्प एंटरप्राइजेज, माइलस्टोन ट्रेडलिंक्स और रेहवर इन्फ्रास्ट्रक्चर... का इस्तेमाल अदाणी समूह की कंपनियों के बीच पैसा भेजने के लिए माध्यम के रूप में किया। यह दावा किया गया था कि इससे अदाणी को संबंधित पक्ष लेनदेन के नियमों से बचने में मदद मिली, जिससे संभवतः निवेशकों को गुमराह किया गया।*

# ईपीएफओ पोर्टल पर अब सभी जरूरी सेवाएं मिलेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ के सात करोड़ से अधिक अंशधारकों को अब एक ही पोर्टल पर सभी प्रमुख सेवाओं और अपने खाते से जुड़ी जानकारियां एकल लॉगिन के जरिये मिल जाएंगी। श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मांडविया ने कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने सदस्यों को अधिक पारदर्शी, सरल और उपयोगकर्ता अनुकूल सेवाएं देने के लिए कई सुधार किए हैं। अब तक सदस्यों को पासबुक पोर्टल पर अलग से लॉगिन कर अंशदान एवं निकासी का विवरण देखना पड़ता था। लेकिन अब नए 'पासबुक लाइट' फीचर को सदस्य पोर्टल पर ही शामिल कर दिया गया है। इस सुविधा से अंशधारक ईपीएफइंडिया के यूनिफाइड पोर्टल पर ही सीधे जाकर अपने अंशदान, निकासी और शेष राशि का संक्षिप्त विवरण देख सकेंगे। इसके लिए उन्हें पासबुक पोर्टल पर अलग से लॉगिन करने की जरूरत नहीं होगी। मांडविया ने कहा कि एकल लॉगिन की सुविधा से न केवल उपयोगकर्ता अनुभव बेहतर होगा बल्कि पासबुक पोर्टल पर दबाव घटेगा और तकनीकी संरचना भी आसान होगी। श्रम मंत्री ने कहा कि भविष्य निधि (पीएफ) के स्थानांतरण में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए 'एनेक्सचर-के' (ट्रांसफर सर्टिफिकेट) को भी अब ऑनलाइन डाउनलोड करने योग्य बना दिया गया है। अब तक कर्मचारी के नौकरी बदलने पर यह सर्टिफिकेट केवल पीएफ कार्यालयों के बीच साझा होता था और अंशधारक को अनुरोध करने पर ही मिलता था।

# फेड के रेट कटौती से शेयर बाजार में तेजी सेंसेक्स 320 अंक चढ़ा

एजेंसी ⏭ मुंबई



- अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने नीतिगत दर में 0.25 फीसदी की कटौती की
- एक समय सेंसेक्स 447 अंक तक चढ़ गया था

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 320 अंक चढ़कर 83,000 अंक के पार पहुंच गया। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कमी और इस साल दो और कटौती के संकेत से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 320.25 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,013.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 447.5 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 93.35 अंक यानी 0.37 प्रतिशत चढ़कर 25,423.60 अंक पर पहुंच गया। औषधि, आईटी और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई, जबकि रियल्टी और ऊर्जा शेयरों में नरमी रही। विश्लेषकों ने कहा कि बाजार धारणा को मुख्य रूप से अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती के फैसले से समर्थन मिला।

### एशियाई बाजार में मिला-जुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की बढ़त में रहे, जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के काराबार में तेजी का रुख था। बुधवार को अमेरिकी बाजार मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे।


**मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित**
कार्यालय महाप्रबंधक (संपदा/निर्माण), संभाग क्रमांक-01
पंचानन भवन, द्वितीय तल, मालवीय नगर, भोपाल (म.प्र.)
E-mail : laghubpl01 @gmail.com, laghubpl2@gmail.com
दूरभाष क्रमांक : 0755-2673196
क्र.: लउनि/निर्माण/संभाग भोपाल/2025-26/2690 भोपाल, दिनांक : 17.09.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न कार्यों की निविदा ई-टेण्डरिंग पद्धति से वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की जाती हैं :- **भोपाल संभाग क्र. 01, निविदा क्रमांक 33,** कार्य का नाम- **1.औद्योगिक क्षेत्र पगारियाराम तहसील आष्टा जिला सीहोर में** बाह्य विद्युतीकरण अंतर्गत 5 एम.व्ही.ए. सबस्टेशन स्थापना, 33 केव्ही. लाइन, 11 केव्ही. लाइन का कार्य, अनुमानित लागत राशि रु. 3,53,60,767/-। 2. **औद्योगिक क्षेत्र परवलिया सड़क रातीबड़ तहसील हुजूर जिला भोपाल में** बाह्य विद्युतीकरण अंतर्गत 200 केव्ही. डी.टी.आर., 11 केव्ही. लाइन एच.बी. पोल (कवर्ड कन्डर) का कार्य, अनुमानित लागत राशि रु. 68,94,972/-। भोपाल संभाग क्र. 02, निविदा क्रमांक 34, कार्य का नाम- **1. औद्योगिक क्षेत्र खुर्सीपार तहसील छपारा जिला सिवनी में** बाह्य विद्युतीकरण अंतर्गत 5 एम.व्ही.ए. सबस्टेशन स्थापना, 33 केव्ही. लाइन, 11 केव्ही. लाइन का कार्य, अनुमानित लागत राशि रु. 4,73,85,216/-। **2. औद्योगिक क्षेत्र बगासपुर तहसील श्रीधाम जिला नरसिंहपुर में** बाह्य विद्युतीकरण अंतर्गत 5 एम.व्ही.ए. सबस्टेशन स्थापना, 33 केव्ही. लाइन, 11 केव्ही. लाइन का कार्य, अनुमानित लागत राशि रु. 1,79,63,152/-। **3. औद्योगिक क्षेत्र रीठौर तहसील खुरई जिला सागर में** बाह्य विद्युतीकरण अंतर्गत 5 एम.व्ही.ए. सबस्टेशन स्थापना, 33 केव्ही. लाइन, 11 केव्ही. लाइन का कार्य, अनुमानित लागत राशि रु. 3,10,70,545/-। निविदाओं की समस्त जानकारी उक्त वेबसाइट पर दी जावेंगी। निविदाओं में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है, तो वह उपरोक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित है।

म.प्र. माध्यम/122149/2025 महाप्रबंधक (सं./नि.)



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**यात्री टिकट सुविधा केन्द्र (YTSK) की नियुक्ति**

अधिसूचना क्र.: NGP/COM/YTSK/Tender दिनांक: 10.09.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल, आरक्षित और अनारक्षित टिकट जारी करने के लिए नागपुर मंडल के **14 स्टेशनों यानी NSCB इतवारी, कामठी, भंडारा रोड, तुमसर रोड, तिरोडा, गोंदिया, आमगांव, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, चांदा फोर्ट, सावनेर, छिंदवाड़ा, सिवनी और बालाघाट** पर निजी भागीदारी के माध्यम से यात्री टिकट सुविधा केंद्र (YTSK) की स्थापना और संचालन के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

भारतीय रेलवे के रेल यात्रा सेवा एजेंट (RTSA), रेल यात्रा एजेंट (RTA), खुदरा सेवा प्रदाता (RSP), जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक (JTBS) और भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (IRCTC) द्वारा नियुक्त टिकटिंग एजेंट सहित सभी अधिकृत रेलवे टिकटिंग एजेंट, जिन्होंने कम से कम दो (02) वर्षों तक काम किया है/कर रहे हैं, YTSK योजना के अंतर्गत पात्र हैं। YTSK को अतिरिक्त स्थान रखने की अनुमति दी जा सकती है। हालाँकि, प्रत्येक स्थान को एक अलग समझौते के साथ नए प्रस्ताव के रूप में माना जा सकता है और सभी आवश्यक शुल्क अलग से भुगतान किए जाने होंगे।

**कार्य का विवरण:** नागपुर मंडल पर आरक्षित और अनारक्षित रेल टिकट जारी करने के लिए यात्री टिकट सुविधा केंद्र (YTSK) के चयन और स्थापना के लिए निविदा अधिसूचना।

**अनुबंध की अवधि:** तीन (03) वर्ष **। निविदा प्रपत्र लागत:** ₹ 1000/- + ₹ 180/- = ₹ 1180/-

**महत्वपूर्ण तिथियाँ: निविदा प्रपत्र जारी करने की शुरुआत:** दिनांक **16.09.2025 । निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि और समय:** दिनांक **17.09.2025** को सुबह **11:00** बजे से **16.10.2025** को दोपहर **15:00** बजे तक **। निविदा बॉक्स बंद करने की तिथि और समय:** दिनांक **16.10.2025** को दोपहर **15:00** बजे **। निविदाएँ खोलने की तिथि और समय:** दिनांक **16.10.2025** को दोपहर **15:30** बजे।

**नोट:** यदि अंतिम तिथि को सरकारी अवकाश हो या किसी कारणवश अवकाश घोषित किया जाता है, तो निविदाएँ अगले कार्यदिवस पर खोली जाएँगी।

निविदा प्रपत्र एक सीलबंद लिफाफे में जमा किया जाना चाहिए, जिस पर **'यात्री टिकट सुविधा केंद्र (YTSK) के संचालन के लिए आवेदन'** लिखा होना चाहिए और इसे वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, डीआरएम कार्यालय, किंग्सवे, नागपुर, महाराष्ट्र - 440001 के कार्यालय में रखे गए सीलबंद निविदा बॉक्स में डाला जाना चाहिए।

आवेदक को आवेदन पत्र के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत / अनुसूचित बैंक से **₹ 1000/- (एक हजार रुपये मात्र)** का डिमांड ड्राफ्ट, F.A. & C.A.O., एस.ई.सी. रेलवे के पक्ष में, नागपुर में देय, आवेदन पत्र के साथ जमा करना होगा, अन्यथा निविदा को प्रभावी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।

रेलवे प्रशासन बिना कोई कारण बताए आवेदन / अनुबंध को रद्द करने या किसी या सभी आवेदन / अनुबंध को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर PC/25-123



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग क्रमांक - 1 छिन्दवाडा**
email-eereschhindwara2@mp.gov.in
क्रमांक/1462/निविदा./ग्रायांसेवा/2025 छिंदवाड़ा दिनांक 15/09/2025

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 01/2025-26**

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रमांक 01 छिन्दवाडा के अंतर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से सिविल निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की दिनांक 11.04.2022 से प्रभावशीलदर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) प्रतिशत दर पर तालिका के कॉलम क्रमांक 5 में अंकित पीएसी अनुसार 02 लिफाफा पद्धति में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा निविदा प्रपत्र एपेंडिक्स 2.10 में निर्धारिततिथि (Key Date) अनुसार आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा संशोधन से संबंधित जानकारियां आनलाईन देखी जा सकती है। पृथक से प्रकाशित नही की जाएगी। विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र | सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का नाम | विकास खण्ड | निविदा लागत (पी.ए.सी) लाख में | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा का प्रपत्र मूल्य | समयावधि वर्षाकाल सहित | आमंत्रण क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_RES _451909 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल भैसादण्ड में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य ग्राम | छिन्दवाडा | 12.31 | 24620.00 | 2000.00 | 3 माह | प्रथम |
| 2 | 2025_RES _451910 | खेल मैदान निर्माण कार्य शासकीय कन्या शाला महारानी लक्ष्मीबाई हायर सेकेण्डरी स्कूल छिन्दवाडा | छिन्दवाडा | 4.11 | 8220.00 | 2000.00 | 2 माह | प्रथम |

**निविदा संबंधी तिथियाँ (Key Dates):-**

(1) Date of Publishing of Tender / Document Download /Sale Start Date - 25.09.2025 (11:00 AM)
(2) Technical Bid Submission & Date - 06.10.2025 (06:00 PM)
(4) Bid Openning Date - 08.10.2025 (11:00 AM)

कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रं.-01 छिंदवाड़ा

G-18810/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"



**खंड 1**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**मध्य प्रदेश शासन कार्यालय सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी मध्य प्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 2025MPFD_452114_1 / ई-टेंडरिंग / 2025-26 दिनांक 16/09/2025

1. वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमंडल डिण्डौरी द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित 2022 ) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | स्पेशिफिकेशन | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | PRCC Fencing Poles Height 2.0 M | **PRE STRESSED RCC FENCING POLES Type** - Straight **Length** - 2.00 Meter, **Dimensions**- 10x10 cm square. **Cement Concrete Mix** -Concrete mix shall be conforming to grade M-15 of IS:456:2000. **Reinforcement -** There Shall be 4 Nos. of Vertical reinforcement of high tesile steel wire of 4mm dia. **Holes & Hooks -** 6 nos., bottom hole should be provided 50 cm above the bottom of the poles, The central distance betbeen the top and bottom holes shall be equally divided for remaining holes. J Hook shall be of 6mm dia MS Bar wth proper threads at one end and nut and washer for tightening purpose. These J bolts shall be pass through the holes of poles. **Manufacturing** - In order to ensure desired compressive strength. RCC fencing poles should be compacted with the help of platform vibrators, Surface should be uniform and free from voids. The concrete cover over the reinforcement should not be less than 1.5 cm. **Standard -** Conforming to Is 4996:1984 with up to date amendments. | 115000/- | 5000000/- |

❖ निविदा दस्तावेज से संबधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। ❖ इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 16/09/2025 Time 06:00 PM बजे से दिनांक 06/10/2025 Time 06:00 PM बजे तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते है । ❖ ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्त्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी। ❖ निविदा पूर्व बैठक दिनांक 29/09/2025 समय 04:00 PM को डिण्डौरी सामान्य वनमण्डल कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं या वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाग ले सकते हैं। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होंने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे हैं। ❖ ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं। ❖ ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल: https://www.mptenders.gov.in/

वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमण्डल डिण्डौरी

G-18826/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"



**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि./यां.) संभाग क्रमांक - 2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.) -482056**
Email ID-eeemdv2bargidam@gmail.com
**निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन**

निम्न कार्य की ऑन लाइन निविदा प्रतिशत दर (अपेडिक्स 2.10) ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

| निविदा क्र. | ई. निविदा क्र | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू. में) | धरोवर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 76 / तक. 2025-26 दिनांक 12.09.2025 (प्रथम आमंत्रण) | 2025-NVDA-451795-1 | रा.अ. बा. लो. सा. परि के दांया पार्श्व गैलरी में ओ.सी.बी. रूम से ब्लाक क्र. 26 तक की 185 Sqmm. आर्मड केबल बदलने का कार्य । | 4,17,528.00 (रुपए चार लाख सत्तरह हजार पांच सौ अठ्ठाबिस) मात्र | 8351.00 (रू. आठ हजार तीन सौ इक्यावन मात्र | 2000.00 (रु. दो हजार ) मात्र | 1.प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत 2.म.प्र. मुख्य विद्युत निरीक्षक द्वारा जारी 'अ' श्रेणी का लाइसेंस । | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 77 / तक. 2025-26 दिनांक 12.09.2025 (प्रथम आमंत्रण) | 2025-NVDA-451812-1 | बरगी हिल्स स्थित कालोनी की जल प्रदाय व्यवस्था में लगी हुई 2 ", 3" & 4" ड़ाया जी. आई. पाइप लाईन का सुधार कार्य । | 80,620.00 (रूपये अस्सी हजार छः सौ बीस मात्र) | 1612.00 (रू. एक हजार छः सौ बारह) | 1000.00 (रु. एक हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 78 / तक. 2025-26 दिनांक 12.09.2025 (प्रथम आमंत्रण) | 2025-NVDA-451815-1 | रा.अ. बा. लो. सा. परि. के बांया पार्श्व गैलरी में 40 एच.पी. मोटर पम्प का सुधार कार्य । | 95078.00 (रुपए पंचानवे हजार अठत्तर मात्र | 1902.00 ( रु. एक हजार नौ सौ दो) मात्र | 1000.00 (रु. एक हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 79 / तक. 2025-26 दिनांक - 12.09.2025 (प्रथम आमंत्रण) | 2025-NVDA-451836-1 | बरगी नगर स्थित वि. /यां संभाग क्र. 02 के संभागीय कार्यालय भवन के मरम्मत का कार्य । | 297500.00 (रुपए दो लाख सन्तानवे हजार पांच सौ) मात्र | 5950.00 (रू. पांच हजार नौ सौ पचास ) मात्र | 2000.00 (रु. दो हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 80 / तक. 2025-26 दिनांक - 12.09.2025 (प्रथम आमंत्रण) | 2025-NVDA-451839-1 | बरगी नगर कॉलोनी में जल प्रदाय व्यवस्था में लगी 3" डाया जी.आई. 451839-1 पाईप लाईन का सुधार कार्य । | 77824.00 (रुपए सत्तत्तर हजार आठ सौ चौबीस) मात्र | 1556.00 (रू. एक हजार पांच सौ छप्पन) | 1000.00 (रु. एक हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| | | कुल योग रू. | 9,68,550.00 | | | | |

निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि अंतिम : 06/10/2025, 17:30 तक (केवल आनलाइन),
प्राइज बीड जमा करने की तिथि अंतिम : 06/10/2025, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 08/10/2025, 10:30 से 08/10/2025 17:30 तक (केवल आनलाइन)
प्राइज बीड खुलने की तिथि : 08/10/2025, 10:31 से 08/10/2025, 17:30 तक (केवल आनलाइन)
निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑन लाइन क्रय किया जा सकता है ऑन लाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता है। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

(शैलेन्द्र राठौर) कार्यपालन यंत्री, नर्मदा विकास (वि./यॉ.) संभाग क्रमांक-2 बरगीनगर, जबलपुर (म. प्र.)

G-18796/25 "स्वच्छता ही सेवा"

## चिंतन

# पाकिस्तान को लेकर हमेशा सतर्क रहने की जरूरत

पाकिस्तान हर संभव प्रयास कर रहा है कि किसी भी ढंग से भारत को घेरा जा सके। ऑपरेशन सिंदूर में बुरी गत बनने के बाद उसकी सक्रियता और ज्यादा बढ़ गई है। वो कभी अमेरिका की जी हुजूरी करता है तो कभी बांग्लादेश को अपने पक्ष में करने की जुगत भिड़ाता है। महज कुछ ही दिन पहले मुस्लिम देशों को नाटो जैसा संगठन बनाने की वकालत करने वाले पाकिस्तान ने अब सऊदी अरब के साथ रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत किसी एक पर कोई भी हमला दोनों पर हमला माना जाएगा। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच डिफेंस कॉर्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा। समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जाएगा। इसमें जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है। वैसे तो सऊदी अरब और पाकिस्तान पुराने दोस्त हैं। सऊदी अरब को पाकिस्तान का एटीएम भी कहा जाता है। पाक जब भी कंगाली की हालत में होता है, सबसे पहले सऊदी अरब के सामने ही हाथ फैलाता है। यह रक्षा समझौता ऐसे समय हुआ है, जब खाड़ी के अरब देश लंबे समय के सुरक्षा गारंटर के रूप में अमेरिका की विश्वनीयता पर संदेह जता रहे हैं। पिछले हफ्ते कतर पर इजरायली हमले ने इन देशों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। जिस वक्त इस रक्षा समझौते पर साइन किए जा रहे थे, तब पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसीम मुनीर भी वहां मौजूद थे। आपरेशन सिंदूर के बाद मुनीर को पाकिस्तान का सबसे शक्तिशाली इंसान माना जा रहा है और वो लगातार इस समझौते को करवाने की कोशिशों में जुटे थे। क्योंकि वह जानते हैं कि भारत को उनकी सेना अकेले दम पर हराना तो बहुत दूर की बात है, मुकाबले में खड़ी भी नहीं हो सकती। आपरेशन सिंदूर के दौरान महज 48 घंटे में ही उसे युद्ध रोकने की गुहार लगानी पड़ी थी। इसीलिए वो एक ऐसे मजबूत कंधे की तलाश में थे, जिसके सहारे भारत के कोप से बचा जा सके। भारत के साथ-साथ इस समझौते को कतर में किए गए इजरायली हमले को भी कारण माना जा रहा है। 14 सितंबर को दोहा में मुस्लिम देशों के कई नेता इजरायल के खिलाफ एक खास बैठक के लिए इकट्ठा हुए थे। यहां पाकिस्तान ने सभी इस्लामी देशों को नाटो जैसी जॉइंट फोर्स बनाने का सुझाव दिया था। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार ने एक जॉइंट डिफेंस फोर्स बनाने की संभावना का जिक्र करते हुए कहा था कि न्यूक्लियर पावर पाकिस्तान इस्लामिक समुदाय के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएगा। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुए इस समझौते के पीछे तात्कालिक क्षेत्रीय तनाव तो हैं ही, इसके साथ ही मुख्य प्रावधान किसी एक पर हमले को दोनों पर हमला मानना, औपचारिक गठबंधन संधियों में दी जाने वाली सुरक्षा गारंटी जैसा है। सऊदी अरब के लिए, यह अपनी सुरक्षा को मजबूत करने के एक कदम का संकेत है। वहीं, पाकिस्तान को डर है कि भारत आतंकवाद के पोषक पाकिस्तान को सबक सिखाने से चूकने वाला नहीं है। पाक अब सऊदी को ढाल के रूप में इस्तेमाल भी करेगा। महत्वपूर्ण बात यह है कि पाक परमाणु शक्ति भी है, जिसकी विदेश नीति दबाव में तुरंत पलट सकती है। क्योंकि उसकी माली हालत अच्छी नहीं है। वो आर्थिक सहायता के बदले कुछ भी कर सकता है। हालांकि, पाकिस्तान सीधे तौर पर इजरायल या भारत पर हमले की हिमाकत शायद ही करे, क्योंकि वो अच्छी तरह से जानता है कि उसका परिणाम क्या होने वाला है। फिर भी भारत को हमेशा सतर्क रहना होगा। क्योंकि पाक एक जहरीले सांप की तरह है, जिस पर कतई भरोसा नहीं किया जा सकता।



विश्लेषण
राज कुमार सिंह

# 'वैश्विक गांव' का बिखरता सपना

> ब्रिटेन के लाखों मूल निवासी पिछले दिनों 'यूनाइट द किंगडम' के नारों के साथ प्रवासियों के विरुद्ध रैली निकालते नजर आए तो संदेश साफ है कि विश्व को एक गांव के रूप में देखने-दिखाने के सपने बिखरने लगे हैं। पिछली शताब्दी के अंतिम दशक में आर्थिक उदारीकरण के नाम पर वैश्विक गांव का नारा दिया गया था। तमाम देशों ने अर्थव्यवस्था ही नहीं, सोच-समझ की दृष्टि से भी अपने खिड़की-दरवाजे पूरी दुनिया के लिए खोल दिए। सत्ता राजनीति अपनी सुविधा के लिए इस तथ्य को छिपा जाती है कि कम वेतन पर स्थानीय पेशेवर न मिलने अथवा उतने कुशल स्थानीय पेशेवर न मिलने से ही प्रवासी पेशेवरों को इन देशों की कंपनियां नौकरी देती हैं, न कि धर्मार्थ भाव से।

कहावत है कि एक समय ब्रिटिश सत्ता में सूरज कभी नहीं डूबता था, अब उसी ब्रिटेन के लाखों मूल निवासी पिछले दिनों 'यूनाइट द किंगडम' के नारों के साथ प्रवासियों के विरुद्ध रैली निकालते नजर आए तो संदेश साफ है कि विश्व को एक गांव के रूप में देखने-दिखाने के सपने बिखरने लगे हैं। पिछली शताब्दी के अंतिम दशक में आर्थिक उदारीकरण के नाम पर वैश्विक गांव का नारा दिया गया था। भारत समेत तमाम देशों ने अर्थव्यवस्था ही नहीं, सोच और समझ की दृष्टि से भी अपने खिड़की-दरवाजे पूरी दुनिया के लिए खोल दिए। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की शर्तों के दबाव में आर्थिक उदारीकरण को गति मिली, लेकिन सभी जानते हैं कि उसके मूल में अपने उत्पादों के लिए दुनिया भर के बाजार हासिल करने की अमेरिकी रणनीति काम कर रही थी। इसलिए भी, अमेरिका के वैचारिक विरोधियों ने अर्थव्यवस्था के उस उदारीकरण और वैश्वीकरण का विरोध किया।

कुछ परंपरागत क्षेत्रों पर नकारात्मक असर के अलावा उससे लाभ भी मिला, लेकिन साढ़े तीन दशक बाद अब विश्व व्यवस्था फिर वापस अपने-अपने दायरे में लौटने को बेताब दिख रही है। विडंबना यह कि इसकी शुरुआत भी अमेरिका से ही हुई। अमेरिका को फिर महान बनाने और अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के नारे के साथ, चार साल के अंतराल के बाद, दूसरी बार राष्ट्रपति बनने में सफल रहे डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों का भले ही अब अमेरिका में भी विरोध होने लगा हो, लेकिन 'स्थानीय बनाम प्रवासी' का मोर्चा खोलने की राजनीति यूरोप समेत दूसरे देशों में भी रंग दिखाने लगी है। ये पश्चिमी देश हर तरह के उदारीकरण के लिए जाने जाते रहे हैं। इसीलिए प्रवासियों की पसंद की सूची में ऊपर रहे हैं। प्रवासियों को वहां बेहतर जीवन स्तर मिलता है तो वे भी उनके सर्वांगीण विकास में अपना योगदान देते हैं। अब अचानक इन देशों को प्रवासी अपने मूल निवासियों और अंततः राष्ट्रीय हितों के लिए खतरा नजर आने लगे हैं। स्थानीयता और राष्ट्रवाद के नाम पर नागरिकों की भावनाएं भड़काने की राजनीति जांची-परखी है। इसलिए इसे आधार बना कर सत्ता-राजनीति की बिसात भी बिछायी जाने लगी है।

अगर अमेरिका सरीखे विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र और मजबूत अर्थव्यवस्था वाले उदार समाज में राष्ट्रवाद डोनाल्ड ट्रंप को दूसरी बार राष्ट्रपति बनवाने वाला 'ट्रंप कार्ड' बन सकता है तो फिर ब्रिटेन, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया समेत अन्य देशों के राजनेता उसे क्यों नहीं आजमाना चाहेंगे? ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में चुनाव भी होने वाले हैं। बेशक फ्रांस से लेकर ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया तक जनता के सड़कों पर उतरने के मूल में वहां की सरकारों की, जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने में नाकामी तथा महंगाई, बेरोजगारी एवं खराब कानून व्यवस्था के चलते बढ़ती जीवन की मुश्किलें ही हैं, लेकिन ट्रंप के 'ट्रंप कार्ड' के बाद तमाम समस्याओं को स्थानीय बनाम प्रवासी का मुद्दा बना कर पेश करने की राजनीति जोर पकड़ रही है।

पिछले दिनों लंदन में प्रवासी विरोधी रैली का हिंसक हो जाना बताता है कि ये भावनाएं लगातार गहरा रही हैं। बेशक आर्थिक विकास की दौड़ में किसी देश के पिछड़ जाने या आगे निकल जाने का कोई एक कारण



नहीं होता और यह अचानक भी नहीं होता, पर महंगाई-बेरोजगारी के साथ-साथ अपराधों में भी वृद्धि की तपिश झेल रहे अंग्रेजों को यह समझा पाना मुश्किल नहीं कि कभी दुनिया पर राज करने वाले ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था लगातार पिछड़ने के मूल में उस पर बढ़ता प्रवासियों का दबाव भी है। आश्चर्य नहीं कि नोजली, लॉटन और केंट के कुछ क्षेत्रों में प्रवासी विरोधी गुट सक्रिय और मुखर हो रहे हैं। कुछ दशक पहले यह कल्पना भी मुश्किल थी कि ब्रिटेन के मूल निवासी अपने ही देश में खुद को असुरक्षित महसूस करने लगेंगे, लेकिन अब राजधानी लंदन में ही कुछ 'नो-गो जोन' बन गये हैं, जहां मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में गैर मुस्लिम जाना असुरक्षित समझते हैं। ब्रिटेन की ही बात करें तो लगातार बढ़ती मुस्लिम आबादी फिलहाल प्रवासी विरोध की बड़ी वजह है। अनुमान है कि 2035 तक ब्रिटेन की कुल आबादी में मुस्लिम आबादी 25 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी।

किसी भी देश और समाज में जब आबादी का स्वरूप और संतुलन बदलता है, तो कई तरह की चुनौतियां पैदा होना स्वाभाविक है। बेहतर जीवन की चाह में विदेश जाने वाले प्रवासी भी अपनी संस्कृति को आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेजे रखना चाहते हैं। इस प्रक्रिया में वे संगठित भी होते हैं, लेकिन राष्ट्रवाद के जरिये स्थानीयता की राजनीति करने वाले उनकी सक्रियता और मुखरता को देश की मूल संस्कृति और निवासियों के लिए खतरे के रूप में पेश करते हैं।

इस्लामी संस्कृति से ले कर गाजा पर एकजुटता के प्रदर्शन तक मुस्लिम संगठनों की सक्रियता और मुखरता अंग्रेजी समाज में भविष्य के खतरे के रूप में भी रेखांकित की जा रही है। ऐसा लग सकता है कि ब्रिटेन में प्रवासी विरोध के निशाने पर मुस्लिम ही हैं, पर वास्तव में अवैध प्रवासी हर देश में समस्या बनते जा रहे हैं। अमेरिका की तरह अन्य पश्चिमी देशों में भी अवैध प्रवासियों से सख्ती से निपटने के लिए जनता का दबाव बढ़ रहा है। एक अनुमान के मुताबिक इसी साल लगभग 28 हजार अवैध प्रवासी छोटी नावों से इंग्लिश चैनल पार कर ब्रिटेन में प्रवेश कर चुके हैं। खुद को अवैध प्रवासियों के लिए धर्मशाला नहीं बनने देना किसी भी देश के लिए अच्छा नहीं माना जा सकता। बेशक जिन देशों से ये अवैध प्रवासी आते हैं, वे भी उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई का तर्कसम्मत विरोध नहीं कर सकते। जब अमेरिका ने अवैध भारतीय प्रवासी हथकड़ी-बेड़ी पहना कर भारत भेजे तो हमारे पास भी मानवीय व्यवहार का मुद्दा उठाने के अलावा कहने को ज्यादा कुछ नहीं था। इस विश्वव्यापी समस्या का चिंताजनक पहलू यह भी है कि अवैध प्रवासियों के विरुद्ध मुखर होते इस विरोध की आंच अंततः वैध प्रवासियों तक भी पहुंचेगी, क्योंकि उनके चलते मूल निवासियों के लिए रोजगार के घटते अवसरों और बढ़ती मुश्किलों की बहस शुरू हो चुकी है। बेशक पढ़ाई के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने वाले भारतीय छात्र वहां की अर्थव्यवस्था में लगभग छह अरब डॉलर का सालाना योगदान देते हैं।

ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भी भारतीय पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन कोई भी प्रवासी मूलतः अपने बेहतर जीवन के लिए ही विदेश जाता है, न कि उस देश को बेहतर बनाने में योगदान देने। हां, सत्ता राजनीति अपनी सुविधा के लिए इस तथ्य को छिपा जाती है कि कम वेतन पर स्थानीय पेशेवर न मिलने अथवा उतने कुशल स्थानीय पेशेवर न मिलने से ही प्रवासी पेशेवरों को इन देशों की कंपनियां नौकरी देती हैं, न कि धर्मार्थ भाव से। जरूरत यह भी समझने-समझाने की है कि परस्पर आदान-प्रदान से ही भविष्य की बेहतर दुनिया बनेगी, संकीर्ण सोच से नहीं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार




लवासा में देवकुंड झरना एक छिपा हुआ रत्न है। 20 फिट की ऊंचाई से गिरते हुए पानी को देख यात्री तरोताजा महसूस करते हैं। यहां पहुंचने के बाद देवकुंड पर्यटन टीम आपको कैंपिंग, ट्रेकिंग जैसी एडवेंचर एक्टिविटी के बारे में पूरी जानकारी देती है। ट्रिप को और यादगार बनाने के लिए आप यहां के गांव में छोटे-छोटे फूड स्टॉल में स्वादिष्ट खाना खा सकते हैं।

## आस्था

बाल मुकुन्द ओझा



# शक्ति भक्ति, मेलों-ठेलों और खुशियों के त्योहार

भारत त्योहारों का देश है। त्योहार देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक बुनियाद को मजबूत बनाने और समाज को जोड़ने का काम करते हैं। त्योहार जीवन में खुशियां लेकर आते हैं। विशेषकर सितम्बर और अक्टूबर का त्योहारी महीना अपने साथ कई सौगातें लेकर आता है। इस दौरान बारिश विदाई ले चुकी होती है और मौसम में बदलाव की आहट लोग महसूस करते है। इस मौसम में प्राकृतिक सौंदर्य अपने चरम पर होता है। सबसे बड़ी बात यह है कि सितम्बर माह से देश में त्योहारी मौसम की शुरुआत हो जाती है। नवरात्रि से दीपावली तक दो माह इस बार कई महत्वपूर्ण धार्मिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय पर्वों की सौगात लेकर आ रहा है। ये माह आस्था, परंपरा और भक्ति से जुड़ी अनेक शुभ तिथियों को अपने साथ लेकर आया है। यह एक के बाद एक व्रत और त्योहारों से सजा हुआ है। श्राद्ध पक्ष की समाप्ति के साथ ही 22 सितम्बर से विधिवत त्योहारी सीजन की शुरुआत हो जाएगी। इस दौरान शारदीय नवरात्रि, विजयदशमी, करवा चौथ, दीपावली, प्रदोष व्रत, शरद पूर्णिमा जैसे बड़े व्रत, त्योहार और मेले ठेले हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाये जायेंगे। दीपावली तक त्योहारी खरीदारी का माहौल रहेगा और उसके बाद शादियों का दौर बाजारों को नई रफ्तार देगा। बहरहाल यहां हम त्योहारी सीज़न की चर्चा कर रहे हैं। इस त्योहारी सीजन में एक दर्जन बड़े त्योहार और व्रत आते हैं जिसमें देशवासी उमंग और उत्साह के साथ शामिल होकर अपनी खुशियों का इजहार करते हैं। लोकमंगल के इस सीजन में बच्चे से बुजुर्ग तक खुशियां बांटते हैं और खुशहाली की कामना करते हैं। त्योहारी सीज़न की शुरुआत शारदीय नवरात्रि से हो रही है। 22 सितम्बर से शुरू हो रहे नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा के लाखों भक्त उनकी तन मन से पूजा-आराधना करते हैं ताकि उन्हें उनकी श्रद्धा का फल मां के आशीर्वाद के रूप में मिल सके। धनतेरस का पर्व शनिवार, 18 अक्टूबर 2025 को है। इस दिन भगवान धन्वंतरि और मां लक्ष्मी की पूजा होती है। इसे स्वास्थ्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। नरक चतुर्दशी का पर्व रविवार, 19 अक्टूबर को मनाया जाएगा। मान्यता है कि इस दिन भगवान कृष्ण ने नरकासुर राक्षस का वध किया था। इसे छोटी दिवाली भी कहते हैं। दिवाली सोमवार, 20 अक्टूबर को मनाई जाएगी। इस दिन मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और भगवान कुबेर की पूजा की जाती है। शाम को घरों में दीपक जलाकर अंधकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक मनाया जाता है। गोवर्धन पूजा मंगलवार, 21 अक्टूबर को है। लोग तरह-तरह के व्यंजन बनाकर भगवान को भोग लगाते हैं। भाई दूज गुरुवार, 23 अक्टूबर को है। यह दिन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को समर्पित है। बहनें अपने भाइयों को तिलक करती हैं और लंबी उम्र की कामना करती हैं। त्योहारों में लोग अपनी सामर्थ्य के मुताबिक नए कपड़े, जमीन जायदाद सोने-चांदी के सामान सहित घरेलू जरूरत के सामान खरीदते हैं। तन-मन को प्रफुल्लित करने वाला ये पर्व हमारे जीवन में हजारों खुशियां प्रदान करते हैं। त्योहार जीवन को प्रेम, बन्धुत्व और शुद्धता से जीने की सीख देता है और बुराइयों को अन्तर्मन से बाहर निकाल कर अच्छाइयों को ग्रहण करने की ताकत प्रदान करता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कड़वाहट मिटेगी तो संबंध में आएगी ताजगी



संकलित
दर्शन

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

## लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



संकलित
प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूंढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछा- दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोले देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलीं- देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोले- देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूं। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूं। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूं। इन्द्र बोले- देवी! आप असुरों के यहां निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलीं- देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहां सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इन्द्रियों को वश में कर सकते थे।

## सटाका




## आज की पाती

### नए मीटर हटाए सरकार

इलेक्ट्रानिक स्मार्ट मीटर क्या लगे, जी का जंजाल बन गए हैं। पुराने मीटर उपभोक्ताओं के लिए उपयुक्त थे और किसी को शिकायत नहीं थी। जैसे हो बिजली के नए मीटर लगे उपभोक्ताओं के दोगुने बिल आने लगे हैं। चारों तरफ त्राहि-त्राहि है। आर्थिक तंगी में बढ़े हुए बिल जैसे गरीबी में आटा गीला हो गया है। उपभोक्ता चाहते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक मीटर हटा कर पुराने मीटर ही लगाए जाएं और नए मीटर हटा कर विभाग जनहित का कार्य करे। इन नए मीटरों की न तो जनता ने मांग की थी और न इन्हें कोई चाहता है। इस कवायद से भले ही विद्युत विभाग की आय बढ़ी है, पर उपभोक्ता इस ट्रंप के से टैरिफ को नहीं सह पा रहे हैं। आशा है जनहित में विभाग और सरकार इस योजना को बंद कर अवश्य अनुगृहीत करेंगे। *- प्रदीप यदु, रायपुर*


## ट्रेंड

### एक पेड़ मां के नाम



सेवा पखवाड़े के तहत 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है बल्कि इसके प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। मेरी सभी भारतीयों से अपील है कि वे निश्चित रूप से अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाएं।
**- भूपेंद्र यादव, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री**

### मुश्किल पार करने की ताकत



बारिश की वजह से हुआ कीचड़ हो या इंसानों द्वारा बनाए गए बांध - मुझे मेरे लोगों से मिलने से कोई भी परिस्थिति नहीं रोक सकती। यह रिश्ता हर मुश्किल को पार करने की ताकत रखता हैं।
**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### कई कैदियों की रिहाई



हमारी सरकार ने आजीवन कारावास की सज़ा काट चुके कई कैदियों को कानूनी तौर पर रिहा किया है। 2011 से अब तक ऐसे 840 लोगों को रिहा किया जा चुका है। 45 और कैदियों को कानूनी तौर पर रिहा किया जा रहा है। मैं उन्हें बधाई देती हूं।
**-ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल**


### प्रभावित परिवारों से मुलाकात



आज मनाली विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गाँवों और कस्बों का दौरा कर आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। हम मिलकर पुनर्निर्माण और राहत कार्यों को पूरी ताकत से आगे बढ़ाएंगे।
**-कंगना रनौत, सांसद, भाजपा**

## करंट अफेयर

# अफगानिस्तान के कई प्रांतों में इंटरनेट सेवाएं प्रतिबंधित



अफगानिस्तान में लोगों को "अनैतिक आचरण से बचाने के लिए" तालिबान की ओर से फाइबर-ऑप्टिक इंटरनेट सेवाओं पर लगाया गया पूर्ण प्रतिबंध कई और प्रांतों में प्रभावी हो गया है। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी बलों की पूर्ण वापसी के बाद सत्ता की कमान संभालने वाले तालिबान ने पहली बार इस तरह का प्रतिबंध लागू किया है। इससे सरकारी कार्यालय, निजी क्षेत्र के दफ्तर, सार्वजनिक प्रतिष्ठान और घर वाई-फाई इंटरनेट सेवा से वंचित हो गए हैं। हालांकि, देश में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं अभी भी चालू हैं। अधिकारियों का कहना है कि "जरूरत पूरी करने के लिए" विकल्प तलाशे जा रहे हैं। उत्तरी बल्ख प्रांत ने मंगलवार को वाई-फाई इंटरनेट सेवाएं बंद होने की पुष्टि की, जबकि देश के अन्य हिस्सों में भी गंभीर व्यवधान की खबरें हैं। बृहस्पतिवार को पूर्वी और उत्तरी क्षेत्रों के अधिकारियों ने बताया कि बगलान, बदख्शान, कुंदुज, नंगरहार और तखर प्रांत में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई हैं। 'अफगानिस्तान मीडिया सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन' ने वाई-फाई इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध की निंदा की। संगठन ने कहा, 'तालिबान के शीर्ष नेता के आदेश पर उठाया गया यह कदम न केवल मुफ्त सूचनाओं और आवश्यक सेवाओं तक लाखों नागरिकों की पहुंच बाधित करता है।

## ऑफ बीट

# हमेशा जीवित रहने, अमरत्व बेचने की तैयारी में विशेषज्ञ



क्या आपको मौका मिले तो हमेशा जीवित रहने के लिए भुगतान करना चाहेंगे? सिलिकॉन वैली के कुछ अरबपति अब सिर्फ प्रौद्योगिकी संबंधी उत्पाद ही नहीं बना रहे, बल्कि उनकी नजरें 'अमरत्व' हासिल करने पर हैं। सोशल मीडिया पर स्वास्थ्य संबंधी सोच को प्रभावित करने वाले (इन्फ्लुएंसर्स) बड़ी संख्या में उपयुक्त खाद्य सामग्री, मशरूम पाउडर और अन्य कई 'तरह के आहार' को बढ़ावा दे रहे हैं जो दावा करते हैं कि वे आपकी उम्र को उलट सकते हैं या जीवनकाल को बढ़ा सकते हैं। हालांकि इनमें से अधिकांश उपायों का कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। बर्फीले स्नान (आइस बाथ), सौना, क्रायोथेरेपी और रेड लाइट थैरेपी जैसे उपाय अब तेजी से बढ़ते एक उद्योग का हिस्सा बन चुके हैं जो लंबे जीवन और युवा दिखने की चाह पर आधारित है। वैज्ञानिक साक्ष्य की बजाय मुनाफे पर ज़ोर विशेषज्ञों का कहना है कि यह उद्योग उन लोगों को लक्षित कर रहा है जो बुढ़ापे और मृत्यु से डरते हैं। हालांकि, आज तक कोई मनुष्य अमर नहीं हुआ, और न ही जैविक रूप से यह संभव है। डार्विन के सिद्धांत पर आधारित विकास प्रक्रिया जीवों को अधिक समय तक जीवित रहने की बजाय सफल प्रजनन और अनुकूलन के लिए तैयार करती है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, देवी अहिल्या बाई की परंपरा और विरासत को आगे बढ़ाएगा धार का पीएम मित्र पार्क

# मध्यप्रदेश लिख रहा विकास की नई इबारत, धार का पीएम मित्र पार्क अन्य राज्यों के लिए बनेगा नजीर

**पीएम ने की मप्र सरकार की प्रगतिशीलता, अवसर का भरपूर लाभ उठाने की उदात्त मंशा की सराहना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत सिर्फ हमारा संकल्प नहीं है, बल्कि यह भारत के सुनहरे भविष्य के निर्माण का यज्ञ है। यह यज्ञ तभी पूर्ण होगा, जब इसमें सबकी आहुति और सबका योगदान शामिल होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सबके साथ से हम सबके विकास के लिए संकल्पित हैं। पिछले 11 वर्ष जनकल्याण को समर्पित रहे। गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाना ही मेरी इष्ट-पूजा और मेरा प्रण है।

पिछले 11 साल में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी के जीवन से बाहर आए हैं, जिससे पूरे समाज को एक नया आत्मविश्वास मिला है, यही हमारा ईनाम भी है। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को पीएम मित्र पार्क का शुभारंभ करने धार जिले के बगरोदा के पास भैंसोला गांव पहुंचे थे। उन्होंने मप्र सरकार की प्रगतिशीलता और अवसर का भरपूर लाभ उठाने की उदात्त मंशा की सराहना करते हुए कहा कि धार का यह पीएम मित्र पार्क आने वाले समय में दूसरे राज्यों के लिए एक नज़ीर बनेगा। इस मौके पर कई योजनाओं का शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि मैन्युफैक्चरिंग और लॉजिस्टिक आसान होगी। इससे हमारे प्रोडक्ट सस्ते बनेंगे। किसानों और कारीगरों को अधिक लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ने पीएम मित्र पार्क के लिए प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

**पिछले 11 साल में 25 करोड़ लोग आए गरीबी से बाहर**




### पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ देश के 30 करोड़ लोगों को

प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न केन्द्रीय योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ देश के 30 करोड़ से अधिक भाई-बहनों को मिल चुका है। हमने छोटे कामगारों के हुनर को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि जो विकास में पिछड़ा है, उन्हें मुख्य धारा में लाना ही हमारी प्राथमिकता है। धार स्व. कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म स्थली भी है। 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को हमें जीवन में उतारना है। देशवासियों से प्रार्थना है कि जो भी खरीदें, वो स्वदेशी ही होना चाहिए। जो भी खरीदें, उसमें हिन्दुस्तान की मिट्टी की महक और देशवासी की ही मेहनत होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाना है। विकसित भारत का रास्ता आत्मनिर्भर भारत से होकर जाता है। इसलिए विकसित भारत के निर्माण में देश के व्यापारी भी हमारे साथ आएं।



### नया भारत किसी की परमाणु धमकी से डरने वाला नहीं: पीएम मोदी

*प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिन्होंने मां-बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, उन्हें ध्वस्त कर दिया गया है। नया भारत किसी की परमाणु धमकी से डरने वाला नहीं है। यह नया भारत है, जो दुश्मनों को घर में घुसकर मारता है।*

### हमारी नारी शक्ति राष्ट्र की प्रगति का मुख्य आधार



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी नारी शक्ति राष्ट्र की प्रगति का मुख्य आधार है। घर में मां ठीक रहे, तो पूरा घर ठीक रहता है। मां बीमार हो जाए, तो पूरे परिवार की व्यवस्थाएं चरमरा जाती हैं। इसीलिए 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान माताओं बहनों के उज्ज्वल भविष्य को समर्पित है। हमारी कोशिश है कि एक भी महिला गंभीर बीमारी का शिकार न हो। कई बीमारियों की जांच नहीं होने पर जान का खतरा हो जाता है। इन्हें शुरुआती दौर में पहचानना जरूरी है। इस अभियान में स्वास्थ्य शिविर लगाकर बीपी, शुगर, कैंसर जैसी बीमारियों की जांच की जाएगी। माताओं-बहनों ने मुझे बहुत कुछ दिया है, मुझ पर अपना आशीर्वाद बनाए रखें।

### पीएम मित्र पार्क के मॉडल और स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन



प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शित धार के पीएम मित्र पार्क का मॉडल देखा और उसकी खूबियों को जाना। साथ ही स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन भी किया। प्रधानमंत्री ने शिविर में मौजूद चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से चर्चा कर उपचार संबंधी जानकारी ली। प्रधानमंत्री को राज्यपाल पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. यादव, केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने स्वागत कर स्मृति-चिन्ह भेंट किए। प्रधानमंत्री को जनजातीय परम्परानुसार तीर-कमान भेंट किया और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव सुसज्जित वाहन से सभा-स्थल पहुंचे और उपस्थित अपार जन-समूह का अभिवादन किया।

### जनजातीय अंचल में प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन मनाना मप्र का सौभाग्य: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि मोदी अपना जन्मदिवस मप्र के जनजातीय अंचल में मना रहे हैं, और कई सौगातें लेकर आए हैं। दुनिया के सबसे लोकप्रिय नायक मोदी ने गरीब अंचल के लिए समय निकाला, यह उनके प्रेम की अभिव्यक्ति है। राजा भोज के संस्कारों से समृद्ध ऐतिहासिक नगरी धार प्रधानमंत्री मोदी के आगमन से हर्षित हो उठी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को उनके जन्मदिवस की कोटि-कोटि शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस मंगल अवसर पर मोदी के सानिध्य से मप्र धन्य हुआ है। मोदी दीर्घायु हों, निरोग रहें, उनका यश और कीर्ति बढ़ती रहे, यही कामना है।*

### बिना किसी संकोच के स्वास्थ्य शिविरों में जांच जरूर कराएं, दवाइयां भी मुफ्त मिलेंगी

*प्रधानमंत्री मोदी ने माताओं-बहनों से अपील करते हुए कहा कि वे बिना किसी संकोच के इन स्वास्थ्य शिविरों में जांच जरूर कराएं। इन सभी शिविरों में महंगी से महंगी जांच मुफ्त होगी और दवाइयां भी मुफ्त मिलेंगी। उन्होंने कहा कि नारियों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए सरकार के खजाने में कोई कमी नहीं है।*

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तेज गति से आगे बढ़ रहा है भारत: डॉ. यादव

## रक्तदान शिविर एवं पीएम मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़े के तहत बुधवार को इंदौर-भोपाल में कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने इंदौर के एमवाय अस्पताल में स्वच्छता अभियान, खजराना गणेश मंदिर के दर्शन कर परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर एवं मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उदघाटन करने के साथ भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में कहा कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर मैं भगवान महाकाल से प्रार्थना करते हुए उनकी दीर्घायु की कामना करता हूं।

जन्मदिन मनाने के तरीका प्रधानमंत्री से सीखा जा सकता है। न केक न मोमबत्ती, उन्होंने अपने जन्मदिन पर देश की आधी आबादी यानी हमारी माता-बहनों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए एक अभियान की शुरुआत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। यह भारत के बढ़ते प्रभाव का ही परिणाम है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी हमारे प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई दे रहे हैं।

भैंसोला में पीएम मित्र पार्क के भूमिपूजन ने सोने में सुहागे का काम किया है। एक समय था जब उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर में अनेक कॉटन मिलें थीं। इस पार्क के तैयार हो जाने पर हमारी कॉटन इंडस्ट्री की धाक फिर जम जाएगी।

**मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हुए शामिल**



### किसानों को रोजगार मिलेगा और फसलों को उचित दाम मिलेगा: डॉ. मोहन




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाजपा प्रदेश कार्यालय भोपाल में कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में कपास उद्योग को मध्यप्रदेश में पूरी तरह से समाप्त क दिया था। कांग्रेस राज में कपास का रकबा बहुत घट गया था। प्रधानमंत्री ने कपास उद्योग को संजीवनी देने का कार्य किया है। पीएम मित्र पार्क से धार सहित मालवा-निमाड़ के करीब छह लाख किसानों को फायदा होगा। किसानों को पीएम मित्र पार्क में रोजगार भी मिलेगा और कपास के साथ अन्य फसलों का उचित दाम भी मिलेगा।




**कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक शर्मा, पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, विधायक रामेश्वर शर्मा, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, महापौर मालती राय, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इंदौर के खजराना गणेश मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री के जीवन को प्रदर्शनी के जरिए लोगों तक पहुंचा रहे: भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर पूरे प्रदेश में सेवा पखवाड़ा शुरू हो चुका है। प्रदेशभर में स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, प्रदर्शनी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन परिचय सहित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि हमें संकल्प लेना है कि हम अपनी हर खरीदारी में स्वदेशी उत्पाद को प्राथमिकता देंगे। यह न केवल हमारे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, बल्कि देश के करोड़ों कारीगरों, मजदूरों और किसानों के जीवन में खुशहाली भी लाएगा।

### पीएम मित्र पार्क मालवा निमाड़ की दिशा और दशा बदलेगा : डॉ. सिंह




भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जन्मदिन पर धार जिले के भैंसोला में जिस पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखकर मध्यप्रदेश को सौगात दी है, वह आने वाले दिनों में मध्यप्रदेश के मालवा और निमाड़ क्षेत्र की दशा और दिशा बदलने में महती भूमिका निभाएगा। पीएम मित्र पार्क से आदिवासियों को रोजगार के साथ कपास किसानों को फायदा होगा, साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने के साथ क्षेत्र में खुशहाली आएगी। प्रधानमंत्री ने गरीब कल्याण के लिए अपना सारा जीवन लगा दिया है। प्रधानमंत्री जनता को जनार्दन मानते हैं।

## सीएम ने स्वच्छता के लिए श्रमदान कर 'स्वच्छोत्सव' का किया शुभारंभ



- *ई-वेस्ट कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना*
- *प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन को प्रदेश में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के रूप में मनाया जा रहा*

**विशेष प्रतिनिधि. भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को इंदौर के एमवाय हॉस्पिटल परिसर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ स्वच्छता के लिए श्रमदान किया। उन्होंने इस दौरान नगर निगम इंदौर के ई-वेस्ट कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को प्रदेश में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हॉस्पिटल के अंदर और बाहर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें।

उन्होंने कहा कि एमवाय अस्पताल में विकास कार्यों के लिए प्रदेश सरकार हर तरह की मदद देगी। डॉ. यादव ने उपस्थिति नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और स्वच्छता के प्रति सजग रहकर सप्ताह में 2 घंटे और वर्ष में 100 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने की सभी से अपील की। उन्होंने 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के लांचिंग लोगो का विमोचन भी किया।

### ई-वेस्ट सबसे गंभीर प्रदूषण कारक अपशिष्ट

*इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि ई-वेस्ट आज के समय में सबसे गंभीर प्रदूषण कारक अपशिष्ट है, जिसका निपटान यदि वैज्ञानिक पद्धति से न किया जाए, तो यह पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। नगर निगम इन्दौर द्वारा शहर को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के तहत ई-वेस्ट संग्रहण अभियान प्रारंभ किया गया है। इस विशेष अभियान के प्रथम चरण में निगम मुख्यालय, नेहरु पार्क स्थित इंदौर स्मार्ट सिटी ऑफिस में ई-वेस्ट ड्रॉप बॉक्स स्थापित किए गए हैं। इन ड्रॉप बॉक्स में निगम के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी घर अथवा कार्यालय से निकलने वाले अनुपयोगी एवं खराब इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जमा करेंगे।*

# प्रेम-प्रसंग में डेम में कूदा प्रेमी जोड़ा

**5 घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन**

**नदी में कूद पड़े पुलिस कर्मी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। प्रेम-प्रसंग के चलते युवक-युवती ने राताखार एनीकट डैम से छलांग लगा दी। हादसे में युवक तो टापू में फंसकर बच गया, लेकिन युवती का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

घटना का लाइव वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पुलिसकर्मी जान जोखिम में डालकर युवक को बचाने की कोशिश करते दिख रहे हैं। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, घटना राताखार एनीकट डैम में 25 फीट ऊंचाई से युवक-युवती ने छलांग लगाई। इस दौरान युवक टापू में फंस गया, जबकि युवती पानी के तेज बहाव में लापता हो गई। युवक की बाइक डैम के ऊपर खड़ी मिली। मछुआरों ने युवक को टापू में फंसा देखा तो तुरंत पुलिस और 112 को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और 112 की टीम मौके पर पहुंची। कोतवाली में पदस्थ चंद्रकांत गुप्ता और दो अन्य पुलिसकर्मी युवक को बचाने नदी में कूद पड़े। इस दौरान चंद्रकांत गुप्ता खुद तेज बहाव में फंसकर बाल-बाल बचे। एक अन्य पुलिसकर्मी ने ट्यूब फेंककर उनकी जान बचाई। हालात बिगड़ते देख नगर सेना की रेस्क्यू टीम और डीडीआरएफ की टीम मौके पर बुलाई गई। करीब 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने टापू में फंसे युवक को सुरक्षित बाहर निकाला।

## कांकेर के ग्रामीण इलाकों में पुलिस ने एक अनूठी पहल की

# आज तक माओवादी लगाते थे, अब पुलिस ने लगाए पोस्टर, माओवादियों के खिलाफ लोगों से मांगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कांकेर जिले में पुलिस ने अंदरूनी गांवों में वांछित माओवादियों के बैनर लगाकर उन पर इनाम घोषित किया है। पुलिस ने बुधवार को परलकोट क्षेत्र के अंदरूनी और माओवादी प्रभावित इलाकों में एक अनोखी पहल शुरू की। पुलिस ने यहां के गांवों और जंगलों में वांछित माओवादियों के पोस्टर और बैनर लगाए हैं, ताकि स्थानीय लोगों की मदद से इन माओवादियों को पकड़ा जा सके। इस कदम को माओवाद के खिलाफ लड़ाई में एक नया मोड़ माना जा रहा है। इन पोस्टरों में वांछित माओवादियों की तस्वीरें, उनके नाम और उन पर घोषित इनाम की जानकारी दी गई है।

साथ ही, पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर उन्हें इन माओवादियों के बारे में कोई भी जानकारी मिले, तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें। जानकारी देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। अक्सर, स्थानीय लोग माओवादियों के बारे में बहुत कुछ जानते हैं, लेकिन डर की वजह से वे पुलिस को नहीं बताते। इन पोस्टरों से न केवल उन्हें जानकारी मिलेगी, बल्कि उन्हें यह भी एहसास होगा कि उनकी मदद से इन अपराधियों को पकड़ा जा सकता है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य माओवादियों को उनके अपने गढ़ में ही कमजोर करना है। जब स्थानीय आबादी उनके खिलाफ हो जाएगी और उनके बारे में जानकारी देना शुरू कर देगी, तो उनके लिए छिपना और अपनी गतिविधियों को अंजाम देना मुश्किल हो जाएगा।



### पुलिस को सफलता की उम्मीद

यह पहला मौका नहीं है जब पुलिस ने इस तरह की रणनीति अपनाई है, लेकिन इस बार इसे और बड़े पैमाने पर और व्यवस्थित तरीके से लागू किया गया है। पुलिस को उम्मीद है कि इस पहल से उन्हें वांछित माओवादियों को पकड़ने में बड़ी सफलता मिलेगी और क्षेत्र में शांति बहाल करने में मदद मिलेगी। यह देखना बाकी है कि यह पहल कितनी प्रभावी साबित होती है, लेकिन यह साफ है कि पुलिस माओवाद के खिलाफ लड़ाई में नए और रचनात्मक तरीके अपना रही है।

### पोस्टर में पांच लाख के इनामी माओवादियों के नाम

*पुलिस द्वारा एक बैनर में माओवादी बसंती आंचल, पुष्पा हेमला, रामा कुंजाम, श्रवण मरकर, विश्वनाथ, रामको मंडावी, रानी उर्फ उमा, जानकी सोरी पर पांच-पांच लाख रुपए और मनीषा कोर्राम, जमली मंडावी, कुमारी मंगली, कमला पददा दर्रो पर एक-एक लाख का इनाम घोषित है। इसके अलावा, अन्य स्थानों पर अलग-अलग माओवादियों के नाम और इनाम का भी उल्लेख किया गया है।*

स्पेशल: बैटमैन-डे, 20 सितंबर

बच्चो, तुमने बैटमैन की कॉमिक्स पढ़ी होंगी या फिर उसकी फिल्में जरूर देखी होंगी। तुममें से कई बच्चों का तो फेवरेट कॉमिक सुपर हीरो बैटमैन होगा। दुनिया के सबसे फेमस फिक्शनल कैरेक्टर्स में से एक बैटमैन से जुड़ी कुछ अमेजिंग और इंटरेस्टिंग बातें यहां बता रहे हैं।

# इंटेलिजेंट-टेक्नोस्मार्ट वॉरियर कॉमिक सुपर हीरो बैटमैन



फिक्शनल कैरेक्टर
शिखर चंद जैन



बच्चो, तुम बैटमैन के कॉमिक्स खूब चाव से पढ़ते होगे। टीवी पर उसके कार्टून फिल्म्स या बैटमैन सीरीज की मूवीज भी देखी होंगी। तुम्हें पता है, इस सुपरहीरो कार्टून कैरेक्टर बैटमैन को याद करने के लिए एक खास दिन निश्चित किया गया है? हर साल सितंबर महीने के तीसरे शनिवार को बैटमैन-डे मनाया जाता है। इस बार बैटमैन-डे कल यानी 20 सितंबर को मनाया जाएगा। इस मौके पर जानो, बैटमैन से जुड़ी कुछ अमेजिंग-इंटरेस्टिंग बातें।

**साहसी-चतुर और टेक्नो एक्सपर्ट:** जहां अधिकतर कॉमिक सुपरहीरोज अपनी आलौकिक शक्तियों यानी सुपर नेचुरल पॉवर्स के लिए जाने जाते हैं। अपनी इन्हीं शक्तियों के दम पर वे विलेन पर जीत हासिल करते हैं। वहीं बैटमैन के पास कोई सुपर नेचुरल पॉवर नहीं है। उसका साहस, स्ट्रेटजी बनाने की स्किल, हार्ड ट्रेनिंग, बुद्धिमत्ता और टेक्नोलॉजी यूज करने की काबिलियत उसे उसके लक्ष्य तक पहुंचाती हैं और जीत दिलाती है। वह 127 मार्शल आर्ट फॉर्म्स में एक्सपर्ट है।

**86 साल पुराना कैरेक्टर:** बैटमैन को पहली बार अब से 86 साल पहले मई 1939 में डिटेक्टिव कॉमिक्स के 27वें अंक में पेश किया गया था। इसमें बैटमैन की इमेज क्रिएट की थी आर्टिस्ट बॉब केन ने और इसके लेखक थे, बिल फिंगर।

**छा गया हर ओर:** शुरुआती दिनों में तो बैटमैन को स्टोरी कॉमिक्स कैरेक्टर के रूप में पढ़ा जाता था। लेकिन कुछ ही समय में बैटमैन का कैरेक्टर इतना फेमस हुआ कि यह कॉमिक्स से आगे बढ़कर फिल्मों, टीवी शोज, वीडियो गेम्स और यहां तक कि कई सारे प्रोडक्ट्स के ब्रांड के रूप में भी दिखाई देने लगा।

**बहुत अमीर है बैटमैन:** बैटमैन का मूल नाम ब्रूस वेन है। सामान्य अवस्था में वह इसी रूप में रहता है। ब्रूस वेन को अकसर कॉमिक बुक के इतिहास में सबसे धनी पात्रों में से एक के रूप में चित्रित किया जाता है, जिसकी अनुमानित संपत्ति अरबों में है। ब्रूस वेन के इनकम का मुख्य सोर्स उसके परिवार की कंपनी वेन एंटरप्राइजेज है।

**जानता है कई भाषाएं:** बैटमैन कुल दस भाषाओं में बात कर सकता है। इनमें से सात भाषाएं वह धाराप्रवाह बोलता है। ये भाषाएं हैं- कैंटोनीज स्वाहिली, जापानी, स्पेनिश, फ्रेंच, अंग्रेजी, रूसी और इतालवी। साथ ही जर्मन और वियतनामी दो भाषाएं ठीक-ठाक और एक भाषा क्रिप्टोनियन अटक कर कामचलाऊ बोलता है।

**बैटमैन की हेल्प करते हैं रॉबिंस:** बैटमैन के कई सहायक पात्र भी हुए हैं, जिन्होंने रॉबिन की भूमिका निभाई है। जिनमें डिक ग्रेसन, जेसन टोड, टिम ड्रेक और डेमियन वेन शामिल हैं। हर रॉबिन की अपनी अनूठी कहानी है और विशेषताएं हैं।

**सीक्रेट हेडक्वार्टर है बैटकेव:** बैटमैन का गुप्त मुख्यालय यानी सीक्रेट हेडक्वार्टर बैटकेव है। यह कई तरह की सुविधाओं से युक्त है, जिसमें बैटकंप्यूटर और बैटमोबाइल जैसे कई सुपर पॉवरफुल चीजों का संग्रह शामिल है।

**बैटमैन का शहर गोथम सिटी:** उत्तरपूर्वी संयुक्त राज्य अमेरिका का एक काल्पनिक शहर है गोथम सिटी, जो डीसी कॉमिक्स द्वारा प्रकाशित अमेरिकी कॉमिक बुक्स में प्रदर्शित होने वाला प्रमुख शहर है। गोथम सिटी सुपरहीरो बैटमैन, उसके सहयोगियों और दुश्मनों के घर के रूप में जाना जाता है। गोथम को अकसर एक अंधकारमय और अपराध-ग्रस्त शहर के रूप में दर्शाया जाता है। यहां अपराध और भ्रष्टाचार होते रहते हैं।

**बैट-सिग्नल से बुलाते हैं बैटमैन को:** बैट-सिग्नल को पहली बार 1940 के दशक में गोथम सिटी पुलिस द्वारा बैटमैन को बुलाने के एक तरीके के रूप में पेश किया गया था। यह गोथम के नागरिकों के लिए आशा का प्रतीक है। जब भी बैटमैन को बुलाना होता है, बैट सिग्नल भेजा जाता है। *



## बैटमैन से जुड़ी कुछ और रोचक बातें

- बैटमैन के एक चाचा हैं, जिनका नाम फिलिप है।
- उसकी मां का नाम मार्था वेन है। इसे केन के नाम जाना जाता है।
- बैटमैन ने एक निजी जासूस हार्वे हैरिस के मार्गदर्शन में जासूस बनना सीखा।
- बैटमैन ने टेड ग्रांट (वाइल्डकैट) से मुक्केबाजी सीखी।
- बैटमैन के सूट पर कई बार इंद्रधनुषी पैटर्न बना हुआ दिखाया जाता है।
- बैटमैन का पसंदीदा व्यंजन मुलिगाटावनी सूप है।
- बैटमैन का एक 'दत्तक पुत्र' है, जिसका नाम जारो है। जारो एक जार में स्टारो (विशाल मानसिक तारामछली) का एक टुकड़ा है।

विशेष: रेड पांडा-दिवस, 20 सितंबर

बेहद क्यूट-सा दिखने वाला रेड पांडा दुनिया में कुछ ही इलाकों में पाया जाता है। इसको बचाए रखने को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए हर साल रेड पांडा दिवस मनाया जाता है। इस दिन के महत्व और इस जंतु की विशेषताओं के बारे में जानो।


# ताकि बचा रहे प्यारा अनोखा रेड पांडा

अनोखा जंतु / के.पी. सिंह



बच्चो, रेड पांडा दुनिया के सबसे खूबसूरत जंतु प्रजातियों में से एक है। इसे लेसर पांडा, फायरफॉक्स जैसे नामों से भी जाना जाता है। वनों की अंधाधुंध कटाई, अवैध शिकार करने, इनके आवास के खात्मे और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के चलते यह प्यारा-सा जंतु प्रजाति लुप्त होने के कगार पर पहुंच गया है। रेड पांडा की तेजी से कम होती संख्या को देखते हुए 'रेड पांडा नेटवर्क' संस्था द्वारा 18 सितंबर 2010 को पहली बार अंतरराष्ट्रीय रेड पांडा दिवस का आयोजन किया गया। तब से प्रत्येक वर्ष सितंबर माह के तीसरे शनिवार को अंतरराष्ट्रीय रेड पांडा दिवस मनाया जाता है।

**क्यों मनाते हैं रेड पांडा दिवस:** दुनिया भर के लोगों को रेड पांडा को बचाने का संदेश देने के लिए यह विशेष दिवस मनाया जाता है। रेड पांडा का दुनिया में अस्तित्व इसलिए जरूरी है, क्योंकि अपने पारिवारिक वर्ग में यह एकमात्र बची जीव प्रजाति है, जो जैव विविधता में इसकी अनोखी भूमिका और महत्व को दर्शाती है।



**होते हैं कई आयोजन:** रेड पांडा दिवस मनाने के लिए दुनियाभर के ऐसे चिड़ियाघरों में जहां रेड पांडा मौजूद हैं, विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस दिन रेड पांडा की देख-रेख करने वाले केयरटेकर, चिड़ियाघर घूमने आने वाले लोगों से इनके लुप्तप्राय होने के बारे में बताते हैं। लोगों को इनके महत्व को समझाते हैं कि किस तरह इनके बचाने से हमारी विविध पारिस्थितिकी तंत्र का बचाव संभव है। सोशल मीडिया में इस दिन कई तरह के अभियान चलाए जाते हैं, जैसे- हैश टैग सेव रेड पांडा, हैश टैग इंटरनेशनल रेड पांडा डे और हैश टैग आईआरपीडी आदि। पर्यावरण-जैव विविधता संरक्षण से जुड़े लोगों और संगठनों द्वारा आम लोगों को धरती पर रेड पांडा के अस्तित्व को बनाए रखने में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस मासूम जंतु प्रजाति को कैसे अवैध शिकार और व्यापार से बचाया जाए, इस बारे में भी विचार किया जाता है।

**कहां पाया जाता है रेड पांडा:** रेड पांडा मुख्य रूप से पूर्वी हिमालय के ऊंचे-घने बांस के जंगलों में पाया जाता है। यह भारत, नेपाल, चीन, म्यांमार और भूटान में खासतौर से पाया जाता है। जहां तक अपने देश में रेड पांडा की मौजूदगी का सवाल है तो ये मुख्यतः पूर्वोत्तर के हिमालयी क्षेत्रों में खासकर सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग क्षेत्र में पाया जाता है। देश में करीब 10 ऐसे नेशनल पार्क और सैंचुरी हैं, जहां रेड पांडा को संरक्षित किया गया है। इसके अलावा, दार्जिलिंग के 'फ्रोजन जू' की पहल पर रेड पांडा का डीएनए संरक्षित किया जा रहा है। इस तकनीकी पहल से भारत में रेड पांडा प्रजाति का संरक्षण लंबे समय तक के लिए किया जा सकता है। *

मजेदार किताब / चंद्रप्रकाश

# खेलगीतों का अनूठा संकलन



बच्चो, तुम कोई-न-कोई ऐसा खेल जरूर खेलते होगे, जिसे खेलते हुए गीत या जिंगल्स गाए जाते हैं। रंग-बिरंगे चित्रों से सजी-संवरी यह किताब 'गुमनाम खेलगीत' ऐसे ही खेलगीतों का अनूठा संकलन है। इस किताब में खेल-खेल में गाए जाने वाले अड़तीस छोटे-छोटे गीतों को संग्रहित किया गया है। इनमें से कई गीतों से तुम पहले से भी परिचित होगे क्योंकि तुमने भी खेलते हुए इन गीतों को कभी-न-कभी जरूर गाया होगा या गाते हुए खेल जरूर खेला होगा। कुछ तुक वाले तो कुछ बेतुके से लगने वाले, कुछ जाने-पहचाने, कुछ बिल्कुल नए-से ये खेलगीत तुम्हें खूब पसंद आएंगे। इस किताब की खास बात यह है कि इसमें संकलित इन गीतों को तुम्हारी ही उम्र के, छठी से लेकर नवीं कक्षा में पढ़ने वाले कई बच्चों ने मिलकर कलमबद्ध किया है। किताब के अंत में एक जगह उन खेलों को खेलने का तरीका भी बताया गया है, जिनके साथ ये खेलगीत गाए जाते हैं। *

**किताब:** गुमनाम खेलगीत, **लेखक:** अंकुर लेखक समूह, **चित्र:** पूजा के मेनन, **मूल्य:** 80 रुपए, **प्रकाशक:** एकलव्य फाउंडेशन, भोपाल और अंकुर सोसाइटी, दिल्ली

## हंसगुल्ले




**नैंसी:** मिनी की मम्मी को सब क्या कहकर बुलाते हैं?
**नव्या:** ये तो मुझे नहीं पता, तुम बताओ।
**नैंसी:** मिनीमम (मिनी-मम)।
-खुशबू, ईमेल से

**पापा:** गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया है, अब आगे नहीं जा सकते।
**मीकू:** कोई बात नहीं पापा ! गाड़ी को रिवर्स कर लीजिए, वापस घर चलते हैं।
-कमल, रायपुर

**सोनू:** ऐसा कौन-सा सेंटेंस है, जो हम बच्चे क्लास में सबसे ज्यादा बोलते हैं?
**मोनू:** 'मुझे नहीं पता।'
**सोनू (हंसते हुए):** हां-हां, बिल्कुल सही।
-साकेत, बिलासपुर

## जीके क्विज-171



1. एशिया कप वूमेन हॉकी 2025 का खिताब किस देश ने जीता?
2. हाल में ही नियुक्त किए गए फ्रांस के नए प्रधानमंत्री का क्या नाम है?
3. देश के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. भारत का सर्वाधिक साक्षर राज्य कौन सा है?
5. भारत के 'मिसाइल मैन' के नाम से किसे जाना जाता है?
6. किस पठार को 'संसार की छत' कहा जाता है?
7. कौन-से दो विटामिन जल में घुलनशील होते हैं?
8. नाखून में कौन सा प्रोटीन पाया जाता है?
9. भारत के किस शहर को 'ब्लू सिटी' के नाम से जाना जाता है?
10. नीली क्रांति का संबंध किस क्षेत्र से है?

बच्चो, जीके क्विज-171 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-170 का उत्तर:** 1.दूसरा, 2.टीसीए कल्याणी, 3.सी.पी. राधाकृष्णन, 4. 14 सितंबर 1949, 5. 22 भाषाओं को, 6.सिक्किम, 7.न्यूटन, 8.सिद्धार्थ, 9.शेरशाह सूरी, 10.श्रीलाल शुक्ल

**जीके क्विज-170 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, आलोक-रायपुर, आद्या परी-मानपुर, रमेश-बैकुंठपुर, अश्विनी-राजनांदगांव, माधुरी-ईमेल से, भीमशंकर-डिंडौरी, नैतिक-मानपुर, ज्योति-बैकुंठपुर, आकाश-बिलासपुर



कहानी
विमला रस्तोगी

सामने शेर आ जाए तो बड़े-बड़े डर से कांप जाते हैं, लेकिन नन्ही चैताली के घर में जब शेर आ गया, वह डरी नहीं। उसने बहुत ही साहस और समझदारी से काम लिया। खूंखार शेर पकड़ा गया। चैताली ने यह कमाल कैसे कर दिखाया?

# साहसी चैताली



कक्षा आठ में पढ़ती है चैताली। पढ़ने में अच्छी है। उसकी दो छोटी बहनें हैं- मनसा और विद्या। चैताली के पिता खेत पर काम करते हैं। मां भी साथ चली जाती हैं। समय मिलने पर चैताली भी खेतों पर चली जाती है। दिन छिपे भी खेत से अकेली लौट आती है। उसे जरा भी डर नहीं लगता। चैताली के पिता ने उसे साइकिल दिला दी है। वह पास की तहसील के बाजार में साइकिल से जाकर घर की जरूरत का सामान ले आती है। आस-पड़ोस वालों का भी सामान ला देती है।

चैताली अपनी पढ़ाई करने के साथ, अपनी दोनों छोटी बहनों को भी पढ़ाती है। आस-पास के घरों के बच्चों को भी होम वर्क करा देती है। गांव में सब उसको बहुत मानते हैं। वह सबकी मदद करने को तैयार रहती है।

चैताली के गांव में कच्चे-पक्के दोनों तरह के घर हैं। चैताली के घर के दो कमरे पक्के (सीमेंट-ईंटों से) बने हैं। खाना बरामदे में बनता है। आगे सब खुला है। बस छोटी-छोटी लकड़ियों के सहारे पौधे लगाकर चार दीवारी-सी बना ली है। एक दिन शाम होने को थी। चैताली अपनी सहेली सोनिया के साथ कमरे में बैठी बातें कर रही थी। दोनों छोटी बहनें पड़ोस में गई थीं। तभी चैताली को शेर के गुर्राने की आवाज सुनाई दी। वह एकदम चौकन्नी हो गई। सहेली को मुंह पर अंगुली रखकर चुप रहने का इशारा किया। दबे पांव बाहर आई। देखा दूसरे कमरे में शेर आ गया है। शेर का मुंह दीवार की तरफ था। चैताली ने हिम्मत से काम लिया। उसने सावधानी से कमरे की दोनों कुंडी झट से बंद कर दी। लंबी सांस ली और तुरंत वन विभाग के दफ्तर में फोन कर दिया। चैताली को पता था कि शेर आदमी से ज्यादा होशियार नहीं होता।

सोनिया को किसी से भी शेर के बारे में कुछ बताने से मना किया, लेकिन वह चैताली के घर से बाहर निकली और बाहर आकर उसने अपने घर वालों को शेर के बारे में बता दिया। सोनिया के घर वालों ने पास-पड़ोस में कह दिया। चैताली भी अपने घर के बराबर वाले मकान में आ गई। उधर गांव वाले लाठी-डंडे लेकर आ गए। चैताली ने सबके सामने आकर सबको रोका, 'आप लोग बिल्कुल शोर मत करें। पिछली बार गांव में जब शेर आया था, सबने उसका पीछा कर उसे जख्मी कर दिया। शेर खेतों में छिप गया, वन विभाग वालों को भी नहीं मिला। डर के मारे बच्चे कई दिनों तक स्कूल पढ़ने नहीं गए। बड़ी मुश्किल से वन विभाग वालों ने शेर पकड़ा।' चैताली ने आगे बताया, 'मैंने फोन कर दिया है, वन विभाग वाले आते ही होंगे।'

तभी चैताली के माता-पिता भी वहां आ गए। कभी शेर की आवाज आती, सब डर जाते लेकिन चैताली नहीं डरती। जल्द ही वन विभाग वाले आ गए। साथ में शेर को बंद करने वाला कटघरा भी लाए थे। आते ही सारे कर्मचारियों ने अपनी पोजीशन ले ली और बहुत ही सतर्कता से शेर को पिंजरे में ले लिया। पिंजरे में आकर शेर जोर-जोर दहाड़ा। अब गांव वाले नहीं डरे।

वन विभाग के अफसर ने चैताली के साहस की खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा, 'चैताली के साहस की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। अगर शेर को देखकर चैताली बस्ती में भागती, शेर उसके पीछे भागता, चैताली घायल होती या कोई गांव वाला या फिर शेर ही घायल हो जाता। पता नहीं शेर कब पकड़ा जाता। इस संकट की घड़ी में भी चैताली ने जिस धीरज, समझदारी और साहस का परिचय दिया। वह अपने आप में एक मिसाल बन गया है।'

सबने ताली बजाकर चैताली को शाबाशी दी। वह भी बहुत खुश थी। कुछ दिनों बाद तहसील में हुए कार्यक्रम में प्रशासन ने चैताली को मेडल देकर सम्मानित किया। चैताली के माता-पिता और गांव वाले सब बहुत खुश थे। *

कविता
सुरेंद्र विक्रम




# पापाजी लाए गुब्बारे

रंग-बिरंगे सजे-धजे, आंखों के लगते सचमुच तारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।
ये अपनी धुन के पक्के हैं
कभी नहीं घबराते जी।
गैस भरी हो थोड़ी भी तो
सरपट दौड़ लगाते जी।
सचमुच कभी नहीं थकते, ये चलते पांव-पसारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।
सीधे-सच्चे, मन के अच्छे
जन्मदिवस पर सजते जी।
बिल्कुल केक नहीं खाते
बस फट-फटकर बजते जी।
इतने खुश रहते मानो, बढ़कर छू लेंगे चांद-सितारे
जितने सुंदर, उतने प्यारे, पापाजी लाए गुब्बारे।

## रंग भरो-185

**रंग भरो-185** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आशना, जांजगीर



वेदिका, बालोद



इज्यान, सूरजपुर



लक्षिका, कोरबा



अदिति, बंजारी



रेयांश, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

अतुल-कवर्धा, डिंपल-दुर्ग, रवि-बिलासपुर, सानवी-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, खुशी-कोरबा

## रंग भरो 186

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में चिंटू और मिंकी स्लाइड पर फिसल रहे हैं। इस चित्र को तुम मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

